समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- |
| 58,237.85 | 17,154.30 |

तापमान
अधिकतम 32 °C
न्यूनतम 19 °C

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



अस्पतालों की ओपीडी में लंबी कतार पेज-02
केन्द्र की मदद से यूपी का बुनियादी ढांचा हुआ मजबूतः योगी पेज-03

वर्ष 10 | अंक 203 | लखनऊ, 14 मार्च मंगलवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 2.00 | www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

ऑस्कर में भारत को पहली बार दो अवॉर्ड
## नाटू-नाटू को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग, द एलिफेंट व्हिस्परर्स बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री



**लॉस एंजलिस (एजेंसी)।** 95वीं ऑस्कर सेरेमनी में पहली बार भारत को पहली बार दो अवॉर्ड मिले हैं। फिल्म आरआरआर के गाने नाटू-नाटू ने बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड जीता। वहीं, द एलिफेंट व्हिस्परर्स बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म बनी। हालांकि, डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म ऑल दैट ब्रीथ्स रेस से बाहर हो गई है। ऑस्कर अवॉर्ड में इन तीन कैटेगरी में भारत को नॉमिनेशन मिला था।

डब्ल्यूटीसी में जगह पक्की
## आखिरी टेस्ट ड्रा, भारत बना बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी चैंपियन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा व अंतिम टेस्ट सोमवार को ड्रॉ पर समाप्त हुआ। दोनों कप्तानों ने 78.1 ओवर के बाद आपसी सहमति से मैच ड्रॉ कराने का फैसला किया। भारतीय टीम ने मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2-1 से अपने नाम की। बता दें कि अहमदाबाद टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी की और पहली पारी में 480 रन बनाए। जवाब में भारत ने पहली पारी में 571 रन बनाए और पहली पारी के आधार पर 91 रन की बढ़त बनाई।

केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ दी महोबा को करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात

# हमारी सरकार गरीबों का कल्याण करने वाली सरकार





**महोबा, समृद्धि न्यूज़**

उन्नति की राह पर आगे बढ़ते उत्तर प्रदेश को नई दिशा देने के लिये दूरदर्शी केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रदेश को उन्नत राजमार्गों की सौगात दी है जिसे पिछले 6 सालों में कर्मठ मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने पूरी लगन के साथ धरातल पर उतारा है। वीरों की भूमि बुन्देलखण्ड में 3500 करोड रूपये की लागत से 9 महत्वपूर्ण राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जा रहा है।

**लोकार्पित होने वाली परियोजनाएं**

झांसी-खजुराहो खड पर 1400 करोड़ रूपये की लागत से चार लेन का निर्माण कार्य। इससे मेहर सिंगरौली-रांची औद्योगिक गलियारे और पर्यटन स्थलों जैसे झांसी, ओरछा, खजुराहो, पन्ना टाइगर रिजर्व को बेहतर कनेक्टवीटी मिलेगी। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 44 के माध्यम से यह नई दिल्ली को डायरेक्ट कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इस खण्ड में स्थित लुहारी टोल प्लाजा जिसकी पी.सी.यू. 8084 है तथा प्रतिदिन राजस्व की बसूली 45,37,534 /- प्रति सप्ताह है।

**शिलान्यास हुई परियोजनाएं**

21700 करोड़ रुपए की लागत से भोपाल-कानपुर इकोनोमिक कॉरिडॉर पर म.प्र. /उ.प्र. सीमा से कबरई खंड तक का 4 लेन का निर्माण कार्य कुछ महीने पहले इसी इकोनोमिक कॉरिडॉर पर मौहारी से म.प्र. /उ.प्र. सीमा तक 4 लेन परियोजना का शिलान्यास मध्य प्रदेश में माननीय श्री नितिन गडकरी जी द्वारा किया गया था इस पूरी परियोजनाओं के पूर्ण होने से मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल और उत्तर प्रदेश का आर्थिक शहर कानपुर तथा उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बीच सीधा संपर्क बनने से लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी और इस क्षेत्र के कृषि और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा पर्यटकों को महोबा, विदिशा, जैन तीर्थकर साची और खजुराहो तक पहुंच आसान होगी। यह आर्थिक गलिवास परियोजना सागर छतरपुर और महोबा शहर को बायपास करेगा जिससे यात्रा के समय मे कमी आयेगी। राष्ट्रीय राजमार्ग-44 झाँसी-ललितपुर खंड के कैलगुवा चौराहा पर कैलगुंवा गांव जिला झाँसी में अडरपास और सर्विस रोड का निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग-27 एवं 44 के जंक्शन पर इंटरचेन्ज तथा झाँसी प्रयागराज के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 76 पर किडारी सुपा और खैराड़ा में 3 रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य से बुंदेलखंड क्षेत्र में यातायात में सुगमता एवं समय की बचत होगी और श्रद्धालुओं को चित्रकूट धाम तक पहुचने में निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान होगी।

मुख्य अतिथि सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग भारत सरकार नितिन गडकरी ने कहा कि हमें बीरभूमि महोबा में आने का मौका मिला है उन्होंने कहा बुंदेलखंड व महाराष्ट्र का पुराना रिश्ता है कहां छत्रपति शिवाजी महाराज व बुंदेलखंड राजा छत्रसाल के बीच घनिष्ठ संबंध रहा जो देश के इतिहास में महत्वपूर्ण है। देश की तरफ से उनको मै धन्यवाद देता हूं । उन्होंने कहा राजा जो मां बहनों की रक्षा करने वाला हो जो दुष्ट जनों का संघार करने वाला होना चाहिए कहा जिसने गरीबों पर अत्याचार कर रहे हैं उनके ऊपर बुलडोजर चलाने चलाए जा रहे हैं मैं देश की जनता की तरफ से योगी जी को बहुत बहुत धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा हमारी सरकार गांव में गरीबों को कल्याण करने वाली सरकार है। कहा मुख्यमंत्री योगी से अनुरोध करता हू कि बताएं जहां ज्यादा जाम लगता हो वहां पर फ्लाइ ओवरब्रिज बनाया जाएगा । उन्होंने कहा जो सांसद ने मांग की थी वह पूरी हुई है। उन्होंने कहा राम वन गमन मार्ग में चार लेन की मार्ग की घोषणा करता हूं। कहा की यूपी सरकार लगातार विकास का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश दोनों की कनेक्टिविटी बढ़ेगी और सुख समृद्धि बढ़ेगा। कहा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे व गोरखपुर जाने वाले के रोड की कनेक्टिविटी रहेगी और 41 करोड़ से बाईपास बनेगा। कहा कि मैं डंके की चोट पर कहूगा झूठ नहीं बोलता 2024 तक बुंदेलखंड के रोड अमेरिका की रोड जैसी बनेगा आप कल्पना नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में भारत आज विश्व में आगे बढ़ रहा है अब इस देश का किसान अन्नदाता नहीं ऊर्जा दाता बनेगा। उन्होंने कहा गांव में रोजगार मिलेगा योगी जी के नेतृत्व में पूरा प्रदेश आगे बढ़ रहा है उन्होंने यह भी कहा कि अब मुंबई में उत्तर प्रदेश से लोग कम जाएंगे क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार विकास का कार्य कर रही है और रोजगार को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा की उत्तर प्रदेश सरकार पर्यटन में अच्छा कार्य कर रही है । कहा भारतीय जनता पार्टी भारत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा छत्रपति शिवाजी व छत्रसाल महराज के संबंधों से बुंदेलखंड से आगे बढ़ेगा।

### एक नई पहचान

मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह वीर भूमि है बुंदेलखंड में भारत सरकार के लोकप्रिय वह देश के विजन के लिए एक नई पहचान दिए हैं वास्तव में यह संयोग नहीं पूर्व उत्तर प्रदेश को गोरखपुर, महाराजगंज, बस्ती, कुशीनगर, संतकबीरनगर, देवरिया आदि जनपदों में 10 हजार करोड़ का लोकार्पण व शिलान्यास हुआ है। महोबा गोरखनाथ की तपो भूमि स्थल है। उन्होंने कहा यह आल्हा उदल की भूमि है कहा सड़क मार्ग जुड़ जाने से गोरखपुर में 3 गुना पर्यटक आने से बड़ा है और बुंदेलखंड में भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा विकास के साथ देश के इंफ्रास्ट्रक्चर रूप में बदलने का योगदान दिया है बुंदेलखंड से जो एक्सप्रेस वे अभी निकला है 35 करोड़ की लागत से 9 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण हो रहा है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए विकास ऐसे होता है जैसे हमारे शरीर के हड्डियों का होता है । इस बड़ी पूंजी के साथ प्रदेश बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के सहयोग से बुंदेलखंड में हर घर नल योजना एक नए सिरे से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से चित्रकूट तक जोड़ा जाएगा। बुंदेलखंड पर नए नए औद्योगिक कस्टर्ड बनाने जाएंगे अब बेरोजगारी नहीं रहेगी बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा अन्नदाता किसान, माता, बहनों के ऊपर जुर्म करने वालों के विरुद्ध कार्य हमारी सरकार कर रही है। 35 करोड़ से 9 परियोजना को दिया है जो यह बड़ी परियोजना है।

सुप्रीम कोर्ट बोला-रक्षा मंत्रालय कानून हाथ में नहीं ले सकता

# वन रैंक वन पेंशन पर अधिसूचना हमारे आदेशों के खिलाफ

### वापस लें तभी सुनवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने 25 लाख पूर्व सैनिकों की बकाया पेंशन का भुगतान चार किश्तों में करने के रक्षा मंत्रालय के नोटिफिकेशन पर तल्ख टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रक्षा मंत्रालय कानून अपने हाथ में नहीं ले सकता। रक्षा सचिव 20 जनवरी को जारी किया नोटिफिकेशन तत्काल वापस लें। दरअसल स्ट ने 9 जनवरी को वन रैंक वन पेंशन का कुल बकाया चुकाने के लिए केंद्र को 15 मार्च तक का समय दिया था। लेकिन 20 जनवरी को मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति जारी की कि बकाया भुगतान चार किश्तों में किया जाएगा। इसके बाद भारतीय पूर्व सैनिक आंदोलन ने एक याचिका लगाई जिसमें रक्षा मंत्रालय के नोटिफिकेशन को रद्द करने की मांग की गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक जुलाई 2014 के बाद सेवानिवृत्त हुए सैनिकों को मिलाकर लाभार्थियों की संख्या 25 लाख पार हो चुकी है।

## पूर्व पीएम इमरान खान के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम और पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इस्लामाबाद की एक जिला और सत्र अदालत ने धमकी भरी भाषा का इस्तेमाल करने के मामले में इमरान खान के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने पाकिस्तान के डॉन न्यूज के हवाले से बताया कि इमरान खान के खिलाफ एक महिला अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ धमकी भरी भाषा का इस्तेमाल करने के मामले को लेकर गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। बता दें कि बीते साल अप्रैल के महीने में इमरान खान को उनके नेतृत्व में अविश्वास मत हारने के बाद सत्ता से बाहर कर दिया गया था।



### यूपी में एच3एन2 इन्फ्लूएंजा का खतरा

# अस्पतालों की ओपीडी में लंबी कतार

### जांच की सुविधा सिर्फ केजीएमयू और एसजीपीजीआई में

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

यूपी में एच3एन2 का खतरा बढ़ गया है। बुखार और खांसी-जुकाम के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा हैं। इस बीच सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में लंबी कतार देखी जा रही हैं। सोमवार को एक बार फिर से सुबह से लखनऊ के अस्पतालों मरीजों और तीमारदारों की भारी भीड़ उमड़ी। हालांकि राहत की बात यह हैं कि बेहद गंभीर मरीज लखनऊ में अभी तक सामने नही आए हैं। महीने भर में केजीएमयू में करीब 15 से अधिक सैंपल की जांच रिपोर्ट एच3एन2 के लिए पॉजिटिव आ चुकी हैं। वही एसजीपीजीआई में इस बीच किसी भी मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव नहीं मिली हैं। यहां भी रोजाना 3 से 4 सैंपल एच3एन2 वायरस की जांच के लिये भेजे जा रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में इन्फ्लुएंजा एच3एन2 की जांच की सुविधा नहीं है। इससे संक्रमण का पता लगाना कठिन हो गया है। जांच की सुविधा बढ़ाने की दिशा में अभी तक ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। लक्षणों के आधार पर मरीजों का अंदाजे से इलाज मुहैया कराया जा रहा है। फिलहाल केजीएमयू के अलावा लखनऊ में एसजीपीजीआई



में भी जांच की सुविधा उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की माने तो अभी तक किसी भी संक्रमित को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं है। न ही किसी मरीज में गंभीर लक्षण नजर आएं हैं। सर्दी-जुकाम, बुखार, गले में खराश, खांसी समेत दूसरे लक्षण नजर आए। इन्फ्लुएंजा एच3एन2 की शक में लोगों के नमूने लिए गए। केजीएमयू में नमूने भेजे गए। रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। सरकारी अस्पतालों में इन्फ्लुएंजा एच3एन2 के लक्षणों वाले मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। ओपीडी में बड़ी संख्या में सर्दी-जुकाम, बुखार, गले में खराश, कमजोरी समेत दूसरी समस्या लेकर आ रहे हैं। डॉक्टर इन मरीजों को सलाह दे रहे हैं। पैथोलॉजी व रेडियोलॉजी समेत दूसरी जांच करा रहे हैं। डॉक्टर-कर्मचारियों को इन्फ्लुएंजाएच3एन2 से बचाव के इंतजाम नहीं है। अभी तक डॉक्टर व कर्मचारियों को वैक्सीन नहीं लगाई गई। पहले स्वाइन फ्लू एच1एन1 और इन्फ्लुएंजा एच2एन1 संक्रमण की वैक्सीन भी लगाई जाती हैं। केजीएमयू के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ.अमिता जैन ने बताया कि लैब में तमाम जांचों के अलावा एच3एन2 की जांच भी होती हैं। महीने भर में करीब 250 सैंपल की जांच की जाती होगी। इस बार लगभग 10 से 15 मरीज के सैंपल की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई हैं। पर यह कोई अलार्मिंग या पैनिक जैसी सिचुएशन नही हैं। इन मरीजों को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं पड़ी। एक से दो सप्ताह में मरीजों को बीमारी से निजात मिल रही हैं। एसजीपीजीआई के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ. उज्जवला घोषाल ने बताया कि रोजाना 5-6 सैंपल की जांच एच3एन2 के लिए होती हैं। पर बीते 15 दिनों में कोई पॉजिटिव रिपोर्ट आने की खबर नही हैं। हालांकि रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद भी सामान्य उपचार से ही मरीज ठीक हो जाता हैं।



राजेन्द्र नगर महाकाल मंदिर में फूलों की होली खेलते श्रद्धालु

## खबरें एक नजर में

### 27 सड़क स्टेट हाईवे घोषित होंगी,2167.383 किमी लंबाई की सड़कों का प्रस्ताव शासन को भेजा

**लखनऊ।** यूपी की 27 बड़ी सड़क स्टेट हाईवे बनेंगी। लोक निर्माण के विभागाध्यक्ष संदीप कुमार ने शासन को 2167.383 किमी लंबाई की सड़कों को स्टेट हाईवे घोषित करने का प्रस्ताव भेजा है। आखिरी अनुमति मिलने के बाद इन सड़कों को फोर लेन किया जाएगा। अब इस प्रस्ताव का परीक्षण शुरू होगा। इसका नोटिफिकेशन भी जल्द लागू होगा। 7 मीटर से ज्यादा चौड़ी सड़कों को स्टेट हाईवे में घोषित करने की बात इंडियन रोड कांग्रेस में प्रस्ताव आया था। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ये आयोजन हुआ था। मौजूदा समय में प्रमुख जिला मार्ग और अन्य जिला मार्गों के तौर पर दर्ज हैं। प्रस्ताव में सड़कों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। इसमें पहले वह सड़क है, जो 7 मीटर से ज्यादा चौड़ी है। बाकी दूसरे में 7 मीटर से कम चौड़ी सड़क और तीसरे में 7 मीटर की सड़क के लिए भूमि अधिग्रहण का काम शामिल हैं। 27 में 11 सड़क पहले से ही सात मीटर चौड़ी हैं। जबकि 11 सड़कों को आंशिक तौर पर सात मीटर की चौड़ा किया जाना है। वहीं, चार सड़कों को सात मीटर की चौड़ाई में विकसित करने के लिए भूमि अधिग्रहण की जरूरत है। इसमें करीब 4 हजार करोड़ रुपए का खर्च आएगा। जबकि कुल सड़कों की निर्माण लागत 1401 करोड़ 55 लाख का अनुमान है।

### पीजीआई में क्षय रोग खोज और ग्राम दत्तक ग्रहण अभियान की कल से होगी शुरूआत

**लखनऊ।** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर माइक्रोबायोलॉजी और पलमोनरी मेडिसिन विभागों द्वारा एक जागरूकता अभियान का प्रारंभ किया गया है। इस उद्देश्य से 14 मार्च को संजय गांधी पीजीआई के आसपास के कुछ गांवो जैसे सभा खेड़ा, बाबू खेड़ा, अमोल, रैदास खेड़ा, गजरियन खेड़ा और कल्ली पश्चिम में सक्रिय क्षय रोग खोज और ग्राम दत्तक ग्रहण अभियान का प्रारंभ किया जाएगा। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता चयनित क्षेत्र में प्रत्येक घर जाकर संदिग्ध टी बी मरीजों की खोज करेंगे। निदान पोषण योजना के अंतर्गत समस्त चिन्हित और उपचारित क्षय रोगियों को 500 रुपए प्रति माह का भुगतान किया जाएगा। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए प्रत्येक टीबी मरीज अपनी खाता संख्या और आधार कार्ड की उपलब्धता कराने होगें। सरकार द्वारा ट्यूबरकुलोसिस के समूल नाश के अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों से बातचीत कर के तय किया जाएगा। किसी को 2 हफ्ते से लगातार खांसी, बुखार, भूख न लगना या वजन में गिरावट जैसे लक्षण तो नहीं है। ऐसे लक्षणों के पाए जाने पर समुचित और नियमित उपचार की व्यवस्था होगी। संदिग्ध टीबी रोगियों से थूक के नमूने एकत्र किये जायेंगे और माइक्रोस्कोपी के लिए मुफ्त परीक्षण पीजीआई में डॉट्स केंद्र में किया जाएगा। स्वास्थ्य कार्यकर्ता रोगियों को इस बात के लिए प्रोत्साहित करेंगे कि किसी भी हाल में डॉट्स का कोर्स अधूरा ना छोड़े। क्षय रोग से ग्रस्त रोगियों व गांवो को गोद लिये जाने का उद्देश्य यही है कि उनका नियमित और समुचित उपचार हो व उनके पोषण की भी उचित देखरेख की जा सके। संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा संस्थान के निदेशक प्रो आर के धीमन के कुशल मार्गदर्शन में पलमोनरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर आलोक नाथ और माइक्रोबायोलॉजी विभाग की एडिशनल प्रोफेसर डाक्टर रिचा लाल द्वारा तैयार की गई है।

### लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग ने व्याख्यान का किया आयोजन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग ने अपने 10वें पूर्व छात्र द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया। यह व्याख्यान 1985 बैच के एम.एससी रसायन विज्ञान के पूर्व छात्र डॉ. अश्विन कुमार अग्रवाल ने दिया। जिन्होंने 1991 में विभाग से पीएचडी भी पूरी की थी। व्याख्यान डॉ. अग्रवाल को डॉ. अधिश कुमार जायसवाल ने सराहना का प्रतीक भेंट किया। डॉ. भरत कुमार ने वक्ता का परिचय दिया। ष्फार्मास्यूटिकल पदार्थों में अशुद्धियों पर एक अवलोकनष् पर अपने व्याख्यान में डॉ. अग्रवाल ने विभिन्न फार्माकोपिया के उपयोग के विषय मे बताया। विभिन्न फार्मास्युटिकल उद्योगों में दुनिया भर में विभिन्न दवाओं को मानकीकृत करने के लिए विभिन्न प्रकार की मानक अशुद्धियों के उपयोग और भूमिका पर बल दिया। उन्होंने प्रदर्शित किया कि कैसे दवा उत्पादों में अशुद्धियों को पेश करने में विलायक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुछ सॉल्वैंट्स को फार्मास्युटिकल तैयारियों में नियोजित नहीं किया जा सकता है। कार्यक्रम में विभाग के सभी संकाय सदस्यों और शोधार्थियों ने भाग लिया। अंत में रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो. अनिल मिश्रा ने कहा कि इस तरह के पूर्व छात्रों के व्याख्यान रसायन विज्ञान विभाग के लिए वरदान हैं क्योंकि यह शोधार्थियों और संकाय सदस्यों को रसायन विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों की समझ में नई अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

### आचार्य दयासागर का 69 वां अवतरण दिवस समारोह सम्पन्न

लखनऊ। दिगम्बर जैन आचार्य दयासागर मुनि महाराज सोमवार को श्री दिगम्बर जैन मन्दिर आशियाना मे मंगल प्रवेश हुआ। भक्तों ने गाजे-बाजे के साथ मंगल प्रवेश कराया। इस मौके पर आचार्य श्री 69 अवतरण दिवस समारोह मनाया गया। समाज के 69 भक्तों ने पाद प्रक्षालन कर 69 दीपों से आरती कर दिगम्बरत्व के प्रति श्रद्धा का गौरव बढ़ाया। 69 शास्त्र भेंट कर श्रद्धालुओं ने अनुमोदना कीआचार्य दयासागर ने जैन मन्दिर आशियाना में मंत्रोच्चारण कर शान्तिधारा सम्पन्न कराकर भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया। शांतिधारा का सौभाग्य डॉ. अरुण जैन एवं ग्वालियर के प्रदीप कुमार दिव्यम ने प्राप्त किया। शास्त्र भेट का सौभाग्य जेवर (नोएडा) के संदीप जैन पिन्टू को प्राप्त हुआ। आचार्य दयासागर महाराज ने कहा कि जैन धर्म में दिगम्बर परम्परा अनादि काल से चली आ रही है। मोक्ष मार्ग पर अग्रसर होने के लिए गृहस्थ को प्रतिमाधारी उत्कृष्ट श्रावक के बाद दिगम्बर जैनेश्वरी दीक्षा धारण कर संयम और तप की अटल साधना करनी होती है। महाराज की अहारचर्या के उपरांत बिहार हो गया।

## आलू का समर्थन मूल्य 650 रूपये, किसानों के जख्म पर नमक के छिड़काव जैसा: रालोद

### *सरकार वापस ले अपना निर्णय*

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने प्रदेश सरकार द्वारा आलू का समर्थन मूल्य 650 रुपये प्रति कुन्तल घोषित करने के निर्णय को वापस लेने की मांग की है। उन्होंने इस निर्णय को किसानों के जख्म पर नमक छिड़कने जैसे बताया। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री से कर्जे में डूब रहे किसानों को बचाने की मांग करते हुए कहा है कि कड़ी मेहनत और पसीने से उगाया गया किसान का आलू मिट्टी में मिल रहा है। श्री दुबे ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जो आलू का समर्थन मूल्य घोषित किया है वह ऊँट के मुंह में जीरे के समान है। किसान के आलू की लागत 1100 रुपये प्रति कुन्तल आ रही है और सरकार ने 650 रुपये प्रति कुंतल का रेट घोषित किया है। ऐसे में किसान अपने आलू की बिक्री कैसे करें? आलू की पैदावार को देखते हुए राज्य सरकार को आलू के निर्यात करने का निर्णय लेना चाहिए क्योंकि अगर किसानों की फसल का उचित मूल्य नहीं मिला तो किसान सालों तक कर्जे से मुक्त नहीं हो पायेंगे। अभी तो किसान आलू की मांग को लेकर परेशान है और शीतगृह का भाड़ा 260 रुपये प्रति कुन्तल करने की सिफारिश हो रही है जो किसानों की बर्बादी के लिए एक और बड़ा कदम होगा। उन्होंने राज्य सरकार से आलू की खेती को प्रोत्साहन देने तथा आगरा में आलू निर्यात केन्द्र की स्थापना करने तथा आलू किसानों के लिए विशेष सहायता राशि घोषित करने की मांग करते हुए कहा कि जल्द ही सरकार द्वारा निर्णय नहीं लिया गया तो किसानों को अपना आलू सड़क पर फेंकने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## प्रदेश में लाखों रिक्त पदों को समयबद्ध भरने की सरकार करे घोषणा: युवा मंच

### सीएम को पत्र लिख आंदोलन शुरू करने का दिया अल्टीमेटम

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

लखनऊ । युवा मंच ने सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर प्रदेश में लाखों रिक्त पदों को समयबद्ध भरने के लिए तत्काल घोषणा करने की मांग की है।

प्रेषित पत्र में बताया गया है कि नया शिक्षा सेवा आयोग के गठन संबंधी घोषणा के बाद विभिन्न संवर्ग में लंबित व प्रस्तावित शिक्षक भर्ती प्रक्रिया ठप है। जबकि सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ही बेसिक शिक्षा विभाग में 1.26 लाख शिक्षकों के पद रिक्त हैं। प्रेषित पत्र में कहा गया है कि चयन प्रक्रिया ठप होने से छात्रों में रोष व्याप्त है। छात्रों ने अल्टीमेटम दिया है कि अगर प्रदेश में रिक्त पड़े 6 लाख पदों को समयबद्ध भरने के अपने वादे को पूरा करने के लिए तत्काल चयन प्रक्रिया शुरू नहीं की तो आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होंगे। इसके लिए जल्द मीटिंग बुलाई जायेगी ।प्रेस को जारी बयान में युवा मंच संयोजक राजेश सचान ने कहा कि सरकारी नौकरी और रोजगार सृजन में उपलब्धियों के महिमामंडन का प्रोपैगेंडा जोरशोर से चल रहा है । जबकि प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या विकराल होती जा रही है, श्रम शक्ति भागीदारी दर रिकॉर्ड न्यूनतम स्तर पर है। बीटेक होल्डर युवा फिटर जैसी संविदा रोजगार के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। जहां तक सरकारी नौकरियों का सवाल है प्रदेश में विगत दो दशक में सरकारी कर्मचारियों की संख्या न्यूनतम स्तर पर है। बैकलॉग लगातार बढ़ता जा रहा है। प्राथमिक विद्यालयों में इधर 6 वर्षों में 4 लाख शिक्षकों से घटकर 3.32 लाख शिक्षक रह गए। स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विभाग में बडेघ् पैमाने पर पद रिक्त हैं जिन्हें भरा नहीं जा रहा है। शिक्षा विभाग में कायाकल्प होने का दावा किया जा रहा है जबकि स्थिति इतनी खराब है कि प्राथमिक विद्यालयों और शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में लाखों रिक्त पदों के बावजूद 5 साल से चयन प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है।

## आज से बारिश का अलर्ट, तेज हवा के साथ गिर सकते हैं ओले

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मौसम एक बार फिर से करवट लेने जा रहा है। मार्च में ही मई-जून जैसी गर्मी सताने लगी है। महीने के आखिरी तक तापमान में और बढ़ोतरी होगी। मंगलवार को प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत दूसरे जिलों में बूंदाबांदी के साथ ओला गिरने के आसार हैं। मौसम विभाग ने मार्च में पूरे यूपी में बारिश को लेकर दूसरी बार अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, 13 से 20 मार्च तक ओला गिरने के साथ भारी बारिश की संभावना जताई गई है। प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश, आंधी, ओले और बिजली गिर सकती है। इसकी वजह से किसानों की फसलों को काफी नुकसान हो सकता है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते यूपी ही नहीं देश के कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञानी के अनुसार, इस साल प्रदेश में सर्दियां पहले ही गर्म रही हैं। दिसंबर और फरवरी 1901 के बाद सबसे गर्म रहे हैं। रविवार को प्रदेश में गर्मी का तापमान काफी चढ़ा रहा। मथुरा-वृंदावन सबसे गर्म शहर रहा। यहां का तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद आगरा, झांसी, कानपुर, लखनऊ और मेरठ सबसे गर्म रहा। पारा अब 35 डिग्री तक पहुंचने लगा है, लेकिन 20 मार्च तक मौसम बारिश और बादल-हवाओं वाला होने से गर्मी में नरमी आएगी। वहीं 17, 18 और 19 मार्च को कानपुर मंडल में बारिश के ज्यादा आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ के चलते यूपी ही नहीं उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल, लेह लद्दाख, जम्मू कश्मीर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में भी 13 से 20 मार्च तक बारिश होगी।

## महंगाई के विरोध में सड़क पर उतरे कांग्रेसी 300 से ज्यादा पुलिस हिरासत में

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में कांग्रेसियों ने सोमवार को जमकर प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यालय से जुलूस निकालकर कांग्रेसी राजभवन की ओर निकले तो रास्ते में पुलिस से झड़प हो गई। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के साथ केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की जा रही छापेमारी और मुकदमों को लेकर ये विरोध-प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खबरी ने कहा, अगर अडाणी को नुकसान हो रहा है तो उसकी भरपाई आम जनता से सिलेंडर के दाम 50 रुपए बढ़ाकर नहीं होनी चाहिए। ये सरकार आतंक का एक पर्याय बन गई है। व्यक्तियों का क्या होगा, जब एक नेशनल पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को धक्का देकर गाड़ी में डालकर कहां ले जा रहे हैं...पता नहीं। प्रदेशभर से पहुंचे कांग्रेसी पार्टी कार्यालय पर इकट्ठा हुए। फिर जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते हुए राजभवन का घेराव करने निकले। रास्ते में पुलिस ने जगह-जगह



बैरिकेडिंग कर कांग्रेसियों को आगे बढ़ने से रोक लिया। इस दौरान पुलिस से उनकी जमकर झड़प हुई। कांग्रेसी बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने लगे तो पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। बृजलाल खाबरी समेत 300 से ज्यादा नेताओं-कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस ने 10 से ज्यादा बसों और पुलिस वैन में प्रदर्शनकारियों को बैठा कर ईको गार्डन ले गई। प्रदर्शन को देखते हुए कांग्रेस प्रदेश कार्यालय से लेकर राजभवन तक सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पार्टी कार्यालय से लेकर राजभवन तक कई जगह बैरिकेडिंग की गई है। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खबरी ने कहा, देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। इसी मुद्दे को लेकर हम प्रदर्शन कर रहे हैं। राजभवन तक कूच कर सरकार का चेहरा बेनकाब करेंगे। कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा, सरकार की नीतियों का विरोध किया जा रहा है।

## लोक सभा चुनाव की तैयारियों के पहले चरण में जुटी बीजेपी

### संगोष्ठी आयोजित कर जनता को बता रही है सरकार की उपलब्धियां

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी लोक सभा चुनावों की तैयारियों के पहले चरण में जुट गई है। लोकसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के जरिए बीजेपी प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की बिसात बिछाने में लगी है। उन्होंने लोक सभा में पढ़े अभिभाषण में मोदी सरकार के नौ वर्ष की उपलब्धियों का जिक्र किया था। वहीं, शक्ति केंद्र स्तर पर अभिभाषण पर संगोष्ठी आयोजित कर 10 करोड़ लोगों तक सरकार की 2014 से लेकर अभी तक की उपलब्धियां पहुंचाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक, राष्ट्रपति के अभिभाषण के जरिए भाजपा आम चुनाव की जमीन तैयार करेगी। बीजेपी ने सभी 27,634 शक्ति केन्द्रों पर अभिभाषण के विषयों पर संगोष्ठी का आयोजन शुरू किया है। एक संगोष्ठी में 200 लोगों को शामिल किया जा रहा है। एक कार्यकर्ता के पास छह पेज की पढ़कर सुनाने और उससे संबंधित शंकाओं का समाधान करने की जिम्मेदारी होगी। सभी 27 हजार 634 शक्ति केंद्रों पर अभिभाषण के विषय पर संगोष्ठी का आयोजन होगा। संगोष्ठी में शक्ति केंद्र के दायरे में आने वाले पांच-छह बूथों की बूथ कमेटियां, स्थानीय पार्टी कार्यकर्ता और मोदी-योगी सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को शामिल किया है। खासतौर पर लाभार्थियों को इन संगोष्ठी में लाकर मुफ्त में मिल रहे राशन, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना के रसोई गैस सिलेंडर, आयुष्मान कार्ड से मिल रहे मुफ्त इलाज, पीएम आवास योजना के तहत मिले आवास, शौचालय, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मिले रोजगार की उपलब्धियां बताई जाएगी। इसके लिए 3 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित भी किया गया है। 24 पेज के अभिभाषण को संगोष्ठी में चार कार्यकर्ता पढ़कर लोगों को सुना रहे हैं।

## शोभा फाउण्डेशन के होली मिलन समारोह में खेली गई फूलों की होली

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** ।सामाजिक संस्था शोभा फाउण्डेशन ने यहां पटेल पार्क में होली मिलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर विभिन्न राजनैतिक दल, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संस्थाओं के लोगों ने हिस्सा लिया और जमकर फूलों की होली खेली। फाउण्डेशन के अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल की देखरेख में हुये इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता नीरज सिंह एवं विधान परिषद के सदस्य पवन सिंह चौहान पहुंचे। होली मिलन समारोह के मौके हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, संयुक्त उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पाण्डेय, आजाद भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष श्यामजी मिश्रा, भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष अजय त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। लगभग तीन घण्टे से अधिक समय तक चले इस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम श्री राधा कृष्ण जी के साथ होली खेलने का ने वहां आये लोगों ने अद्भभुत आनन्द लिया। इस मौके पर जनविकास महासभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पंकज तिवारी, शोभा फाउंडेशन के सचिव राम तिवारी, अंकेश चौहान, मनोज गुप्ता, कुसुमलता, आकांक्षा रावत, निशा, पिंकी, आनन्द बाजपेई, सुनील जैन आदि लोग मौजूद थे। समारोह के दौरान शोभा फाउण्डेशन के अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने मुख्य अतिथि भाजपा नेता नीरज सिंह एवं पवन सिंह चौहान सहित आये सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुये फाउण्डेशन के द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों के बारे में जानकारी दी।



## एसटीएफ ने पति की हत्या को अंजाम देने वाली, पत्नी व युवक को किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

एसटीएफ द्वारा प्रयागराज में हत्या कराने की साजिश रचने वाले 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिनकी पहचान सुरेन्द्र सिंह प्रयागराज व कविता सिंह सुल्तानपुर के रूप मे हुई है। जिनको भूमि सुधार आफिस से कुछ दूरी पर थाना झूंसी जनपद प्रयागराज के पास से गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ लखनऊ को सूचना प्राप्त हुई, प्रयागराज व आस-पास के जनपदों में शूटर द्वारा हत्या करने की योजना बनाई जा रही है। इस सूचना पर एसटीएफ पुलिस उपाधीक्षक लालप्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में फील्ड इकाई गोरखपुर द्वारा अभिसूचना एकत्रित की गई, जिसमें प्रयागराज के निवासी सुरेन्द्र सिंह के द्वारा शातिर अपराधी मनोज पासी,सुभाष पासी व सौरभ पाठक के





साथ मिलकर किसी व्यक्ति की हत्या करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। इस काम के लिए पैसे की व्यवस्था सुरेन्द्र सिंह कर रहा था। एसटीएफलखनऊ के निरीक्षक अंजनी कुमार तिवारी की टीम के साथ यूनिट प्रयागराज से सम्पर्क किया गया। जिसमें पता चला कि सुरेन्द्र सिंह अपनी प्रेमिका कविता सिंह के साथ मिलकर कविता के पति सुनील कुमार सिंह की हत्या कराने की योजना बनाई है। योजना के अनुसार 12 मार्च शाम को सुनील कुमार सिंह को संगम एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ते वक्त है, घर से निकलने पर हत्या करने थी। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त सुरेन्द्र सिंह ने पूछताछ मे बताया कि मैं एचसीएल कम्पनी नोएडा में साफ्टवेयर इंजीनियर की जॉब करता है। लॉकडाउन के बाद से वर्क फ्राम होम के तहत अपने घर से ही जॉब कर रहा था। करीब 2 वर्ष पहले मेरी मुलाकात कविता सिंह से हुई थी। तभी से हम दोनों में प्रेम प्रसंग चल रहा है। हमारे प्रेम प्रसंग की जानकारी कविता सिंह के पति सुनील कुमार सिंह व मेरी पत्नी दिव्या सिंह को हो गयी। जिसका सुनील कुमार सिंह द्वारा काफी विरोध किया गया। इस कारण सुनील कुमार सिंह की हत्या की योजना बनाई गई थी। वहीं गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना झूंसी, जनपद प्रयागराज में अभियोग पंजीकृत कर, विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बैदो वि0ख0 पनवाड़ी (महोबा)**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

मनरेगा योजना वित्तीय वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के ठेकेदारों से जो दिनांक **14/03/2023** से दिनांक **17/03/2023** तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी व उसी दिन अपराहन 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सील बंद निविदाएं खोली जाएंगी ।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरैगा | प्राथमिक विद्यालय अपकेंद्र बैदो में इंटरलाकिंग कार्य | 474824 | 2 प्रतिशत | इंटरलाकिंग ईट गिटटी,सीमेंट आदि | - | छह माह |

**नियम व शर्तेः-** 1.ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये।2.निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3.निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**

**सूचना**

सभी को सूचित किया जाता है कि मुझे मनोज कुमार के स्थान पर मनोज कुमार यादव के नाम से जाना जाये जैसा कि मेरे अभिलेखों में दर्ज है।

**मनोज कुमार यादव**
**2/352 विशालखंड**
**गोमतीनगर लखनऊ**

# केन्द्र की मदद से यूपी का बुनियादी ढांचा हुआ मजबूत: योगी आदित्यनाथ

समृद्धि न्यूज। गोरखपुर



▸ गोरखपुर में 10 हजार करोड़ रुपए की 18 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण के मौके पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में योगी ने कहा कि ये सभी परियोजनाएं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की हैं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से उत्तर प्रदेश का बुनियादी ढांचा मजबूत हुआ है जिसकी बदौलत राज्य में व्यापक निवेश की संभावनाओं को बल मिला है। गोरखपुर में 10 हजार करोड़ रुपए की 18 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण के मौके पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में योगी ने कहा कि ये सभी परियोजनाएं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की हैं। मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर व्यापक निवेश की संभावनाएं बढ़ा रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मिले 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के आने में सुरक्षा के माहौल के साथ बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर की बड़ी भूमिका है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के प्रस्तावों को आगे बढ़ाकर तीन वर्ष में हम एक करोड़ नौजवानों को नौकरी व रोजगार देने में सफल होंगे। युवाओं को पलायन के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से पूरे देश में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर का मजबूत नेटवर्क नजर आ रहा है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में नितिन गडकरी को जाता है। देश में मजबूती के साथ हाइवे निर्माण हो रहा है। गडकरी ने इसकी रफ्तार को नई ऊंचाई तक पहुंचाया है। दुनिया अचंभित है कि कैसे सदी की सबसे बड़ी महामारी के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था इतनी तेजी से उभरते हुए आगे बढ़ रही है। इसका आधार मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गडकरी ने इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती में यूपी की भरपूर मदद की है। गडकरी ने गत दिनों बलिया में सात हजार करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाओं की सौगात दी तो आज गोरखपुर में आकर 10 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की। इन परियोजनाओं को पूर्ण करने में राज्य सरकार हर संभव सहयोग करने को संकल्पित है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण बात यह है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश का यह क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय बौद्ध पर्यटन का भी अहम पड़ाव है। भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर से लेकर उनके बचपन की स्थली कपिलवस्तु और श्रावस्ती को जोड़ने का कार्य हो रहा है। हजारों वर्षों की विरासत और जिस मार्ग से माता जानकी प्रभु श्रीराम के साथ अयोध्या गई थीं, उस रामजानकी मार्ग को फोर लेन कर गडकरी जी ने रामायण काल के संबंधों से जोड़ने का अभिनव प्रयोग किया है। अयोध्या छावनी से लेकर सीतामढ़ी, जनकपुर तक फोरलेन की सौगात भुला दिए गए विरासत का संरक्षण और सम्मान है।

योगी ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा महानगर गोरखपुर आसपास के जिलों समेत बिहार और नेपाल के सीमावर्ती इलाकों तक के लोगों की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और व्यापार का प्रमुख केंद्र है। यहां से बिहार और नेपाल तक की कनेक्टिविटी के लिए नए बाईपास की सौगात मिली है। इस अवसर पर प्रदेश के मत्स्य विकास मंत्री डॉ संजय निषाद, सांसद रविकिशन शुक्ल, डॉ रमापति राम त्रिपाठी, जगदंबिका पाल, कमलेश पासवान, हरीश द्विवेदी, विजय दूबे, रविंदर कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साधना सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, राजेश त्रिपाठी, श्रीराम चौहान, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, डॉ विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, ज्ञानेंद्र सिंह, अनिल त्रिपाठी, ऋषि त्रिपाठी, दीपक मिश्र शाका, एमएलसी डॉ रतनपाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# शहीद पथ पर हर 10 मिनट पर मिलेगी सिटी बस

## सिटी ट्रांसपोर्ट की तरफसे 10 नई बसों का किया संचालन, ऑटो का रूट बैन से बढ़ी थी परेशानी

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

शहीद पथ पर सिटी बस का इंतजार करने वालों के लिए अच्छी खबर है। सिटी बस सेवा ने रूट पर 10 नई बसों का संचालन शुरू किया है। ऐसे में अब हर 10 मिनट पर एक बस मिलेगी। यात्रियों को ऐसे में बस पकड़ने के लिए 10 मिनट से ज्यादा का इंतजार नहीं करना होगा। अभी तक इस रूट पर 32 बसों का संचालन किया जा रहा था लेकिन अब इसकी संख्या 42 कर दी गई है। ट्रैफिक पुलिस की तरफ से इस रूट पर ऑटो रिक्शा का संचालन बंद कर दिया गया था। उसके बाद यहां से गुजरने वाले करीब एक लाख से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई थी। इस समस्या का समाधान निकालने के लिए सिटी बसों की संख्या बढ़ाई गई है।सुबह 6 बजे से यह सेवा शुरू होती है। कमता से स्कूट इंडिया तक इन बसों का संचालन किया जाएगा। लखनऊ के अलग-अलग रूट पर इसके अलावा 125 सिटी बस सेवा जल्द शुरू होगी। अभी तक शहर में करीब 200 सिटी बस चल रही है। उसके अलावा 125 बसों की सेवा मिलेगी। हालांकि लखनऊ में आबादी और यहां आने-जाने वाले लोगों की संख्या देखी जाए तो करीब 1200 बसों की जरूरत है। लेकिन मौजूदा समय बसों की संख्या बहुत कम है। हालांकि शहर की सड़कों की चौड़ाई को देखते हुए इतनी बसों को यहां चलाना मुश्किल है। गाड़ियों की संख्या की वजह से जाम लग सकती है।

# प्रभावी तरीके से लागू करें मुखबिर योजना: ब्रजेश पाठक

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश के सभी जिलों के सीएमओ को यह निर्देश दिए है कि गर्भ में पल रहे शिशु के लिंग की जांच करने वाले अल्ट्रासाउंड सेंटर पर शिकंजा कसें। लिंग की जांच करने वाले सेंटरों का पता बताने वाले लोगों को मुखबिर योजना का लाभ प्रदान किया जाये। नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के तहत मुखबिर योजना के लिए पर्याप्त बजट जारी किया गया है। प्रदेश में इसे प्रभावी तरीके से लागू किया जाये। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें। मुखबिर योजना प्रभावी तरीके से लागू नहीं हो पा रही है। अधिकारी इसे गंभीरता से लें। ताकि गर्भ में पल रहे शिशु के लिंग का पता लगाने वाले अल्ट्रासाउंड सेंटर व संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अल्ट्रासाउंड का इस्तेमाल बीमारी का पता लगाने के लिए किया जाना चाहिए। गर्भास्थ शिशु के लिंग की पहचान करना अपराध है। ऐसा करने वालों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाये।जनसमुदाय द्वारा सफल डिक्वॉय ऑपरेशन करवाने पर मुखबिर को 60 हजार रुपये, मिथ्या ग्राहक को एक लाख रुपये प्रदान किये जायेंगे। मिथ्या ग्राहक सहायक को 40 हजार रुपये की धनराशि पुरस्कार के रूप में तीन किश्तों में दावा करने पर अनुमन्य की जायेगी। वहीं, प्रत्येक मण्डल को 25 हजार और जनपद को 50 हजार टीए-डीए प्रदान किया जाएगा।वहीं अगर निरीक्षण के समय यदि नियमों की अनदेखी मिलती है तो ऐसी दशा में सम्बन्धित केन्द्र की समस्त अल्ट्रासाउण्ड व गर्भधारण पूर्व अथवा प्रसव पूर्व लिंग की पहचान करने वाली सभी मशीनों को सील व सुबूतों को मूल रूप में जब्त किया जाए।

## डीएम ने व्यापारी संगठनों के साथ स्मार्ट सिटी के चल रहे कार्यों की समीक्षा, सड़क को तुरंत ठीक कराये जाने की मांग

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

लखनऊ । जिलाधिकारी ने शहर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों की उपस्थिति में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत हो रहे कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बैठक में लाटूश रोड, खजाना मार्केट आशियाना चौराहे के पास खुदी हुई सड़क, आलमबाग आजाद नगर ,जयप्रकाश नगर में खुदी हुई सड़क, शीश महलगेट के अंदर पानी के पड़े हुए पाइप को हटाने तथा विकास नगर गुलाचीन मंदिर के पास अपूर्ण सड़क को तुरंत ठीक कराये जाने का मुद्दा बैठक में उठाया गया। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने भूतनाथ मार्केट एवं अमीनाबाद के अतिक्रमण को हटाने की भी मांग जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त के सामने रखी जिलाधिकारी ने सख्ती के साथ सभी विभागीय अधिकारियों एवं ठेकेदारों को 31 मार्च तक सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। ऐसा ना होने की दशा में कंपनियों को ब्लैकलिस्ट किए जाने तथा विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष सुमित नंदा सहित विभिन्न व्यापार मंडल के पदाधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं स्मार्ट सिटी कार्यों के ठेकेदार शामिल थे।

# राज्यपाल से राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के 20 सैन्य अधिकारियों ने कई मुलाकात

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आंनदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय नई दिल्ली के 20 सैन्य अधिकारियों ने मुलाकात की। ब्रिगेडियर ए अग्रवाल ने राज्यपाल को बताया महाविद्यालय में सैन्य अधिकारियों के प्रशिक्षण का यह 63वां सत्र चल रहा है। इस सत्र में 150 अधिकारी प्रशिक्षणरत् हैं, जिन्हें सात ग्रुप में सात अलग-अलग राज्यों में अध्ययन के लिए भेजा गया है। उत्तर प्रदेश आए सैन्य अधिकारियों ने राज्यपाल से उत्तर प्रदेश के इकोनॉमिक मॉडल के रूप में विकास की जानकारी ली। चर्चा के क्रम में राज्यपाल ने गत वर्षों में प्रदेश में हुए विकास के कार्यों, विश्वविद्यालयों द्वारा परिसर से बाहर विकास की गतिविधियों में सहयोग, गाँवों तक शिक्षा और स्वास्थय के विकास में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का योगदान, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर व्यवस्थाओं का विकास, किसान हित में शैक्षणिक कार्यों की प्राथमिकता तथा केन्द्र एवं राज्य की जनहितकारी योजनाओं से आए बदलाव का उल्लेख किया। राज्यपाल ने सैन्य अधिकारियों से राजभवन में संचालित विविध गतिविधियों, जैसे परम्परागत खेलों का आयोजन, पुष्प प्रदर्शनी की चर्चा भी की। राज्यपाल जी से भेंट करने आए प्रशिक्षु सैन्य अधिकारियों में श्रीलंका, रूस, नेपाल, इण्डोनेशिया, यूनाइटेड किंगडम तथा बर्मा के प्रशिक्षु भी शामिल थे।

## शत-प्रतिशत बसों को ऑनरोड किया जायः दयाशंकर सिंह

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने होली के अवसर पर 3 मार्च से 13 मार्च की सुबह तक सभी दिवसों में आज परिवहन निगम द्वारा 32.98 करोड़ अर्जित करने पर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद, सहारनपुर एवं लखनऊ सर्वाधिक आय अर्जित करने वाले क्षेत्र रहे। इन क्षेत्रों द्वारा सम्मिलित रुप से 10 करोड़ रूपये से अधिक की आय अर्जित की गयी। साथ ही सभी क्षेत्रों द्वारा 12 मार्च एवं 13 मार्च की सुबह 8 बजे तक (25.51) लाख यात्रियों को परिवहन सुविधा उपलब्ध करायी गयी। गाजियाबाद, आगरा, अलीगढ़, बरेली, गोरखपुर, हरदोई, कानपुर, लखनऊ,मेरठ, मुरादाबाद, नोएडा एवं सहारनपुर द्वारा विशेष रूप से आय अर्जित की गई। उन्होंने साथ ही निर्देश दिये कि इस तरह के कार्य सामान्य दिवसों में भी किया जाए। शत-प्रतिशत बसों को ऑनरोड किया जाय। नई बसों को बस को जोड़ा जा रहा है, जिससे कि यात्रियों को सुगम एवम सुविधाजनक यात्रा प्रदान की जा सके। साथ ही हाल ही में परिवहन निगम को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 115 नई बसें मुहैया कराई गई हैं। राजधानी लखनऊ को राजधानी एक्सप्रेस बस सेवा से सभी जनपदों से जोड़ा जा चुका है। साथ ही 39 साधारण बसें आवश्यकतानुसार विभिन्न डिपोज में लगाई गई है।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिले यूपी के स्पीकर सतीश महाना

लखनऊ । उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना आज दिल्ली दौरे पर पहुँचे। विधानसभा अध्यक्ष श्री महाना ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से उनके सरकारी दफ्तर में शिष्टाचार भेंट की। यूपी के विधानसभा अध्यक्ष श्री महाना संसदीय कार्य की अधिकाधिक जानकारी प्राप्त करने और लोगों को संसदीय परम्पराओ के बारे में जागरूक करने में बहुत रूचि रखते हैं। लोकसभा अध्यक्ष के साथ उन्होंने गहन विचार विमर्श किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आज उनके कार्यालय कक्ष संसद भवन दिल्ली में उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना की शिष्टाचार भेंट बड़े सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई।

## रालोद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक कल

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के कार्यालय पर नवनियुक्त अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की प्रथम बैठक15 मार्च को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आरिफ महमूद की अध्यक्षता में आहूत की गयी है जिसमें राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष खालिद मसूद बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनजीत सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे।

# महिला ने प्रेमी के साथ की थी पति की हत्या

## गैंस एजेंसी कर्मचारी का बाराबंकी में मिला था शव, पत्नी समेत तीन गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

लखनऊ के बीबीडी थाना क्षेत्र से अगवा कर गैस एजेंसी कर्मी ब्रजेश वर्मा की हत्या पत्नी ने प्रेमी और उसके हिस्ट्रीशीटर मित्र के साथ मिल कर की थी। सोमवार को पुलिस ने हत्यारोपियों के साथ हत्या की साजिश में शामिल पत्नी समेत तीनों को गिरफ्तार कर लिया। एडीसीपी पूर्वी सैय्यद अली अब्बास ने बताया कि बाराबंकी रामसनेहीघाट निवासी ब्रजेश वर्मा की पत्नी सुमन वर्मा ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके आधार पर पुलिस ब्रजेश की तलाश कर रही थी। इसीबीच गोमती नदी में सात मार्च को उसका शव मिला। उसके बाद कॉल डिटले और साक्ष्यों के आधार पर हत्या में शामिल उसकी पत्नी सुमन वर्मा, उसके मित्र अनुज और हिस्ट्रीशीटर मनोज कुमार को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में अनुज ने बताया कि वह ब्रजेश के साथ गैस एजेंसी में काम करता था। इसी के चलते ब्रजेश के घर आने जाने के दौरान उसकी पत्नी सुमन वर्मा से संबंध बन गए।

ब्रजेश के रोज नशे में सुमन के साथ मारपीट करने के चलते हत्या की योजना बनाई। जिसके बाद हिस्ट्रीशीटर दोस्त मनोज के साथ घटना को अंजाम दिया।

अनुज ने बताया कि सुमन ने रोज की मारपीट से तंग होकर ब्रजेश की हत्या करने की बात कही। जिसके बाद हत्या के लिए हिस्ट्रीशीटर दोस्त मनोज कुमार से संपर्क किया।उसने हत्या के लिए 50 हजार रुपये की मांग की, लेकिन दस हजार में बाद में सौदा तय हो गया। इसके बाद तीन मार्च को ब्रजेश को बाइक से घूमने के बहाने निकले। बीबीडी से चल कर रास्ते में एक जगह तीनों ने शराब पी। फिर बाराबंकी के सतरिख में ले जाकर गला काटकर हत्या कर शव को गोमती नदी में फेंक दिया। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज होने के बाद ब्रजेश और उसकी पत्नी सुमन की कॉल डिटेल खंगाली। जिसमें सामने आया कि अनुज और सुमन के बीच तीन मार्च को कई बार हुई। जिसके बाद सुमन को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसके बाद घटना का खुलासा हुआ।

## उप मुख्यमंत्री ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम

# जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदान: केशव

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने-7 कालीदास मार्ग स्थित आवास कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, बिजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी।जनता दर्शन मे रायबरेली, कौशांबी, मैनपुरी, जौनपुर, आजमगढ़, लखनऊ, मुरादाबाद, सीतापुर, बरेली, ललितपुर, श्रावस्ती, पीलीभीत, कासगंज, बुलंदशहर, हाथरस, कन्नौज, रामपुर, फतेहपुर अयोध्या, कुशीनगर ,बाराबंकी, गोरखपुर, प्रयागराज, सहारनपुर सहित लगभग 3 दर्जन से अधिक जिलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत ललितपुर, लखनऊ सहित कई जिलाधिकारियों, उच्चाधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की।उप मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में आये लोगों को यह भी बताया कि वेबसाइट लांच की गयी है । मोबाइल ऐप का भी संचालित क्या जा रहा है। इस वेबसाईट और ऐप पर घर बैठे कोई भी व्यक्ति अपनी या सार्वजनिक शिकायत, अनुरोध पत्र या सुझाव इस ऐप और वेबसाइट पर दे सकते हैं और सुझाव या शिकायती पत्र पर हुई कार्यवाही का विवरण भी वह घर बैठे देख सकते हैं।

# रेल उपरिगामी सेतु निर्माण हेतु 14 करोड़ 87 लाख 91 हजार आवंटित

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

यूपी द्वारा प्रदेश में रेल उपरिगामी सेतु निर्माण के 04 चालू कार्यों हेतु 14 करोड़ 87 लाख 91 हजार की धराशि आवंटित की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उ0प्र0 शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।इन 04 कार्यों में जनपद कौशाम्बी में उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज-कानपुर रेल सेक्शन के कि0मी0-872ध13-15 शुजातपुर रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे सम्पार सं-15सी पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण हेतु रू0 05 करोड़ 03 लाख 42 हजार, लखनऊ के अन्तर्गत राजाजीपुरम में बने आर0ओ0बी0 सम्पार संख्या- 218ए से रानी लक्ष्मी बाई चिकित्सालय की तरफ क्लोवर लीफ के निर्माण कार्य हेतु 52 लाख 88 हजार, सहारनपुर में डी0एफ0सी0सी0 रूट के अन्तर्गत नागल सहारनपुर मार्ग शुखपुरा कदीम मार्ग सम्पार संख्या-84 एसपीएल से 200 मी0 टपरी की तरफरेलवे लाइन नगल रजवाहे पर 02 लेन उपरिगामी सेतु के निर्माण कार्य हेतु 03 करोड़ 58 लाख 02 हजार तथा सहारनपुर में नागल-सहारनपुर मार्ग पर रेल सम्पार संख्या-84एसीर्ध्ई-2 किमी0 177ध13-15 के स्थान पर खान आलमपुर यार्ड पेपर मिल होते हुए जिलाधिकारी आवास मार्ग तक 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण हेतु 05 करोड़ 73 लाख 59 हजार कुल 14 करोड़ 87 लाख 91 हजार की धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है।

## राज्य राजमार्गो के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण योजना हेतु 23 करोड़ 60 लाख 42 हजार रूपये आवंटित

**लखनऊ ।** राज्य सरकार द्वारा राज्य राजमार्गों के चौड़ीकरण सुदृढ़ीकरण योजना के अन्तर्गत 05 चालू कार्यों हेतु 23 करोड़ 60 लाख 42 हजार की धनराशि का आवंटन कर दिया गया है। इस सम्बन्ध में शासनादेश उ0प्र0 शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। 05 चालू कार्यों में जनपद सीतापुर में सिधौली-अतरौली मार्ग राज्य राजमार्ग मेंहदीघाट सण्डीला भटपुर मार्ग एस0एच0-137 के चौनेज 85.850-91.750 के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य हेतु 01 करोड़ 40 लाख, हमीरपुर में चिकासी से राठ तक बिलरायॉ-पनवाड़ी राज्य मार्ग-21 के चौनेज 430 से 442.100 तक 04 लेन में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण एवं जनपद महोबा में बिलरायॉ-परवाड़ी मार्ग राज्य मार्ग-21 के चौनेज 442.10 से 448.680 तक 04 लेन में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु रू0 03 करोड़ 12 लाख 52 हजार, बांदा में बिसण्डा ओरन पहाड़ी मार्ग राज्य मार्ग संख्या-133 के किमी0-1 से 23.700 तक लम्बाई 23.70 किमी0 के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु रू0 05 करोड़ 50 लाख, सोनाली-नौतनवां-गोरखपुर-देवरिया-बलिया मार्ग राज्य मार्ग संख्या-1 के चौनेज 98.975 से चौनेज 125.00 तक मार्ग का 04 लेन हेतु चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य लम्बाई 26.025 किमी0 हेतु रू0 07 करोड़ 54 लाख 75 हजार तथा हमीरपुर में बिलरायॉ-परवाडी मार्ग राज्य मार्ग संख्या-21 के चौनेज 398.00 से 427.00 चिकासी से राठ तक 04 लेन में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य लम्बाई 28.30 किमी0 हेत 06 करोड़ 03 लाख 15 हजार कुल 23 करोड़ 60 लाख 42 हजार की धनराशि आवंटित कर दी गयी है।

# बेसिक शिक्षा मंत्री ने किया बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का शुभारम्भ

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

▸ छात्र-छात्राओं के समुचित विकास में खेलों का विशेष महत्वः संदीप सिंह

उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं के समुचित विकास में खेलों का विशेष महत्व होता है, क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के माध्यम से जहां एक ओर विद्यार्थियों में स्वास्थ्य प्रतिस्पर्धा एवं अनुशासन की भावना का विकास होता है वहीं दूसरी ओर छात्र-छात्राओं में सहयोग एवं नेतृत्व के गुणों का विकास होता है यह क्रीडा प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं अध्यापकगणों में एक नई स्फूर्ति एवं उत्साह का संचार करेगी। श्री सिंह ने आज गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट कॉलेज लखनऊ मे 33 वीं राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खेलना भी जरूरी है खेलना स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर होता है बच्चे खेल कूद कर अपने स्वास्थ्य को बेहतर भी रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि व्यायाम शिक्षक बच्चों को खेलकूद के लिए तमाम तरह की जानकारी उपलब्ध कराते हैं और उनको खेलने के बारे में विस्तृत जानकारियां प्रदान की जाती हैं बच्चों को स्कूलों में खेलकूद के लिए आवश्यक सामग्री भी विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाती है जिससे बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में शामिल हो सकें। प्रतियोगिताओं में शामिल हो कर अपनी प्रतिभा को निखारने का काम करते है। उन्होने कहा कि छात्र-छात्राओं के सम्पूर्ण उन्नति और विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल जरूरी है, खेलों से ही एकाग्रता आती है। खेलों के विकास हेतु राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला,सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान व संयुक्त शिक्षा निदेशक बेसिक गणेश कुमार रहे। सभी अतिथियों का स्वागत सहायक शिक्षा निदेशक षष्ठ मंडल लखनऊ श्याम किशोर तिवारी ने पुष्प गुच्छ देकर किया। विशिष्ट अतिथि सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान ने उपस्थित प्रतिभागियों से नियमित उपस्थिति का महत्व बताते हुए नियमित विद्यालय जाने पर बल दिया। क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला ने प्रतियोगिता में पधारे सभी मंडलों के बच्चों का स्वागत किया।एडी बेसिक लखनऊ मण्डल श्याम किशोर तिवारी ने बताया कि तीन दिन चलने वाली क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रदेश के 18 मंडलों की विजेता टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता में प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर शिक्षक संघ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेशीय पदाधिकारी बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए प्रतियोगिता में मौजूद रहे। खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय राजेश सिंह ने बताया इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में लगभग 6000 बच्चे शामिल होंगे। इस अवसर पर छात्र-छात्राए, शिक्षक एवं अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

मीशन लेकर कार्य कराए हैं। इसके साथ ही विधायक डॉक्टर जी एस धर्मेश ने अपने आधिकारिक लेटर पैड पर करीब 19 सूत्रीय शिकायतों का जिक्र किया है। जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम भेजा गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से संबंधित अधिशासी अभियंता पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस लेटर के जारी होने के बाद नगर निगम सहित पूरे आगरा में तमाम तरह की चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। हालांकि इस पूरे मामले पर अधिशासी अभियंता और आगरा स्मार्ट सिटी के नोडल अधिकारी आर के सिंह का कहना है कि मेरे ऊपर जो आरोप लगाए गए हैं वह पूर्ण रूप से निराधार व झूठे हैं।

# मौके पर नहीं मिल रहा स्ट्रेचर तीमारदार हो रहे परेशान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के स्वास्थ्य महकमे की लचर व्यवस्था एक बार फिर से सामने आई है, स्ट्रेचर के लिए भटक रहा बेटा अपनी बुजुर्ग मां को गोद में लेकर बाबू ईश्वर शर्मा जिला चिकित्सालय के में चक्कर लगाता रहा, लेकिन जिला अस्पताल प्रशासन इन सबसे अनजान बना रहा।

बाबू ईश्वर शरण जिला चिकित्सालय से व्यवस्था को शर्मसार कर देने वाला यह मामला सामने आया है। बाबू ईश्वर शरण जिला चिकित्सालय की ओपीडी से वार्डों की तरफ जाने वाला मेन गेट है। जहां एक अधेड़ उम्र का बेटा अपनी बुजुर्ग मां को गोद में लेकर जिला अस्पताल

**▸ स्ट्रेचर न मिलने से बुजुर्ग मां को गोद में उठाकर अस्पताल में इलाज के लिए घूमता दिखा बेटा**

में लेकर जा रहा है, आरोप है कि उसे स्ट्रेचर नहीं मिला है। खास बात यह है, कि गोंडा जिले के सीएमएस कों पता ही नहीं है कि कोई बेटा अपनी मां को गोद में लेकर अस्पताल के कैंपस में गिरता और उठता है क्योंकि उसे स्ट्रेचर नहीं मिलता है . लेकिन जो वीडियो सामने आया है उसके बाद स्वास्थ्य महकमे की पोल खुद ब खुद खुलकर सामने आ गई है। बड़ा सवाल है कि आखिर जो स्ट्रेचर बाबू



ईश्वर शरण जिला चिकित्सालय के पास हैं, वह कहां है और वार्ड ब्वॉय क्या कर रहे हैं, जिनकी जिम्मेदारी मरीजों को स्ट्रेचर या व्हीलचेयर से ओपीडी तक वार्डों में शिफ्ट करने की है। अगर स्ट्रेचर हैं तो उस बेटे को क्यूं नहीं दिखाई दिया और उसे अपनी बुजुर्ग मां को ऐसे लेकर भटकना पड़ा। इस बात से बाबू ईश्वर शरण जिला चिकित्सालय के सीएमएस भले ही अंजान बने हो लेकिन जब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो सीएमएस डॉ. पीडी गुप्ता ने मामले में जांच कर कार्रवाई की बात की है। दूसरी तरफ शहर में जिसे भी इस मामले के जानकारी हो रही है, वो सरकारी दावों से बिल्कुल विपरीत की इस तस्वीर पर गहरी नाराजगी व्यक्त कर रहा है। लोगों का कहना था कि सरकार को जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं सुधारने के प्रयास करने चाहिए।

# सीओ विनय सिंह को एसपी ने सौंपी अहम जिम्मेदारी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

अभी हाल ही में कर्नलगंज सर्किल से स्थानांतरित हुए क्षेत्राधिकारी विनय सिंह को पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा नई अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक विनय सिंह अब क्षेत्राधिकारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के दायित्वों का निर्वहन करते हुए निम्नलिखित थानों एवं शाखाओं का पर्यवेक्षण भी करेंगे। जिसमे महिला थाना ए0एच0टी0यू0, महिला सम्बन्धी अपराध का अनुश्रवण (महिला हेल्पडेस्क), महिला सहायता प्रकोष्ठ (परामर्श केन्द्र), महिला सम्मान कोष (आर्थिक सहायता) महिला आयोग



एवं महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन का कार्य शामिल है। उक्त के अतिरिक्त समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्यों/दायित्वों का समयबद्ध अनुपालन करना होगा तथा अपने अपने सर्किल के थानों के अन्तर्गत पंजीकृत होने वाले अपराधों के पर्यवेक्षण एवं अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण व कानून व्यवस्था सुदृढ बनाये रखने की भी जिम्मेदारी दी गई है।

इसी के साथ ही साथ पुलिस अधीक्षक द्वारा लिंक अधिकारी नामित किया गया है। जिसके तहत क्षेत्राधिकारी नगर के लिंक अधिकारी क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज होंगें तथा क्षेत्राधिकारी सदर एवं क्षेत्राधिकारी मनकापुर आपस में एक-दूसरे के लिंक अधिकारी व क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज तथा क्षेत्राधिकारी तरबगंज आपस में एक-दूसरे के लिंक अधिकारी होंगे। वहीं क्षेत्राधिकारी लाइन के लिंक अधिकारी क्षेत्राधिकारी मनकापुर होंगे।



## विशेष टीकाकरण पखवाड़े का डीएम ने किया शुभारंभ

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** आज सोमवार को जिला महिला अस्पताल गोंडा में विशेष टीकाकरण पखवाड़ा के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ0 उज्वल कुमार ने फीता काटकर एवं बच्चों को वैक्सीन पिलाकर विशेष टीकाकरण पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान जिला महिला अस्पताल में डीएम ने लगभग कई बच्चों को वैक्सीन पिलाया तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रश्मि वर्मा एवं एसीएमओ डॉ0 ए.पी सिंह ने भी बच्चों को अभियान के दौरान वैक्सीन पिलाया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए विशेष टीकाकरण पखवाड़ा पर जनपद के सभी सीएचसी एवं पीएचसी पर बच्चों को वैक्सीन पिलाया जाए ताकि इस टीकाकरण अभियान को सफल बनाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि टीकाकरण पखवाड़ा का समय समय पर सभी सीएचसी और सभी पीएचसी पर निरीक्षण करते रहे ताकि बच्चों के टीकाकरण समय से हो। इस अवसर पर सीएमएस महिला अस्पताल सहित विभाग से संबंधित लोग उपस्थित रहे।

# कब्रिस्तान व जलमग्न भूमि से अवैध कब्जा हटवाने में हो रही लापरवाही

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

स्थानीय तहसील क्षेत्र में कब्रिस्तान व जलमग्न तालाब की भूमि पर अवैध निर्माण कर पक्का निर्माण किये जाने के मामले में लापरवाही बरती जा रही है। जिससे शव का अंतिम संस्कार करने में समस्या बनी होने के साथ ही जलमग्न भूमि पर भी अवैध कब्जा होने की वजह से जानवरों को पानी पीने व जलनिकासी की समस्या हो रही है।

प्रकरण तहसील क्षेत्र के ग्राम उल्हा का है। जहाँ के ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, थाना समाधान दिवस व मुख्यमंत्री पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि ग्राम सभा में गाटा

**▸ ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से डीएम, एसडीएम, थाना समाधान दिवस व मुख्यमंत्री पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत करते हुए लगाया आरोप**

संख्या 80 कब्रिस्तान व गाटा संख्या 93 जलमग्न भूमि दर्ज कागजात है। जिस पर गाँव के ही मोहम्मद रशीद, मोहम्मद शफीक, मोहम्मद अतीक, मोहम्मद रफीक, जिब्राईल, रमजान व बाले आदि ने पक्का मकान, छप्पर तथा शौचालय आदि बना लिया है, जिससे गाँव मे किसी का भी यदि निधन होता है तो शव का अंतिम संस्कार करने के लिए समस्या बनी हुई है। साथ ही जलमग्न भूमि पर भी अवैध कब्जा होने की वजह से जानवरों को पानी पीने व जलनिकासी की समस्या हो रही है। जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत उल्हा में जिलाधिकारी की चौपाल में भी की गयी थी जिस पर जाँच टीम ने पैमाइश की और दस दिन में कार्रवाई की बात कही। लेकिन तीन माह बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी।शिकायती पत्र पर मोहम्मद शरीफ, शब्बीर, वसीम, सद्दाम, सिराज अहमद व मोहम्मद अशफाक सहित करीब दो दर्जन लोगों के हस्ताक्षर हैं। इस संबंध में कानूनगो जगदम्बा पाण्डेय ने बताया कि लेखपाल द्वारा लापरवाही बरती जा रही है,अब मैं स्वयं इस मामले को देख रहा हूँ रिपोर्ट तैयार कर बेदखली की कार्रवाई की जाएगी।

# खेलते समय कुएं में गिरने से बालक की मौत



**▸ परिजनों में मचा कोहराम, गांव में छाया मातम**

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में सोमवार को बच्चों के खेलते-खेलते एक मासूम कुएं में गिर गया,जब तक लोग उसे निकालते तब तक कुएं में डूबकर उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिवार सहित पूरे गांव में मातम छा गया। घटना कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम करुआ नचनी गांव की है। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को अवधेश कुमार गोस्वामी का करीब 8 वर्षीय पुत्र गांव में बच्चों के साथ खेलते खेलते अचानक कुएं में गिर गया,जब तक लोग उसे बाहर निकालते तब तक उसकी कुएं में मौत हो गई। वहीं बच्चे की मौत से गांव में मातम छा गया और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में वरिष्ठ उपनिरीक्षक कुबेर तिवारी ने बताया कि कार्यवाही जा रही है।

# शराब पीकर उपद्रव किया तो पहुंच गये कोतवाली

## पुलिस ने की शांतिभंग की कार्रवाई

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** शराब पीकर मोहल्ले के लोगों के साथ झगड़ा कर रहे व्यक्ति की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहगुवां निवासी रामकुमार शराब के नशे में गांव के लोगों के साथ गाली, गलौज व मारपीट कर रहा था। ग्रामीणों के समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दे दी।

मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को पकड़कर कोतवाली ले आई। जहां उसके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई।

# खबरें एक नजर में

## विवादों के घेरे में कर्नलगंज कोतवाली पुलिस, नहीं लिख रही है पीड़ित का मुकदमा



**करनैलगंज/गोंडा ,समृद्धि न्यूज।** मामूली जमीनी विवाद के चलते फूस से बने घर को आग के हवाले कर दिया। जिससे घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार घटना की रिर्पोट लिखाने के लिये थाने के चक्कर लगा रहा है। मामला कोतवाली करनैलगंज के गांव हीरापुर कमियार का है। यहां के निवासी लल्लू की पत्नी रामकली ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि रविवार की रात गांव के ही करीब चार लोगों ने मिलकर उनके मड़हे को आग लगा दिया। जिससे मड़हे में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। यही नहीं महिला का आरोप है कि विपक्षियों द्वारा पूरे परिवार को जान से मार डालने की धमकी भी दी गयी। घटना की सूचना डायल 112 सहित स्थानीय पुलिस को भी दी गयी। मगर पुलिस मौके पर जाकर वापस हो गयी। जिससे पूरा परिवार डरा हुआ है। महिला का आरोप है कि पुलिस विपक्षियों से मिली हुई है। जिससे उनके हौसले बुलंद है। इस मामले में प्रभारी कोतवाल एसएसआई कुबेर तिवारी का कहना है कि घटना उनके संज्ञान में नहीं है फिर भी अगर घटना हुई है तो तहरीर लेकर कार्यवाई की जायेगी।

## महिला पर तेंदुए ने किया हमला

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जनपद के फकीरपुरी गांव निवासी एक महिला पर सोमवार को तेंदुए ने हमला कर दिया। महिला ने संघर्ष कर तेंदुए से जान बचाई। हमले में घायल महिला को पीएचसी से मोतीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक खेत में काम करते समय तेंदुए ने हमला किया है। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग का फकीरपुरी गांव जंगल से सटा हुआ है। गांव निवासी लल्ली देवी (40) पत्नी राम प्रताप सोमवार को खेत में काम कर रही थी। तभी जंगल से निकलकर तेंदुआ पहुंच गया। तेंदुए ने महिला के सिर को पीछे से दबोच लिया। महिला ने शोर मचाते हुए संघर्ष किया। खेत में मौजूद अन्य लोगों ने हांका लगाया। इस पर तेंदुआ महिला को छोड़कर जंगल में चला गया। महिला को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर रेफर कर दिया गया है। महिला के सिर में हमले के गंभीर निशान हैं। ग्रामीण बाघ के हमले की बात कह रहे हैं। डीएफओ आकाशदीप वधावन ने बताया कि अभी तक तेंदुए के हमले की आशंका है। क्षेत्रीय वन क्षेत्राधिकारी की रिपोर्ट पर ही कुछ कहा जा सकता है।

## अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।** कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी उमेश पांडे के मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष कुठौंद अखिलेश द्विवेदी के द्वारा चलाए जा रहे अभियान के मद्देनजर चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तारी एनबीडब्ल्यू संदिग्ध अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत थाना पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त समर सिंह राठौर पुत्र राम दुलारे राठौर निवासी ग्राम मदारीपुर को एससी, एसटी एक्ट के मुकदमे में न्यायालय में विशेष न्यायाधीश के यहां उपस्थित न होने से वांछित अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है जो काफी दिनों से फरार चल रहा था गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक राम लड़ेते, हेड कांस्टेबल हरगोविंद सिंह, कांस्टेबल प्रवीण राज शर्मा आदि ने गिरफ्तार कर न्यायालय में विशेष न्यायाधीश के समक्ष उपस्थित किया इससे पहले भी थानाध्यक्ष कुठौंद अखिलेश द्विवेदी के नेतृत्व में कई गैंगस्टर एवं वांछित अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है जिससे थाना क्षेत्र में शांति व्याप्त हैं।

# पेड़ में उभरी आकृति तो भक्तों ने लगाए जयकारे



**▸ बोले- हनुमान जी ने दिए दर्शन**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के गोंदौरा गांव में स्थित पुराने पीपल के पेड़ में भगवान हनुमान जैसी आकृति उभर आई है। जिसे देखने के लिए क्षेत्र के चारो तरफ के ग्रामीण पहुंच रहे हैं।

सभी भगवान हनुमान का जयकारा लगा रहे हैं। जनपद बहराइच के रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोंदौरा गांव में विशालकाय पुराना पेड़ लगा हुआ है।गांव निवासी पूर्व प्रधान सीताराम, अजय कुमार, सतीश, राम पाल, मुंशी लाल और सुशील आदि ने बताया कि दो दिन पूर्व पीपल के पेड़ में भगवान हनुमान की आकृति उभर आई। यह अफवाह गांव में फैल गई। जिस पर सैकड़ों की संख्या में लोग पेड़ की तरफ गए।

सभी आकृति को देखकर भगवान हनुमान की मूर्ति बता रहे हैं।गांव के लोग प्रतिदिन वहां पहुंचकर पूजा अर्चना कर रहे हैं।

साथ ही भगवान बजरंग बली के जयकारे लगा रहे हैं। इस मामले में कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर विनायक शाही से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आस्था अपनी जगह है। लेकिन पेड़ों पर विभिन्न प्रकार के उभार आ जाते हैं।

## युवा लेखक शेखर ने बढ़ाया कैसरगंज का सम्मान : एसडीएम

**बहराइच समृद्धि न्यूज़** युवा लेखक शेखर ने उपजिलाधिकारी कैसरगंज को अपनी पुस्तक यूपी टीईटी इंग्लिश स्पेशल भेंट की। कैसरगंज के इस युवा लेखक ने अपनी लेखनी द्वारा कैसरगंज क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। कैसरगंज के गंडारा गांव के मूल रूप से निवासी शेखर श्रीवास्तव ने अंग्रेजी ग्रामर पर कई पुस्तकें लिखी हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र- छात्राओं के लिए उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकें उपयोगी हैं। यह विचार उपजिलाधिकारी ने शेखर की उपलब्धियों पर व्यक्त किए। अभी हाल में ही उनकी पुस्तक अपेक्स वन लाइनर इंग्लिश लिटरेचर पुस्तक भी प्रकाशित हुई जिसने सर्वाधिक बिकने का रिकॉर्ड भी दर्ज किया है। शिक्षा के साथ-साथ अपनी साहित्यिक रचनाओं के द्वारा उन्होंने अनेक सम्मान भी प्राप्त किए हैं। सह लेखक के रूप में उनकी 10 और स्वतंत्र लेखक के रूप में उनकी 4 पुस्तकें यूनिवर्सल पब्लिकेशन प्रयागराज द्वारा प्रकाशित हो चुकी हैं।

# बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिए चलाया जागरुकता अभियान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय ग्रामोत्थान सेवा विकास संस्थान द्वारा संचालित सब सेंटर चाइल्डलाइन जरवलरोड तथा प्रथम संस्था एवं को लैब देहात तथा थाना कैसरगंज के संयुक्त तत्वाधान में बाल श्रम बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए अभियान चलाया गया। जिसमें सेंटर प्रभारी द्वारा होटलों, बाजारों एवं ढाबों में काम करने वाले होटल मालिक को सख्त हिदायत देते हुए बताया गया कि यदि कोई बच्चा दुकान गेराज या अन्य स्थानों पर बालश्रम करता हुआ पाया गया। तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। और बाल श्रम में सजा एवं जुर्माना का भी प्रावधान बताया गया।उक्त कार्यक्रम में थाना कैसरगंज से एस आई रंजीत, पूनम प्रथम संस्था से को लैब से आंचल, प्रज्वल सब सेंटर प्रभारी सरिता सिंह जरवल रोड टीम सदस्य नायक सिंह विनोद सिंह रणवीर सिंह मौजूद रहे।

# जेएनयू दीक्षांत समारोह में सुधीर शुक्ला को मिली पीएचडी की उपाधि

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जरवलरोड के यूथ आईकॉन डॉक्टर सुधीर शुक्ला को जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) दिल्ली के छठ में दीक्षांत समारोह में जेएनयू के कुलाधिपति विजय कुमार सारस्वत और कुलपति शांति श्री पंडित ने पीएचडी की डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया। गोंडा जिले के अतरौलिया रामगढ़ निवासी सुधीर शुक्ला ने वर्ष 2003 में ठाकुर भगवती सिंह किसान इंटर कॉलेज जरवलरोड से इंटरमीडिएट की शिक्षा ग्रहण की थी। सुधीर को यह उपाधि ÷हेल्थ सॉक्स एंड वेलबीइंग एमंग अर्बन लोअर मिडिल इनकम ग्रुप केस स्टडी आफ



एनसीटी आफ दिल्ली÷ विषय पर शोध कार्य पूरा करने पर दी गई। सुधीर ने यह शोध कार्य पीएचडी सुपरवाइजर प्रोफेसर नंदिता साइकिया की देखरेख में पूर्ण किया। सुधीर शुक्ला ने अपने रिसर्च में शहरी निम्न मध्यम आय वर्ग के परिवारों में स्वास्थ्य खर्च की वजह से आघात और व्यक्ति परख स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता का आकलन किया है। जिसके लिए उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की एक केस स्टडी की थी। जिसमें पाया कि स्वास्थ्य खर्च संबंधी आघात का सामना करने वाले निम्न मध्यमवर्गीय परिवार गरीब और बीपीएल परिवारों की तरह ही चिकित्सा उपचार के लिए भारी भुगतान और साथ ही बीमारी की वजह से असमर्थता से आए हानि होने से दो तरफा स्वास्थ्य आघात से प्रभावित होते हैं। सुधीर शुक्ला ग्रामीण परिवेश से संघर्ष करते हुए देश के उत्कृष्ट विश्वविद्यालय जेएनयू से पीएचडी की उपाधि मिलने पर गोंडा और बहराइच जिले का नाम रोशन किया है। वह जरवल रोड क्षेत्र के पहले ऐसे छात्र हैं जिन्होंने जेएनयू से पीएचडी की डिग्री हासिल की है। सुधीर को पीएचडी की उपाधि मिलने से उनके पिता सत्यदेव शुक्ला एवं माता बिंदेश्वरी शुक्ला, उपेंद्र शुक्ला पिंकी शुक्ला डॉ सर्वेश शुक्ला, रवि शुक्ला, यज्ञदेव शुक्ला आदि ने विशेष खुशी जाहिर की है।

# एसपी ने 13 उप निरीक्षकों समेत 29 पुलिस कर्मियों का बदला कार्यक्षेत्र

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक ने 13 उप निरीक्षकों समेत 29 पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। इनमें दो चौकी इंचार्ज भी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जिले के विभिन्न थानों में तैनात उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है। एसपी ने बताया कि कोतवाली मूर्तिहा में तैनात उप निरीक्षक कमलेंद्र प्रताप सिंह को खैरीघाट, राम गांव में तैनात शैलेंद्र कुमार शर्मा को सुजौली, नवाबगंज के अयोध्या प्रसाद को राम गांव, राम गांव के रविंद्र सिंह तोमर को नवाबगंज, रूपईडीहा के आस मुहम्मद को हरदी, सुभाष चंद्र यादव हरदी को खैरीघाट, राम शंकर यादव खैरीघाट को सुजौली, राम दवन यादव खैरीघाट को कोतवाली नगर, भुवनेश्वर यादव खैरीघाट को जरवल रोड, बौंडी के गोपाल तिवारी को हुजूरपुर, राम गांव के सुनील कुमार सिंह को रिसिया, नवाबगंज के उप निसीक्षक राघवेंद्र सिंह को चौकी इंचार्ज बेदनापुर और विपिन कुमार चौकी इंचार्ज बेडनापुर को कुंडासर का इंचार्ज बनाया गया है। इसके अलावा एसपी ने विभिन्न थानों और पुलिस लाइन में तैनात 16 सिपाहियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है।

# चोरी की बाइक के साथ पुलिस ने शातिर को किया गिरफ्तार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली देहात पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ शातिर चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वह पूर्व में भी चोरी की वारदात को अंजाम दे चुका है। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक आरके पांडेय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देश पर पुलिस टीम लखनऊ बाईपास मार्ग पर वाहनों की जांच कर रही थी। रविवार शाम सात बजे चौकी इंचार्ज त्रिलोकी नाथ मौर्य, हेड कांस्टेबल हरिशंकर पांडेय, सतेंद्र कुमार और आशीष नाथ चौहान की टीम ने बाइक सवार को रोका। इसके बाद बाइक के कागजात मांगे, लेकिन बाइक सवार कागजात नहीं दिखा सका।



पुलिस की पूछताछ में बाइक चोरी की निकली। जिस पर शतीत चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। उसकी पहचान सल्लू पुत्र हसीब उर्फ पांडेय निवासी हमीनपुर खैरहनिया के रूप में हुई है। पुलिस ने बरामद चोरी की बाइक संख्या यूपी 40 एडी 4681 को सीज कर दिया है। कोतवाल ने बताया कि पूर्व में भी चोरी की वारदात में आरोपी शामिल होने की बात स्वीकार की है।

## मां ने नहीं दिए शराब के लिए रुपए तो बेटे ने दे दी जान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के बक्शीपुरा मोहल्ला निवासी एक राज मिस्त्री ने मां से शराब पीने के लिए रुपये मांगा। मां के रुपये देने से इंकार कर दिया तो इससे क्षुब्ध राज मिस्त्री ने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।जिले के दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला बक्शीपुरा मोहल्ला निवासी दयाराम (35) पुत्र दयाराम राज मिस्त्री का काम करता था।रविवार शाम को दयाराम ने अपनी मां से शराब पीने के लिए रुपये मांगा। लेकिन मां ने रूपये देने से इंकार कर दिया। इससे बेटा क्षुब्ध हो गया। राज मिस्त्री ने घर में जाकर फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी परिवार के लोगों ने पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक राम दवन मौर्य ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राज मिस्त्री ने फंदा लगाकर जान दी है। मृतक के पिता ने बताया कि बेटा शराब का आदी था। शराब का रूपया न मिलने पर आत्महत्या की है।

# जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब बहराइच अन्तर्गत जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में महराज सिंह इंटर कॉलेज बहराइच के प्रांगण में ''वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान'' की थीम पर आयोजित विशाल जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सदर अनुपमा जायसवाल ने विधायक महसी सुरेश्वर सिंह व पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, कार्यक्रम समन्वयक जिला विद्यालय निरीक्षक जय प्रताप सिंह, वित एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा विजय शंकर तिवारी व अन्य अतिथियों के साथ बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये मॉडलों का निरीक्षण करते हुए छात्र-छात्राओं की मेधा की सराहना की। प्रदर्शनी के दौरान जनप्रतिनिधियों, डीएम, एसपी व अतिथियों द्वारा मॉडलों के अवलोकन करते हुए मण्डल एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के दृष्टिगत बच्चों को महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। प्रतियोगिता में 24 विद्यालयों के 200 छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जबकि कुल 100 क्रियाशील एवं अक्रियाशील मॉडल प्रस्तुत किए गए। जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिता में किसान पीजी कॉलेज बहराइच के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार व अखिलेश कुमार उपाध्याय, राजकीय पॉलिटेक्निक बहराइच के प्रवक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स गौरव कुमार वर्मा व विनोद कुमार त्रिपाठी द्वारा निर्णायक की भूमिका का




निर्वहन किया गया।

जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिता में पायनियर पब्लिक स्कूल के फुरकान अहमद, बाल शिक्षा निकेतन की अनन्या सोनी व सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की तान्या त्रिवेदी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जबकि इंजीनियरिंग वर्ग में इलेक्ट्रॉनिक्स वर्ग की अन्तिम वर्ष की छात्रा रीता यादव के मॉडल को सर्वश्रेष्ठ माडल चयनित किया गया। प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को तीन, दो व एक हज़ार रूपये का नकद पुरस्कार के साथ शील्ड, मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सदर विधायक ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023 की थीम ''वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान'' विषय पर कराए जा रहे कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा इस तरह के आयोजनों की प्रासंगिकता पर बल दिया। विधायक महसी ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में विज्ञान के प्रति रूचि पैदा करने में सहायक होंगे। भवरू आयोजन के लिए श्री सिंह ने सभी जिम्मेदार की प्रशंसा की। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का जज़्बा पैदा करेंगे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने बच्चों के बनाए गए मॉडल की सराहना करते हुए बच्चों को ड्रोन टेक्नोलॉजी, हाइड्रोजन गैस व इंटरनेट तथा इसके साथ वर्तमान विषय में हो रहे नवीन शोधों की जानकारियों से अवगत कराते हुए सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा नकद रूप से पुरस्कृत भी किया।

# विशेष नियमित टीकाकरण पखवारा शुरू

**24 मार्च तक चलेगा**

**7,912 बच्चों को टीका लगाए जाने का लक्ष्य**



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज**

नियमित टीकाकरण की शिशु एवं बाल मृत्यु दर तथा बीमारियों में कमी में महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी क्रम में सोमवार (13 मार्च)से विशेष टीकाकरण पखवारा शुरू हुआ जो कि 24 मार्च तक चलेगा। जिसके तहत शून्य से पाँच साल तक की आयु के बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण किया जारहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि सोमवार से शुरू हुए विशेष टीकाकरण पखवारे में कुल 7,912 बच्चों को टीका लगाए जाने का लक्ष्य है। इसके लिए 1147 सत्र आयोजित किए जारहे हैं और इतनी ही टीम लगाई गई हैं। हमारा लक्ष्य जनपद के हर बच्चे को टीका लगाना सुनिश्चित करना है। इससे पहले जनवरी और फरवरी माह में भी विशेष टीकाकरण पखवारा आयोजित किया जा चुका है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि टीका पूरी तरह से सुरक्षित है। पाँच साल की आयु तक 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए सात टीके लगाए जाते हैं।

यह टीके न केवल जानलेवा बीमारियों से बच्चों की रक्षा करते हैं बल्कि कुपोषण से भी बचाते हैं। यदि बच्चा कुपोषित है तो वह बार-बार अन्य बीमारियों के संक्रमण की जद में आसानी से आ जाएगा। इसलिए नियमित टीकाकरण की अनदेखी न करें। इस बात को ध्यान में रखें कि हर बच्चे को टीका लगाने के लिए नई सुई का इस्तेमाल किया जाता है। इससे संक्रमण होने की संभावना बिल्कुल भी नहीं है। इसके साथ ही ये टीके घर के समीप लगाए जाएंगे। इससे न केवल पैसे की बचत होगी बल्कि समय भी बर्बाद नहीं होगा। जीवन के सुरक्षा चक्र को टूटने न दें। बच्चे का नियमित टीकाकरण जरूर कराएं।

## पुलिस अधीक्षक ने बछरावां थाने का किया औचक निरीक्षण



**बछरावां (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी बछरावां थाने पहुंचे। उन्होंने बंदी गृह, महिला बैरक, स्टाफ आवास वा ऑफिस की साफ सफाई देखी कमियां दिखने पर थानाध्यक्ष को इसके लिये निर्देशित भी किया। क्षेत्र में आमजनमानस का पुलिस के प्रति नजरिया कैसे सकारात्मक हो। साथ ही आमजनमानस में भय ना होकर अराजक तत्वों के दिलो दिमाग मे पुलिस का भय अवश्य होना चाहिए। साथ ही क्षेत्र में कानून व्यस्था को और चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिये।

# भ्रष्टाचार उजागर करना पड़ रहा ग्रामीणों को भारी पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम प्रधान के भ्रष्टाचार उजागर करने पर प्रधान द्वारा झूठे आरोप लगाकर फसाने के लिए बनाया जा रहा है निशाना। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत अचली के निवासी ननई एवं रामचंद्र ने पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी से लगाई न्याय की गुहार लिखित तहरीर देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत पूरे अचली विकासखंड महाराजगंज के निवासी हैं पूर्व में प्रार्थी गण द्वारा ग्राम प्रधान कलावती और उनके पति राम विपत्ति द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की शिकायत जिलाधिकारी महोदय से की जिसमें 14 /7/ 2022 को जिलाधिकारी महोदय ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी की गठन किया था जांच कमेटी की जांच में ग्राम प्रधान कलावती द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की पुष्टि हुई है। उनके पति राम विपत्ति जो अपने को सरकारी महकमे का सामने तकथित प्रधान प्रतिनिधि बताकर पेश होता है। उनके द्वारा अपने दलित होने का फायदा उठाकर झूठे मारपीट रंगदारी मांगने और जातिसूचक गाली देने जैसे झूठे आरोप लगाकर निशाना बनाया जा रहा है। और बदला लेने के लिए जान से मार देना या एससी एसटी एक्ट में फंसा कर जीवन बर्बाद करने की धमकी देता है। और ग्रामीणों के फर्जी अंगूठा और हस्ताक्षर बनाकर झूठी शिकायत देकर प्रार्थीगढ को लगातार फसाने के प्रयास कर रहा है। ननई और रामचंद्र ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी से मामले की जांच की जानकारी करके ग्राम प्रधान कलावती प्रधान प्रतिनिधि राम विपत्ति पर विधिक कार्यवाही करने की पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई।

## खबरें एक नजर में

### प्रेमी संग फरार किशोरी घर लौटी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र में छः मार्च को नाबालिक किशोरी को पड़ोसी युवक कहीं लेकर चला गया था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया था। पुलिस खोजबीन कर रही थी। सोमवार को किशोरी वापस घर लौट आयी जिसे पुलिस ने जिला अस्पताल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के एक कस्बा निवासी पिता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि कस्बे का रामजी छः मार्च को उसकी नाबालिक पुत्री को लेकर चला गया था। इस संबंध में थाना प्रभारी अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि युवक के खिलाफअपहरण का मुकद्दमा दर्ज है किशोरी को मेडिकल के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

### दबंगों ने घर में घुस महिला व बच्चों को पीटा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** माखी थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते दबंगो ने गाली-गलौज करते हुए घर में घुसकर महिला व बच्चों के साथ मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफमुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। पुरवा गांव निवासी रीना सिंह पत्नी दिलीप सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि गांव का ही सचिन सिंह पुत्र शिवकरन सिंह डेढ साल पहले उसकी पुत्री को भगा ले गया था। तबसे दोनों परिवारों के बीच रंजिश चल रही थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज होने लगी। जिसपर सचिन सिंह पुत्र शिवकरन सिंह, विकल सिंह पुत्र कैलाश सिंह, धनंजय सिंह पुत्र मुन्नू सिंह, कैलाश सिंह पुत्र बाबू सिंह गाली-गलौज करते हुए घर में घुस आए और मारपीट करने लगे जिससे रीना सिंह, पुत्री रिया, पुत्र शिवा सिंह, मनीष सिंह के साथ भी मारपीट की। इस संबंध में थाना प्रभारी रामआसरे चौधरी ने बताया कि मारपीट की घटना में तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है।

### मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** होली के पर्व पर ससुराल गया युवक बीती 10 मार्च को घर लौटते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया था। गंभीर हालत में परिजन उसका कानपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार करा रहे थे जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। थाने पहुंचे परिजनों की तहरीर पर दही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दही थाना क्षेत्र के बजारखेड़ा मजरे दुआ निवासी रामू (28) पुत्र रमेश होली के पर्व पर बीती 9 मार्च को अपनी ससुराल पुरवा कोतवाली क्षेत्र के तारगांव गया था। पिता रमेश के मुताबिक 10 मार्च की दोपहर बिछिया सीएचसी से उसके पास फोन आया जिसमें बेटे के सड़क हादसे में घायल होने की बात कही गयी। वहां पहुंचने पर डाक्टर ने हालत गंभीर बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल के डाक्टरों ने भी उसकी हालत नाजुक बताकर कानपुर हैलट रेफर किया। बेहतर इलाज के लिए बेटे को कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बीतीशाम उसकी मौत हो गयी। मृतक मजदूरी करता था। चार भाईयों पंकज, अंकज और श्यामू में रामू तीसरे नंबर का था। उसकी मौत पर मां रामरती व पत्नी गुड़िया समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से उसकी दो बेटियों समीक्षा (3) व राधा (डेढ साल) के सिर से पिता का साया छिन गया। शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। पिता की सूचना पर दही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### माँ संदोही देवी का वार्षिकोत्सव व तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 15 मार्च से

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत बीघापुर स्थित माता संदोही मंदिर भक्तों के बीच आस्था का केंद्र बिंदु बना हुआ है। दूर दराज से भारी संख्या में लोग इस मंदिर में माथा टेकने आते हैं। माना जाता है कि प्राचीन मंदिर क्रांतिकारियों की शरणस्थली भी हुआ करता था। बुजुर्ग लोग मंदिर का इतिहास बहुत ही दिलचस्प तरीके से सुनाते हैं। पौराणिकता को लेकर विख्यात माता संदोही मंदिर में 102 वर्ष पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की नींव पड़ी थी। जिसे अनवरत् जारी रखा गया है। जिसके तहत 15 मार्च से यहां तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। माता संदोही मंदिर की स्थापना बंजारा समाज ने कई सैकड़ों वर्ष पूर्व कराई थी। मंदिर का उल्लेख ऐतिहासिक आल्हा खण्ड में मिलता है। सर्वप्रथम प्रकाशित आल्हा खण्ड जिसे असली आल्हा खण्ड कहा जाता है, में देवनागरी लिपि में मुंशी रामस्वरूप के द्वारा तत्कालीन अंग्रेज अफसर बहादुर मिस्टर सीई इलिएट जो कि फर्रुखाबाद का बन्दोबस्त कलेक्टर था, उसकी अनुमति पर प्रकाशित किया गया था। इसी अंग्रेज अफसर ने इस आल्हा खण्ड को अंग्रेजी में अनुवाद कराकर लंदन भेज दिया था। इसी अनुवाद में माता सन्दोही देवी की महत्ता का वर्णन मिलता है। अफसर द्वारा बनाए गए रिकार्ड में इस बात का जिक्र है कि बीघापुर का माता संदोही देवी का मंदिर विद्रोहियों का बड़ा केन्द्र था। संवत् 1921 में प्रकाशित असली आल्हा खण्ड को पं0 भोलानाथ जी व लखीमपुर खीरी 'अवध' के नारायण प्रसाद सीताराम ने कुछ संशोधनों के साथ प्रकाशित किया था। इसके दस्तावेजीय प्रमाण भी हैं। कालान्तर में इसी तालाब से लोग अपनी प्यास बुझाया करते थे। वहीं पास ही बना यात्री विश्रामालय बारादरी दूर-दराज से आने वाले यात्रियों के लिए आज भी सुकून देती है। कस्बे के 100 वर्ष पहले शिवबालक नम्बरदार ने मंदिर के आसपास के जंगल को साफकराकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन शुरू कराया था। तबसे लेकर आज तक उन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता आ रहा है। इस वर्ष भी परम्परागत तरीके से 15 मार्च से मंदिर समिति सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराने जा रही है। जिसमे उत्तर प्रदेश की लोक नाट्य कला का मंचन व लोकनृत्य आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे जो 15 मार्च से 17 मार्च तक चलेंगे। मेला समिति के अध्यक्ष व आयोजक पंकज कुमार सिंह ने समस्त जनता से कार्यक्रम में आने की अपील किया हैं।

# जिलाधिकारी ने जनपद में 84 गेहूँ क्रय केन्द्र किये अनुमोदित

**गेहूँ क्रय केन्द्रों में किसानों से गेहूं को क्रय व न्यूनतम समर्थन मूल्य लाभ दिलाने की कार्यवाही पूर्ण करें : माला श्रीवास्तव**




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने जनपद रायबरेली में रबी विपणन वर्ष 2023-24 के लिए किसानों से सीधे गेहूँ क्रय किये जाने और उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ दिलाये जाने हेतु एजेन्सीवार कुल 84 गेहूँ क्रय केन्द्र अनुमोदित किये गये है। जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देश दिये है कि रबी विपणन वर्ष में किसानों से सीधे गेहूँ को क्रय किये जाने और उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य लाभ दिलाने की आवश्यक कार्यवाहियां पूरी कर इस सन्दर्भ में प्रचार-प्रसार आदि कर किसानों की सुख-सुविधाओं की व्यवस्था इलेक्ट्रॉनिक कांटा आदि की व्यवस्था गेहूँ क्रय केन्द्रों पर रखे।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया है कि खाद्य विभाग के 20, पी0सी0एफ0 के 63 तथा भारतीय खाद्य निगम के 01 कुल 84 गेहूँ क्रय केन्द्रों की सूची अनुमोदित कर दी गई है। समस्त तहसीलों के सभी विकास खण्डों में निर्धारित स्थानों पर गेहूँ क्रय केन्द्र संचालित किये जायेंगे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के कार्यक्रम का किया आयोजन



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड के प्रांगड़ में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन शिवगढ़ व बछरावां विकास खंड ने सामूहिक रूप से आयोजित किया। कार्यक्रम में दोनों विकास खंडों से कुल 59 जोड़े विवाह बंधन में बँधे। सभी जोड़ो का विवाह हिन्दू रीत रिवाजों के द्वारा सम्पन्न कराया गया। रीता पुत्री संतराम निवासी छोटी खेड़ा का विवाह केश कुमार पुत्र हरवादीन निवासी मथुरा नगर बैंती वा शशी पुत्री रामसमुझ निवासी पहुरावां पोस्ट बहादुरनगर का विवाह कुलदीप पुत्र रतिपाल निवासी छतौनी मोहनलालगंज से हुआ। सभी नव विवाहित जोड़ो को सीडीओ वा बीडीओ ने आशीर्वाद दिया। गृहस्ती का सामान वा पूर्व निर्धारित सभी वस्तुएं सभी जोड़ों को दी गयी। सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं में से एक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ज़मीनी रूप में आम जनमानस तक सुलभ रूप से लाभ पहुँचा रही है। गरीब परिवारों के हज़ारो कन्यायों के हाथ अकेले इस विकास खंड में ही पीले हुए है। इस योजना से कहीं ना कहीं बिटिया ब्याहने में आने वाले व्यव से आर्थिक कमजोर तबके को कुछ राहत अवश्य पहुँची है।

### 15 जोड़ों ने लिए अग्नि के सात फेरे



**लालगंज।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत तहसील लालगंज के सरेनी व लालगंज ब्लाक के 15 जोड़ों ने विकास खंड कार्यालय लालगंज मुख्यालय पर आयोजित विवाह समारोह में सात फेरे लिए। इस अवसर पर एसडीएम लालगंज अजीत प्रताप सिंह व खंड विकास अधिकारी डॉ अंजू रानी वर्मा ने सभी जोड़ों को प्रमाण पत्र वितरित किए। शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े पर 51 हजार रुपए खर्च किए जाते हैं। जिसमें से 35 हजार कन्या के खाते में 10 हजार का वर वधु को सामान एवं 6 हजार रुपए पंडाल व खाने पर खर्च किए जाते हैं। पर इस बार खाने पीने वाले खर्च का टेंडर ठेकेदार को दिए जाने के कारण अव्यवस्थाओं का बोलबाला देखने को मिला वर वधु के साथ-साथ उनके परिजनों ने बताया कि पंडाल में 6 घंटे तक वह सभी बैठे रहे पर किसी ने उन्हें पानी तक मुहैया नहीं कराया हालांकि विवाह संपन्न होने के बाद औपचारिकता निभाते हुए उन्हें भोजन की व्यवस्था कराई गई। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी डॉ अंजू रानी वर्मा ने बताया कि खाने-पीने से लेकर पांडाल तक की व्यवस्था ठेकेदार द्वारा की गई थी जिसके कारण थोड़ी बहुत अव्यवस्था रही।

### 15 मार्च को राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला का एकदिवसीय रायबरेली दौरा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की मा0 राज्यमंत्री एवं जनपद की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला 15 मार्च 2023 को 11:30 बजे विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक करेंगी। अपरान्ह 1 बजे वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण करेंगी। इसी क्रम में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के अन्तर्गत पी0सी0पी0एन0डी0टी0 एक्ट 1994 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में जनद स्तर पर लिंगानुपात गिरावट रोकने हेतु जन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन बचत भवन सभागार में किया जायेगा तथा प्रभारी मंत्री द्वारा आंग.नबाड़ी कार्यत्री, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं ग्राम प्रधानों के साथ संयुक्त रुप से संवाद भी किया जायेगा।

## कैम्प लगाकर किया उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण



**बछरावां (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**

बकाया बिल के भुगतान एवं बिल से संबंधित जानकारीयों एवं अपनी उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण के लिये विधुत विभाग की टीम द्वारा एक कैम्प का आयोजन बछरावां विकास खंड के ग्राम थुलेंडी में लगाया गया। जिसमे पहुँचे कर्मचारियों द्वारा लोगों की समस्यायों का निराकरण करने का प्रयाश किया गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याएं रक्खी। बकाया बिल धारकों जिनका बिल ज़्यादा हो गया है उन्हें किश्तों में बिल अदा करने की प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। थुलेंडी ग्राम के सैकड़ो लोग आज इस कैम्प में पहुँचे।

### युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**उन्नाव, समृद्धिन्यूज।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव रुदवारा में एक 40 वर्षीय युवक ने फांसी के फंदे पर झूल जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर शव विच्छेदन गृह भेजा। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव रुदवारा निवासी विनोद 40 पुत्र रामसहांय ने कमरे के छल्ले में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी पर झूलकर जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक विनोद मंडी से सब्जी लाकर गांव व क्षेत्र की बाजारों में सब्जी बेचने का काम करता था। मृतक अपने पीछे पत्नी गुड़िया व पुत्र सुभम 10 वर्ष व पुत्री बबली को छोड़ गया। परिवारीजनों के अनुसार मृतक की पत्नी गुड़िया मानसिक विक्षिप्त है और अपने मायके रैनापुर में ही रही है पिछले दो वर्षो से विनोद के घर पर नहीं आई है। विनोद के शव से दुर्गन्ध आने लगी थी जिससे लोग कयास यह भी लगा रहे है कि घटना एक दो दिन पहले की भी हो सकती है। विनोद शराब का आदी भी था। पिता रामसहांय ने सोहरामऊ थाने में लिखित सूचना दी है।

# लापता युवक का शव नदी में मिला



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

थाना असोहा क्षेत्र के मोहनखेड़ा गांव निवासी रामसेवक ने बीते दिनों अपने सबसे छोटे पुत्र समरजीत (20) के लापता होने का प्रार्थनापत्र दिया था जिसका शव गाँव से चार सौ मीटर दूर से निकली सई नदी में खर पतवार में फंसा मिला। गांव के ही संजय सई नदी में मछली मारने गए थे तो नदी के किनारे मोबाइल व कपड़े देख गांव में सूचना दी। मोबाइल व कपड़ो की सूचना मिलते ही पूरा गांव नदी किनारे दौड़ पड़ा और खोजबीन करने लगा तभी समरजीत का शव खर पतवार में फंसा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को नदी से निकलते हुए पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक समरजीत चार भाई बहनों अमरजीत, सीमा, रीमा में सबसे छोटा था। बहन सीमा की शादी हो गई है, वहीं पुत्र का शव देख माँ रामश्री बार-बार बेहोश जा रही थी। मृतक समरजीत पुणे में नौकरी करता था तथा होली पर चार मार्च को ही गांव आया था। ग्रामीणों की माने तो समरजीत बहुत ही मिलनसार व होनहार लड़का था।

# युवक ने लगाई फांसी भाई ने लगाया हत्या का आरोप

**महराजगंज/ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे भगन मजरे पोखरनी में 19 वर्षीय नवयुवक का फांसी के फंदे से लटकता शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के भाई तेजभान पुत्र रामकुमार सिंह ने तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि दिनांक 12 /03/2022 को लगभग शाम 4:00 बजे फूलचंद पुत्र श्रीराम निवासी पूरे भगन मजरे पोखरनी ने मेरे भाई विजयभान को फोन करके अपने घर बुलाया जिसके बाद मेरा भाई वापस घर नहीं लौटा। सूर्य प्रताप सिंह पुत्र रामशरन के बहन की पुत्री सीवी सिंह प्रार्थी के भाई विजयभान का प्रेम प्रसंग लगभग 2 वर्षों से चल रहा था इसी रंजिश को लेकर मेरे भाई को समस्त विपक्षी गणों ने एकजुट होकर सूर्यबक्श पुत्र रामशरन अपने कारखाने पर बुलाया जहां पहले से ही चार पांच लोग अज्ञात लोगों को बैठा रखा था रात लगभग 10:00 बजे प्रार्थी ने अपने भाई को फोन किया तो उसका फोन नहीं उठा। सुबह जब प्रार्थी के पिता अपनी ट्यूबवेल पर गए और कमरे का ताला खोलते ही धन्नी से लड़के का शव देखते ही उन्होंने शोर मचाया शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा सूचना पुलिस प्रशासन को दी गई जिस पर महराजगंज कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल पुलिसमय फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक के भाई ने उपरोक्त विपक्षीगणों पर हत्या का आरोप लगाया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कानूनी कार्यवाही की जाएगी।


## कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, अवध वन प्रभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रॉकः- 10073/9-1/लखनऊ — दिनांकः-13, मार्च, 2023

### अल्पकालीक निविदा-सूचना

मा0 श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से प्रभागीय वनाधिकारी, अवध वन प्रभाग, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्य हेतु किसी सरकारी संस्थान में सिविलअभियन्त्रण से सम्बन्धित कार्यो में क्लास-ए, बी, सी, व डी में कार्य के लिए पंजीकृत हों, निविदा डालने के योग्य होंगेः-

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु0 में जी0एस0टी0 सहित) | धरोहर धनराशि (रु0 में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | प्रभागीय वनाधिकारी अवध वन प्रभाग का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | लखनऊ | गोमतीनगर यूनिट के अन्तर्गत अरण्य विहार आवासीय परिसर के राजकीय आवास सं0 ए-04 की मरम्मत, रंगाई-पुताई व अन्य कार्य। | 4,00,000.00 | 33900.00 | 500.00 | 07 दिन | 21/475 इन्दिरानगर, लखनऊ |

उक्त कार्यो हेतु निविदा दस्तावेज में निर्धारित योग्यता माप दण्डों को पूरा करने वाली किसी सरकारी संस्थान में सिविल अभियन्त्रण से सम्बन्धित कार्यो में क्लास-ए, बी, सी, व डी में कार्य के लिए पंजीकृत फर्मो से उनकी सीमान्तर्गत निविदायें/बिड दिनांक 16-03-2023 के पूर्वान्ह 10:00 बजे से आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज निविदा बिक्री की अन्तिम तिथि 18-03-2023 को अपरान्ह 5:00 बजे तक क्रय व जमा किया जा सकता है। निविदा दिनांक 20-03-2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे खोली जायेगी। उक्त निर्माण कार्य हेतु इसी प्रकृति के कार्यों में अनुभवी, पारंगत एवं पंजीकृत हों, निविदा डालने योग्य होंगे।

**प्रभागीय वनाधिकारी,**
**अवध वन प्रभाग,**
**से0-21/475 इन्दिरानगर, लखनऊ।**


# रेलवे लाइन पर मिले प्रेमी-प्रेमिका के शव, हड़कंप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार सुबह गंगाघाट रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पर युवक और युवती का क्षत-विक्षत शव मिला है। लड़की के हाथ एक कपड़े से बंधे थे। उसके चेहरे पर चोट के निशान हैं। जबकि लड़के का शव 10 फीट दूर पड़ा था। दूसरे ट्रैक से गुजर रहे मालगाड़ी के ड्राइवर ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के अनुसार युवक राजबहादुर कानपुर के इंदलपुर पोस्ट पचौर गांव का रहने वाला था। जबकि युवती शिवली कानपुर देहात के हथकुड़वा बैरी गांव की थी। दोनों रिश्ते में फुफ़ेरे-ममेरे भाई-बहन हैं। दोनों के बीच अफेयर चल रहा था। इसकी जानकारी दोनों के परिजनों को लग गई थी और दोनों के परिवार रिश्ते के खिलाफथे। रविवार शाम को दोनों घर से निकले थे। मामले में आत्महत्या और हत्या दोनों एंगल से जांच हो रही है।



युवक राजबहादुर सटरिंग का काम करता था। वहीं युवती ने कक्षा 12 तक पढ़ाई की थी। वह घर पर ही रहती थी। इन दोनों के बीच लगभग दो साल से प्रेम प्रंसग चल रहा था। ये लोग शादी करना चाहते थे लेकिन परिजन इस बात नाराज थे। वह राजी नहीं थे। ये लोग रविवार शाम को घर से निकले थे। इसके बाद सोमवार सुबह इनके शव रेलवे ट्रैक पर मिले हैं। मगरवारा रेलवे स्टेशन मास्टर ने बताया कि सुबह करीब 5 बजे कानपुर से लखनऊ जा रही मालगाड़ी के चालक आरके चौधरी ने घटना की जानकारी दी। इसके बाद तत्काल आरपीएफ व जीआरपी सहित स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। लड़की हरी शर्ट और काली पैंट पहने थी। पुलिस के मुताबिक युवक ने नीला लोवर, नीली टीशर्ट हाथ में चूड़ा पहना था। जबकि युवती हरी शर्ट, काली पैंट और व्हाइट कलर के जूते पहने थी। वह रेड कलर का दुपट्टा भी डाले थी। युवक-युवती के शवों के बीच की दूरी करीब 10 फीट थी। वहीं पास में दो मोबाइल फोन और एक कानपुर के नंबर की डिस्कवर बाइक बरामद हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने जब युवती का शव देखा तो उसके दोनों हाथ एक कपड़े से बंधे हुए थे। इससे आशंका जताई है कि चलती ट्रेन से किसी ने दोनों को फेंक दिया है। शव के पास मिले दो मोबाइल पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रेलवे ट्रैक के किनारे करीब तीन सौ मीटर दूर एक कानपुर नंबर की डिस्कवर बाइक (यूपी78एफएल-9876) खड़ी मिली है। वहीं शव से करीब 50 मीटर दूर एक बैग मिला है, जिसमें एक शर्ट है और दो छोटे मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। मोबाइल और बाइक नंबर के आधार पर दोनों की शिनाख्त की गई है। युवक और युवती के परिजन उन्नाव पहुंचे चुके हैं। उन्होंने शवों की शिनाख्त कर ली है। सीओ सिटी आशुतोष कुमार ने कहा कि शुरुआती जांच मामला सुसाइड का लग रहा है। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने बताया कि गंगा घाट में आउटर पर प्रेमी युगल का ट्रैक के किनारे शव मिला है। प्रथम दृष्ट्या जांच में पता चल रहा है कि दोनों आपस में रिश्तेदार थे, ममेरे भाई बहन थे और इनके द्वारा ट्रेन के सामने कूदकर के जान दे दी गई है। अभीतक की जांच में आत्महत्या का मामला प्रकट होता है। घरवालों को जानकारी दे दी गई है. जो तहरीर मिलेगी उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# शी जिनपिंग लगातार चीन की सत्ता में मजबूती की ओर

रिपब्लिकन ऑफ चाइना के मुखिया सी जिनपिंग अब अपनी सत्ता के तीसरे दौर में पहुंच चुके हैं, वे अब और मजबूत हो चुके हैं। उन्होंने अपने विश्वस्त साथी ली कियांग को को प्रधानमंत्री बनाया है। यह पोजीशन चीन में सत्ता के केंद्र में शी जिनपिंग के बाद के बाद दूसरे नंबर की ताकतवर पोस्ट है, उल्लेखनीय है कि ली कियांग को करोना काल में बुरी तरह असफल होने के बाद पूरी दुनिया में आलोचना का शिकार होना पड़ा था। अब उन्हें विश्व की दूसरी आर्थिक ताकत को फिर से पटरी पर लाने का जिम्मा सौंपा गया है। अपने विश्वस्त साथी को प्रधानमंत्री बना कर शी जिनपिंग चीन की सत्ता में और भी ताकतवर हो गए हैं। पड़ोसी देश होने के नाते भारत पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ने वाला हैस वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी कि लाइन ऑफ एक्कुअल कंट्रोल में चीन की गतिविधियां विगत एक वर्ष से लगातार भारत को बेचैन करने वाली रही है, अब शी जिनपिंग के फिर से चीन के सदर हुक्मरान होने से ना सिर्फ भारत की विदेश नीति बल्कि अमेरिका, रूस, पाकिस्तान, श्रीलंका, उत्तर, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश, तालिबान और अन्य पड़ोसी देशों पर भी इसका प्रभाव ज्यादा पड़ने वाला है। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने तथा उनकी आक्रामक नीति का असर भारत चीन संबंधों पर निश्चित तौर पर पड़ेगा, क्योंकि भारत चीन के साथ लगभग 3500 किलोमीटर लंबी भूमि सीमा लगी हुई है। यह सीमा जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है, और दोनों देशों के बीच कभी भी सीमा का निर्धारण नहीं हो सकता है। सीमा निर्धारण के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा बनाई गई है पर इस वास्तविक नियंत्रण रेखा का कोई अपना बहुत गहरा प्रभाव नहीं है। शी जिनपिंग के विस्तार वादी मंसूबों और उसकी आक्रामक शैली के कारण सीमा पर विवाद बढ़ने की संभावना नजर आती है, यह तो तय है कि दोनों देश युद्ध नहीं करना चाहेंगे। भारत ने चीन की सीमा कानून को एक सिरे से खारिज कर उसकी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कड़ी निंदा की है। अब सी जिनपिंग की तीसरी पारी में भारत को यह बात खटक रही होगी कि चीन की वास्तविक नियंत्रण रेखा यथा स्थिति बदलने के कदम को सही ठहराने के लिए सीमा कानून नियम का उपयोग न करें, इसके अलावा दक्षिण चीन सागर तथा हिंद महासागर में चीन तथा अमेरिका के बीच सामरिक टकराव बढ़ने की आशंका है। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने से अमेरिका के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है क्योंकि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के पास 8 लाख सक्रिय सैनिक हैं, चीन ने सेना में खर्च होने वाला बजट भी 4 गुना कर दिया है, ऐसे में चीन आगामी वर्षों में ताइवान को अपने कब्जे में लेने का प्रयास करेगा। ताइवान की आजादी के लिए अमेरिका कृतसंकल्पित एवं कटिबद्ध है और यदि चीन ताइवान की आजादी में खलल डालने का प्रयास करेगा तो अमेरिका पीछे नहीं हटने वाला,फल स्वरूप चीन और अमेरिका में तनाव बढ़ने की पूरी संभावना है। चीन पहले से ही उत्तर कोरिया के मिसाइल कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने में लगा हुआ है ऐसे में अमरीकी प्रशासन के लिए यह विषय चिंता का होगा। शी जिनपिंग के फ़्रि से सत्ता में आने से चीन, तालिबान, पाकिस्तान गठबंधन मजबूती प्राप्त कर वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं एवं आतंकवाद को नई बयार मिलने की संभावना है। म्यानमार में पहले से ही लोकतंत्र का गला दबाया जा चुका है। उत्तर कोरिया की सैन्य हुकूमत ने म्यानमार में तानाशाही हुकूमत काबिज करके रखी है। शी जिनपिंग के ताकतवर होने से जलवायु परिवर्तन के खिलाफलड़ी जा रही लड़ाई काफी कमजोर पड़ सकती है क्योंकि जिनपिंग जलवायु परिवर्तन को लेकर बहुत ही नकारात्मक रवैया अपनाए हुए हैं, जिनपिंग ग्लॉसको में हुए जलवायु परिवर्तन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए ना तो खुद गए ना ही अपना प्रतिनिधि ही भेजा, यह सर्वविदित है कि चीन दुनिया का सबसे बड़ा प्रदूषण फैलाने वाले देशो में से एक देश है,और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जिनपिंग चीन को दुनिया से अलग-थलग कर वहां तानाशाही का शासन लागू कर देगा। चीन के नागरिक केवल चीन देश के होकर रह जाएंगे। उन्हें बाहरी दुनिया के संपर्क में आने का अधिकार भी नहीं होगा। कोरोना वायरस की उत्पत्ति को लेकर भी यही हाल रहा है, चीन की खबरें कभी भी अंतरराष्ट्रीय मीडिया पर खुलकर नहीं आ पाई हैं। शी जिनपिंग अब एक तानाशाह शासक की तरह पेश आएंगे और चीन पूरी तरह से स्व केंद्रित हो जाएगा।

# आओ हेट स्पीच को छोड़, मधुर वाणी का उपयोग करें



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

**साथियों बात अगर हम हेट स्पीच के कानूनी पहलू की करें तो पालन के भारतीय दंड संहिता में इसकी स्पष्ट परिभाषा नहीं है परंतु यह अन्य उन शब्दों को संदर्भित करता है जिनका इरादा किसी विशेष समूह के प्रति घृणा पैदा करना है यह समूह एक समुदाय धर्म जाति विशेष हो सकता है इसके परिणाम स्वरूप हिंसा की संभावना होती है पुलिस अनुसंधान विकास वीरों ने भी हेट स्पीच की परिभाषा विकसित की है। भारत के विधि आयोग ने भी अपनी 267 भी रिपोर्ट में हेट स्पीच को मुख्य रूप से जाति नस्लें लिंग योन धार्मिक विश्वास आदि के खिलाफ धरना को उकसाने के रूप में देखा जाता है आईपीसी में हेट स्पीच की धारा 153 ए, 153 बी , 295,505,152 52 में दंडनीय अपराध है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में भी व्यक्ति को चुनाव लड़ने से रोक सकती है। साथियों बात अगर हम हेट स्पीच और अनैतिक आचरण को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से देखें तो,संसार में मानव परमात्मा की प्रमुख व खूबसूरत कलाकृति है तथा मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। मानव होने के नाते हम कुछ ऐसी मानवीय संवेदनाओं, आवश्यकताओं, अपेक्षाओं व धारणाओं के सूत्र में बंधे हुए हैं, जिसका कोई कानूनी, शास्त्रीय, धार्मिक या जातीय प्रतिबंध न होते हुए भी हमारे निजी, सामाजिक, पारिवारिक और राष्ट्रीय जीवन से सीधा सरोकार है। इनका निर्वाह हमारे नैतिक दायित्व के अंर्तगत प्रमुख है। किसी लाभ, स्वार्थ या प्रतिफल की इच्छा के बिना दूसरों की मंगल कामना, लोक कल्याण, सबके हित में योगदान करना भी हमारे दायित्व में आता है।**




वैश्विक स्तरपर भारत आध्यात्मिक सो: संस्कारों आस्था मान्यताओं पर झुकाव अधिक रहा है अनेक जाति धर्म का एक माला के रूप में पिरोया भारतीय समाज खूबसूरती से अपने-अपने जाति धर्म की आध्यात्मिकता में अधिक विश्वास रखता है जो अनेकता में एकता का प्रतीक है।भारत में यह प्रथा सदियों से चली आई है फिर न जाने क्या हुआ के जाति धर्म रूपी असर दैत्य का जहरीला पंजा पड़ा जिसने विभिन्न जाति धर्म को बहलाया जरूर पर तोड़ नहीं सका और हम सब एक हैं का स्वर एक साथ निकला और हम बोल पड़े मिले सुर मेरा तुम्हारा तो सुर बने हमारा की सोच कायम है। पर हमें यह मार्गदर्शन और संस्कार युवाओं तक भी पहुंचाना जरूरी है क्योंकि यह हमारे भविष्य हैं परंतु हम अभी युवाओं के आचरण में अपेक्षाकृत मिठास को कम होते देख रहे हैं इसका मुख्य कारण तेजी से बढ़ रहे हेट स्पीच और अनैतिक आचरण की हवाओं से सौहार्दपूर्ण माहौल में कुछ धार्मिक कट्टरपंथी राजनीतिक एंगल दुष्प्रचार एंगल और विदेशी ताकतों की हलचल मुख्य कारण हो सकते हैं जिसे रोकने के लिए बड़े बुजुर्गों को आगे आना होगा और इन विकारों को रोकने के लिए आध्यात्मिकता की ओर मोड़कर संस्कारों में डालना जरूरी है अन्यथा कानूनी कार्यवाही न्यायालय ने सजा सटीक उपाय है ही परंतु इसकी नौबत ना आए इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से इस विषय पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम हेट स्पीच के कानूनी पहलू की करें तो पालन के भारतीय दंड संहिता में इसकी स्पष्ट परिभाषा नहीं है परंतु यह अन्य उन शब्दों को संदर्भित करता है जिनका इरादा किसी विशेष समूह के प्रति घृणा पैदा करना है यह समूह एक समुदाय धर्म जाति विशेष हो सकता है इसके परिणाम स्वरूप हिंसा की संभावना होती है पुलिस अनुसंधान विकास वीरों ने भी हेट स्पीच की परिभाषा विकसित की है। भारत के विधि आयोग ने भी अपनी 267 भी रिपोर्ट में हेट स्पीच को मुख्य रूप से जाति नस्लें लिंग योन धार्मिक विश्वास आदि के खिलाफ धरना को उकसाने के रूप में देखा जाता है आईपीसी में हेट स्पीच की धारा 153 ए, 153 बी , 295,505,152 52 में दंडनीय अपराध है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में भी व्यक्ति को चुनाव लड़ने से रोक सकती है।

साथियों बात अगर हम हेट स्पीच और अनैतिक आचरण को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से देखें तो,संसार में मानव परमात्मा की प्रमुख व खूबसूरत कलाकृति है तथा मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। मानव होने के नाते हम कुछ ऐसी मानवीय संवेदनाओं, आवश्यकताओं, अपेक्षाओं व धारणाओं के सूत्र में बंधे हुए हैं, जिसका कोई कानूनी, शास्त्रीय, धार्मिक या जातीय प्रतिबंध न होते हुए भी हमारे निजी, सामाजिक, पारिवारिक और राष्ट्रीय जीवन से सीधा सरोकार है। इनका निर्वाह हमारे नैतिक दायित्व के अंर्तगत प्रमुख है। किसी लाभ, स्वार्थ या प्रतिफल की इच्छा के बिना दूसरों की मंगल कामना, लोक कल्याण, सबके हित में योगदान करना भी हमारे दायित्व में आता है।

साथियों आज की युवा पीढ़ी को भावी व चरित्रवान बनाना तथा पौराणिक ज्ञान से दनुप्रमाणित होकर आधुनिक तकनीक और विज्ञान में भी किसी से पीछे न रहने की पद्धति का अनोखा संगम बच्चों के भविष्य को एक स्वर्णिम राह की ओर ले जाएगा। अगर सभी अच्छे बन जाएंगे तो निश्चित रूप से समस्त समाज भी अच्छा हो जाएगा। शिक्षक के रूप में शिक्षा का मुख्य उद्देश्य शिष्यों को सभ्य एवं शिक्षित बनाना है न केवल साक्षर। शिक्षक होने के नाते हमारा दायित्व हो जाता है कि बच्चों में नैतिक मूल्यों को भी भरें और संस्कारों को लेकर उनके साथ रोजाना बातचीत की जाए। रोजाना अगर संस्कार की बात होगी तो बच्चे स्वयं ही नैतिक मूल्य व संस्कारों के प्रति सजग रहेंगे जिससे हमारा दायित्व भी पूरा हो जाएगा। आज के परिदृश्य में नैतिकता की लकीर खोती जा रही है जिसके परिणामस्वरूप असंगठित व्यक्ति बनते हैं, जिसका परिणाम सामाजिक अव्यवस्था के रूप में प्रकट होता है। युवाओं में नैतिक भावना का अभाव चिंता का कारण है। क्योंकि ये किशोर अपने आप को अनैतिक आचरण में लिप्त कर रहे हैं जो न केवल क्षुद्र हो सकता है बल्कि गंभीर भी हो सकता है। इस चिंता के लिए बहुत सारे कारक हो सकते हैं लेकिन व्यक्तिगत कारकों में नैतिकता की कमी की अधिक भूमिका होती हैयह उनकी सभी इच्छाएं हैं जिनमें नैतिक पहलुओं का अभाव है। किशोरों में आपराधिक प्रवृत्ति देखी जा सकती है। इस तथ्य के बावजूद कि वयस्कों के साथ युवाओं के जुड़ाव के प्रमाण बढ़ रहे हैं। यह भी माना जाता है कि अपराध व्यक्तिगत कुसमायोजन का उत्पाद है अर्थात नैतिक भावना का नुकसान है। साथियों विद्यार्थियों में नैतिकता, अच्छे विचारों, शिष्टाचार, आदर, विनम्रता, सहनशीलता का गुण उत्पन्न होने चाहिए। इसके लिए उन्हें प्रेरणादायी पुस्तकों को पढ़ने के लिए प्रेरित करना जरूरी है। देश के महान पुरुषों की जीवनियां, अपने देश के पवित्र ग्रंथों, वेदों का अध्ययन करने के लिए प्रेरित करने और अपने अच्छे आचरण व स्नेह के कारण उनके अंदर नैतिकता पैदा की जा सकती है। आदमी के अंदर तीन गुण विद्यमान होते हैं सत, रज, तम। हमें सतोगुण को बढ़ाने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। सतोगुण का विकास अष्टांग योग के यम, नियम की पालना करने से होता है। सतोगुण वेदों, महान लोगों की जीवनी, सत्संग, भागवत इत्यादि का श्रवण करने से आते हैं। आज की युवा पीढ़ी को इस तरह की पुस्तकों का स्वध्याय करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। विद्यालय में जब बच्चा प्रवेश लेता है तो उस समय वह शून्य होता है। यह उत्तरदायित्व शिक्षक का बन जाता है कि उसे एक अच्छा इंसान बनाया जाए। उसके अंदर गुणों का विकास किया जाए, उसे अच्छे-बुरे की समझ हो। साथियों इसके साथ ही जनता का प्रतिनिधित्व करने वाले हमारे नेतृत्व कर्ताओं को भी इस बात का ध्यान रखना होगा कि हेट स्पीच अनैतिक आचरण से जनता का बचाव करें नकि स्वयं ही इन विकारों का भागी बन कर कानूनी धाराओं में फंस कर जेल के द्वार जा पहुंचे इसलिए हम सबका आध्यात्मिकता की राह पर चलकर ज्ञानरूपी मंत्र को ग्रहण करना जरूरी है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे वरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि, आओ हेट स्पीच को छोड़, मधुर वाणी का उपयोग करें। आध्यात्मिकता से जुड़कर हेट स्पीच अनैतिक आचरण को दूर भगाएं। पैतृक संस्कारों के साथ आध्यात्मिक सोच विकसित करना जीवन को सकारात्मक बनाने में सहायक।

**संकनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाष्ट्र**

## विचार

# पर्यटन उद्योग और अर्थव्यवस्था

*आदित्य नारायण*

भारत में पर्यटन की अपार सम्भावनाएं हैं। बर्फ से ढके पहाड़ों से लेकर महासागर में फैले द्वीप पर्यटन क्षेत्र को विविधताओं से भर देते हैं। भारत में समृद्ध सांस्कृतिक और एतिहासिक विरासत मौजूद है। यही कारण है कि पर्यटन उद्योग नए आकाश ढूंढ रहा है। जरूरत है नए विचारों के साथ आगे बढ़ने की। इस उद्योग में 80 फीसदी भागीदारी निजी क्षेत्र की है लेकिन इसके साथ-साथ सौहार्दपूर्ण माहौल, सुरक्षा, सतर्कता, ट्रैफिक व्यवस्था और सस्ती परिवहन सुविधाओं की जरूरत होगी। इनमें राज्य सरकारों की जिम्मेदारी भी है। केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें पर्यटन उद्योग का दायरा बढ़ाने की हर सम्भव कोशिश कर रही हैं। कोरोना महामारी के दो साल बाद अब भारत में एक बार फिर पर्यटन तेजी से बढ़ने लगा है।

किसी भी राष्ट्र के लिए पर्यटन आर्थिक सुव्यवस्था का एक सशक्त माध्यम होता है। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्वोत्तर राज्यों के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा है कि आवागमन के सुविधाजनक माध्यम न होने से पूर्वोत्तर क्षेत्र अन्य राज्यों से पिछड़ गया था। जब से वे प्रधानमंत्री बने हैं तब से उन्होंने पचासों बार क्षेत्र का दौरा घ्कर लोगों की पूर्वोत्तर क्षेत्र के प्रति जिज्ञासा बढ़ा दी है। प्रधानमंत्री का यह भी कहना है कि पर्यटकों को आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराने से यहां पर्यटन क्रांति आएगी तथा क्षेत्र के लोगों को अधिकाधिक संख्या में रोजगार उपलब्ध होगा और जनता खुशहाल होगी। पर्यटन को आर्थिक विकास और रोजगार सृजन का एक सशक्त माध्यम माना जाता है। पर्यटन क्षेत्र देश के शीर्ष सेवा उद्योगों में से एक है। आज के समय में जहां हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था



को मजबूत करना है, वहीं पर्यटन के कारण कई देशों की अर्थव्यवस्था इस उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती है। यूरोपीय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाडा, आस्ट्रेलिया आदि ऐसे देश हैं जहां पर पर्यटन उद्योग से अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुई है। कई देश जैसे श्रीलंका में विस्फोटक स्थिति के लिए पर्यटन उद्योग का ठप्प होना प्रमुख कारण बताया गया है। पर्यटन क्षेत्र के विकास से न केवल लोगों को रोजगार मिलता है, बल्कि दूसरे प्रांत से आए लोगों के रहन-सहन, सभ्यता-संस्कृति के आदान-प्रदान करने में सहूलियत होती है। वैश्विक दृष्टि से देखा जाए तो पर्ययन विश्व का सबसे बड़ा कमाऊ क्षेत्र बना है। वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 11 फीसदी तक योगदान दे रहा है। हालांकि भारत में अभी भी इस क्षेत्र का योगदान महज 6.7 फीसदी है। पड़ोसी देशों जैसे चीन (8.6), श्रीलंका (8.8), इंडोनेशिया (9.2), मलेशिया (12.9) तथा थाइलैंड (13.9) प्रतिशत के साथ हमसे काफी आगे हैं। सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन क्षेत्र का 6.23 फीसदी योगदान है जबकि भारत के कुल रोजगार में 8.78 फीसदी योगदान है। वर्ष 2022 में करीब 62 लाख विदेशी पर्यटकों ने भारत की यात्रा की। जम्मू-कश्मीर में पिछले वर्ष सबसे ज्यादा पर्यटक पहुंचे। देश के धार्मिक स्थलों पर भी पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है। पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार ने एक नई पर्यटन नीति 2023 का मसौदा तैयार किया है। इससे भारत में पर्यटन क्षेत्र को नया रूप मिलने की उम्मीद है। इस मसौदे में पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए इसे उद्योग का दर्जा देने का जिक्र किया गया है। साथ ही होटलों को औपचारिक तौर से बुनियादी ढांचे में शामिल किया गया है। नीति के जरिये भारतीय अर्थव्यवस्था में पर्यटन के योगदान को बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। हाल ही में सरकार ने जानकारी दी थी कि संबंधित हितधारकों और दूसरे मंत्रालयों से इस मसौदे पर फीडबैक मिलने के बाद इसे संशोधित किया गया है। सभी पक्षों से जरूरी अनुमति मिलने के बाद इस नीति को अमल में लाया जाएगा। केन्द्र सरकार ने 2030 तक पर्यटन उद्योग के जरिये 56 बिलियन डॉलर विदेशी मुद्रा अर्जित करने और अगले 7 वर्ष में 14 करोड़ नौकरियां सृजन करने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ प्रकृति को संरक्षण भी देना होगा और यह भी देखना होगा कि पर्यटक स्थलों पर कचरा न जमा हो और प्रदूषणन हो। पर्यटन को देखने, समझने का एक नजरिया विकसित करना होगा। कभी-कभी विदेशी पर्यटकों से लूट या महिलाओं से दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हो जाती हैं। इन्हें भी रोकने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा हमारा ध्येय होना चाहिए। पर्यटन उद्योग का विकास होता है तो 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में उसकी बड़ी भूमिका होगी और इससे अर्थव्यवस्था को काफी मजबूती मिलेगी।

साहित्य

## नयापन



### मर्यादा संस्कार की तुम, मानव भूल नहीं...

मर्यादा संस्कार की तुम ,
मानव भूल नहीं जाना ।
आत्म संयमित हृदय का बंधन,
इसको तोड़ नहीं आना।।

बड़े बुजुर्गों के अनुभव से,
खुद को लाभ दिलाना है।
प्रेम नदी के भवसागर तक,
शुभ आशीष सजाना है।।

पाला पोसा बड़ा किया है,
दुख तकलीफ उठाई है।
खुशी तुम्हें देने की खातिर,
अपनी नींद गवाई है।

जिम्मेदारी उठा रहे हो,
बस इतना तुम देना ध्यान।

## झरोखा

सहमति उनकी भी लेना,
समझेंगे वह अपना मान।।

अपने संस्कारों की चुनरी,
बेटी जरा लेना ओढ़।
करो तरक्की पढ़ो लिखो पर,
मर्यादा मत देना छोड़।।

समझ सको तुम मन भावों को,
खुशियां चलकर आएंगी।
रही समझ की कमी कहीं तो,
घर को तोड़ ही जाएंगी ।।

नहीं तरक्की हो सकती है ,
किसी के भी अपमान से।
खुशियां आंगन में बिखरेंगी,
बड़ों के ही सम्मान से।।

चुभते शब्दों के बाणों से,
घावो को मत कुरेदना।
मन को दूर करें जो बातें,
नहीं हृदय को छेदना।।



# राशिफल

**मेष:-** बुद्धिमत्ता द्वारा प्रत्येक दिशा में स्वयं को पारंगत सबित करेंगे। भौतिकता की लोलुपतावश दूसरों के चढ़ाने में आकर अपनी आर्थिक क्षति कर सकते हैं। जीवन साथी से कुछ मुद्दों पर वैचारिक मतभेद संभव।

**बृषभ:-** अपनी भावुकता पर नियंत्रण रखें। हर रिश्ते में अपने अनुकूल अपेक्षा रखना आपकी सबसे बड़ी मूर्खता है। माता के स्वास्थ के प्रति कुछ चिन्ताएं होंगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**मिथुन:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं। कुछ अच्छे आसारों से मन प्रसन्न होगा। रोजगार में अच्छे लाभ के आसार बनेंगे। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कर्क:-** भौतिक-सुख साधन में व्यय के आसार हैं। रोजगार में अच्छी आशाएं प्रसन्नता लाएंगी किंतु पारिवारिक चिंताओं से मन ग्रसित होगा। आंतरिक प्रतिभाओं द्वारा सगे-संबंधों में प्रभावी बनेंगे।

**सिंह:-** घरेलू दायित्वों की पूर्ति हेतु सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी। अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बने। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। आलस्य त्यागें।

**कन्या:-** भौतिकता के आधार पर थोड़ा असंतोष हो सकता है। सगे-संबंधों में व्यवहार कुशल बने। कुछ नयी अभिलाषाएं आपको हतोत्साहित करेंगी। पारिवारिक वातावरण उत्साहित रहेगा।

**तुला:-** दुविधाओं को त्याग सही और स्वच्छ योजनाओं की ओर केंद्रित हों। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है किंतु भावनात्मक अपेक्षाएं कष्ट की जननी बनेंगी।

**वृश्चिक:-** निकट संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। कार्यक्षेत्र में लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

**धनु:-** दूसरों की सफ्लता से अपने अंदर हीन भावना न आने दें। बाहर की दुनिया में समय देने से अच्छा है कि थोड़ा घर में समय देने की चेष्ठा करे। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी।

**मकर:-** भावनाओं पर नियंतण्ररख दायित्वों के प्रति सजग हों। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कार्य को समयानुकूल पूर्ण करने में सक्षम होंगे। धनागम के ने स्रेत बनेंगे। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

**कुंभ:-** किसी महत्वपूर्ण दायित्व की कुशल पूर्ति हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन चिंतित होगा। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**मीन:-** राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी किंतु सामाजिक मर्यादा का ध्यान रखें। कोई नई सकारात्मक सोच से प्रगति के आसार बढ़ेंगे।

# राजनैतिक भ्रष्टाचारियों पर ईडी और सीबीआई का शिकंजा

*प्रेम शर्मा*

लम्बे अरसे से सीबीआई और ईड़ी को लेकर विपक्षी दलों द्वारा इसके दुरूपयोग के आरोप लगते रहे है। इसमें सच्चाई कितनी है यह किसी से छूपी नही है। लेकिन साल 2019 में केंद्र सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी करके प्रिवेंशन ऑफमनी लॉन्ड्रिंग एक्ट में बदलाव किए। इसके तहत ईडी को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में स्पेशल पावर दिया गया था। इसके बाद से ईडी की ताकत में कई गुना इजाफा हुआ। ईडी ने 2021-22 में मनी लॉन्ड्रिंग के 1200 केस दर्ज किए। पीएमएलए के सेक्शन 17 के सब-सेक्शन (1) में और सेक्शन 18 में बदलाव कर दिया गया और ईडी को ये शक्ति दी गई कि वह इस कानून के तहत लोगों के आवास पर छापामारी, सर्च और गिरफ्तारी कर सकती है। इससे पहले किसी अन्य एजेंसी की ओर से दर्ज की गई एफआईआर और चार्जशीट में पीएमएलए की धाराएँ लगने पर ही ईडी जांच करती थी, लेकिन अब ईडी खुद ही एफआईआर दर्ज करके गिफ्तारी कर सकती है। अब बॉत करें सीबीआई कि तो संसद में पेश रिपोर्ट के अनुसार, 31 जनवरी, 2022 तक कुल 1,025 मामले सीबीआई के पास लंबित थे, जिनमें से 66 मामले पांच साल से अधिक समय से लंबित थे। सही है कि ऐसी कोई सरकार नहीं, जिस पर केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप न लगता हो। हालाँकि जब देश में यूपीए की सरकार थी तो सुप्रीम कोर्ट ने 2013 में टिप्पणी की थी कि सीबीआई सरकार का तोता है। केंद्र में बैठी सरकार अपने मातहत काम करने वाली एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ कर रही है। यह आरोप नया नहीं है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग की शिकायत करने वाले दलों की मानें तो मनीष सिसोदिया को बिना किसी प्रमाण गिरफ्तार किया गया। यदि ऐसा है तो अदालत ने उन्हें जमानत देने से मना करते हुए सीबीआइ के रिमांड पर क्यों भेजा? दिल्ली की शराब नीति के मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद आठ विपक्षी दलों की ओर से लिखा इस आशय का पत्र कई प्रश्न खड़े करता है कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इस पत्र में आम आदमी पार्टी के साथ सात अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी हस्ताक्षर किए हैं। सबसे पहले तो यही प्रश्न उठता है कि आखिर आम आदमी पार्टी को छोड़कर केवल सात विपक्षी दल ही इस नतीजे पर क्यों पहुंचे कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है ? इसके बाद राजद सुप्रीमों लालू यादव के ठिकानों में छापेमारी के बाद ईडी ने 600 करोड़ की सम्पत्ति का दावा किया है। इसके अतिरिक्त यह प्रश्न भी उठता है कि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस पत्र पर हस्ताक्षर कैसे कर सकती हैं? क्या बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले को अनदेखा कर दिया जाए? शिक्षकों की भर्ती में घोटाला किया गया और बेहद बेशर्मी के साथ किया गया, यह निष्कर्ष कलकत्ता उच्च न्यायालय का है। क्या तृणमूल कांग्रेस समेत अन्य दल यह चाहते हैं कि देश की जनता यह विस्मृत कर दे कि शिक्षक भर्ती घोटाले में गिरफ्तार बंगाल के मंत्री पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के यहां से करोड़ों की नकदी बरामद की गई थी? यदि तृणमूल कांग्रेस पार्थ चटर्जी को निर्दोष मानती है तो फिर उसने उन्हें पार्टी से निलंबित क्यों किया? केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग की शिकायत करने वाले दलों की मानें तो मनीष सिसोदिया को बिना किसी प्रमाण गिरफ्तार किया गया। यदि ऐसा है तो अदालत ने उन्हें जमानत देने से मना करते हुए सीबीआइ के रिमांड पर क्यों भेजा? इससे भी महत्वपूर्ण सवाल यह है कि यदि शराब नीति में कहीं कोई खामी नहीं थी तो फिर घोटाले का शोर मचते ही उसे वापस क्यों लिया गया? क्या विपक्षी दल इसकी जिम्मेदारी ले सकते हैं कि दिल्ली सरकार की ओर से वापस ली गई शराब नीति में कहीं कोई खामी नहीं थी और उससे शराब विक्रेताओं को कहीं कोई अनुचित लाभ नहीं मिल रहा था? एक सवाल यह भी है कि क्या चिट्ठी लिखने वाले विपक्षी दलों के नेता मनीष सिसोदिया समेत जो अन्य नेता घपले-घोटालों के आरोप में केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं, उनके निर्दोष होने का प्रमाण दे सकते हैं? यह हैरानी की बात है कि विपक्षी नेताओं की चिट्ठी में उन लालू यादव का भी जिक्र है, जिन्हें चारा घोटाले में सजा सुनाई जा चुकी है।यह सही है कि ऐसी कोई सरकार नहीं, जिस पर केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप न लगता हो, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि राजनीतिक भ्रष्टाचार पर पूरी तरह लगाम लग गई है। राजनीतिक भ्रष्टाचार एक कटु सच्चाई है। विपक्ष की बॉत करे तो कांग्रेस से लेकर समाजवादी पार्टी, एनसीपी से लेकर उद्व ठाकरे की पार्टी, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे से लेकर सांसद अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, सांसद भावना गवली, संजय राउत से लेकर जनप्रतिनिधियों की एक लम्बी लिस्ट सीबीआई और ईडी के पास मौजूद है। सरकार ने दिसम्बर 2022 को सुप्रीम कोर्ट में एक जानकारी देकर बताया था कि 51 सांसदों और 71 विधायकों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत केस दर्ज हैं।जबकि सीबीआई की कोर्ट में पेश एक ऐसी ही रिपोर्ट में बताया गया है कि मौजूदा और पूर्व सांसदों और विधायकों के खिलाफ कुल 121 केस लंबित हैं। इनमें से 51 सांसद हैं। जिनमें 14 मौजूदा और 37 पूर्व संसद सदस्य हैं। 5 का निधन हो चुका है। इसके साथ ही सीबीआइ के समक्ष 112 विधानसभा सदस्यों के खिलाफ केस है। इनमें 34 मौजूदा और 78 पूर्व विधायक हैं, जबकि 9 का निधन हो चुका है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 37 सांसदों के खिलाफ जांच लंबित है। सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया गया है कि देशभर में सीबीआई की विशेष अदालतों में मौजूदा और पूर्व सांसदों विधायकों के खिलाफ कुल 151 मामले लंबित हैं और 58 मामलों में आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। हालांकि, लगभग एक-तिहाई मामलों में, मुकदमा घोंघे की गति से आगे बढ़ रहा है- आरोप तय नहीं किए गए हैं, जबकि अपराध कई साल पहले किए गए थे। मध्य प्रदेश में हजारों करोड़ के राशन घोटाले तेदेपा सांसदों वाईएस चौधरी और सीएम रमेश असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा बीते कुछ सालों से अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं। कभी असम की कांग्रेस सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे हिंमत बिस्वा आज बीजेपी की सरकार में असम के मुख्यमंत्री हैं और बीजेपी के चुनावी अभियान में स्टार कैम्पेनर हैं। अब ऐसे अगर विपक्ष मध्यप्रदेश के राशन कार्ड घोटाले, तेलगु देशम पार्टी (तेदेपा) के दो सांसद, सीएम रमेश और वाईएस चौधरी जो वर्तमान में भाजपा में है, और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा जिन पर जनवरी 2015 को गुवाहाटी हाईकोर्ट ने सारे चिट फंड के केस की जाँच साबीआई को सौंपने के आदेश दिए और अगस्त 2015 में हिमंत बिस्वा शर्मा बीजेपी में शामिल हो गए कि बात करती है तो सरकार को इन आरोपों पर भी अपना रूख स्पष्ट करना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# सांसद खेल स्पर्धा शुरू, खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

खीरी में खीरी, धौराहरा संसदीय क्षेत्र में सोमवार को न्याय पंचायत स्तर पर 09 स्थलो पर उत्साह, उल्लास, उमंग से सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का भव्य आगाज हुआ, जिसमें एथलेटिक्स 100 मी. 400 मी.1500 मी., ऊँची कूद, गोला फेंक, कबड्डी, वॉलीबॉल (पुरुष) जैसी विभिन्न विधाओ में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

नकहा के केवलपुरवा इंटर कॉलेज में सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक योगेश वर्मा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजयके साथ फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान जनप्रतिनिधि खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते नजर आए, सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि क्षेत्रीय स्तर पर प्रतियोगिताएं न केवल स्थानीय प्रतिभा को निखारती हैं बल्कि पूरे क्षेत्र के खिलाड़ियों का मनोबल भी बढ़ाती हैं। सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने कहा कि खेल की दुनिया में देश की क्षमता को प्रदर्शित करने में सांसद खेल महाकुंभ की बहुत बड़ी भूमिका है। खेल भावना भविष्य में सभी एथलीटों के लिए सफलता के द्वार खोलेगी। सीडीओ




अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सांसद खेल स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य खेलों के प्रति युवाओं के रुचि बढ़ाना उन्हें और अधिक प्रतिभा वान बनाना है। इससे आगे चलकर युवाओं को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सकेगा। खेलों से बच्चों का पूर्ण शारीरिक व मानसिक विकास होता है। हर क्षेत्र के लिए अच्छी प्रतिस्पर्धा खेल का मैदान ही सीखता है। विजयी होने पर अभिमान नही आना चाहिए और हारने पर अपने प्रतिद्वंदी के विरूद्ध ईष्या का भाव भी नही आनी चाहिए। विजयी होने से ज्यादा अपनी जीत को बरकरार रखता महत्वपूर्ण होता है। तय

**आज यहां होगी सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता**

मेला मैदान बरबर, राजकीय पॉलीटेक्निक लखीमपुर, गुरूखेल मैदान जुलाहनपुरवा, मोतीपुर, सरवा टापर मैदान, सरवा, बेहजम स्टील फैक्ट्री निकट गिरी पेट्रोल पम्प, बेहजम, जिला पंचायत इ0 कालेज, कस्ता, संविलियन वि0मौठी खेड़ा, यु0म0द0 खेल मैदान झखरा भुड़िया, मेला मैदान बांकेगंज, पशु बाजार हसनपुर कटौली, दुर्गादेवी मंदिर महोला नकहा, रानी लक्ष्मीबाई इ0का0 शहाबुद्दीनपुर, प्रावि महादेव अमेठी, रामाधीन इ0का0 बम्हनपुर।

रोस्टर के अनुसार जिला युवा कल्याण अधिकारी अरविंद स्वरूप कुशवाहा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों की देखरेख में धौराहरा संसदीय क्षेत्र के मैगलगंज के मेला मैदान, मितौली के नवीन तहसील परिसर, मोहम्मदी के परिषदीय विद्यालय शाहपुरराजा एवम खीरी संसदीय क्षेत्र के पड़रियातुला के केएयूके इंटर कालेज, नकहा के केवलपुरवा इण्टर कॉलेज, गोला के राजकीय हाईस्कूल अहमदनगर, धौरहरा के प्रा.वि. अदलीशपुर, निघासन के उप्रा विद्यालय लुधौरी, जिला पंचायत इंटर कालेज में आयोजित सांसद स्पर्धा प्रतियोगिता में युवाओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपना जौहर दिखाया। जनप्रतिनिधियों ने ना सिर्फ प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ किया बल्कि युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# सीएमओ ने तृतीय विशिष्ट टीकाकरण पखवाड़े का किया शुभारंभ



**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

मीजल्स रूबैल्ला को लेकर चलाए जा रहे तृतीय विशिष्ट टीकाकरण पखवाड़े का शुभारंभ सोमवार को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोटैय्या बाग में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा किया गया।

इस दौरान उन्होंने पहले बच्चे आयत को पोलियो की खुराक पिलाई। वहीं उसके पिता को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि मीजल्स रूबैल्ला को लेकर चलाए जा रहे तृतीय विशिष्ट टीकाकरण पखवाड़े का शुभारंभ 13 मार्च से किया गया है। यह 24 मार्च तक चलेगा। जनपद में करीब 55000 छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण किया जाना है। पिछले दो विशिष्ट पखवाड़े के दौरान अब तक 35 हजार बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका है। वहीं 20 हजार छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण किया जाना है।

इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि तृतीय विशिष्ट टीकाकरण पखवाड़े के अंतर्गत अभियान चलाकर सभी छूटे हुए बच्चों का शतप्रतिशत टीकाकरण किया जाना है। इसके लिए सामान्य दिनों की भांति लगने वाले सभी टीके लगाए जा रहे हैं। जिनमें गर्भवती माताएं और बच्चे शामिल हैं। इस अभियान को सफल बनाने के लिए समस्त चिकित्सा अधिकारियों, आशाओं, आशा संगिनिओं और एएनएम का सहयोग लिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि संपूर्ण टीकाकरण बच्चों को 14 जानलेवा बीमारियों से बचाता है। ऐसे में जरूरी है कि लोग इसके प्रति जागरूक रहें। उन्होंने शुभारंभ के अवसर पर पहुंचे पहले बच्चे आयत पुत्र असलम खां को पोलियो की खुराक पिलाई और पिता असलम खां को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आम जनमानस में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ बुद्धिजीवियों और संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा टीकाकरण के फायदों को लेकर लोगों को जागरूक करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि इसमें पत्रकारों (मीडिया) की भी प्रमुख भूमिका है। डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद वर्मा डॉ. लालजी पासी सहित एसएमओ डॉ. विकास सिंह, डॉ उज्जवल कांत, राहुल शाक्य, शैलेंद्र तिवारी और मुकेश चौहान भी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### गंभीर मरीजों को 24 घंटे नहीं होगी स्ट्रेचर व व्हीलचेयर की समस्या : डॉ. एसी श्रीवास्तव

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** गंभीर मरीजों के लिए अतिरिक्त स्ट्रेचर और व्हीलचेयर की व्यवस्था को लेकर एक नया काउंटर जिला पुरुष चिकित्सालय एमसीएच विंग में बना दिया गया है और यहां पर रोस्टर के अनुसार 24 घंटे की ड्यूटी भी लगा दी गई है। गंभीर मरीजों के लिए उनके परिजन व तीमारदार यहां से 24 घंटे स्ट्रेचर व व्हीलचेयर यहां से प्राप्त कर सकते हैं। 200 शैय्या चिकित्सालय एमसीएच विंग के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसी श्रीवास्तव ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर भवन में गंभीर मरीजों के लिए अतिरिक्त स्ट्रेचर और व्हीलचेयर की व्यवस्था कराई गई है। इस के क्रम में 27 स्ट्रेचर व 28 व्हीलचेयर को पुर्ननियोजित करते हुए ओपीडी में पांच स्ट्रेचर एवं 6 व्हील चेयर का नया काउंटर डिस्प्ले सहित बनाया गया है। वहीं पर 24 घंटे रोस्टर वाइज वार्ड ब्वाय की ड्यूटी लगाई गई है। इसी के साथ इमरजेंसी में 4 स्ट्रेचर एवं दो व्हीलचेयर लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त प्रत्येक वार्ड में व्हीलचेयर एवं स्टेशन पहले से ही उपलब्ध हैं जो क्रियाशील है। उन्होंने बताया कि नवनिर्मित ओपीडी काउंटर में ड्यूटी पर लगाए गए स्वास्थ्य कर्मियों की लिस्ट भी चस्पा की गई है। किसी भी मरीज के तीमारदार को अगर व्हीलचेयर और स्ट्रेचर की आवश्यकता पड़ती है तो वह इन स्थानों से प्राप्त कर सकता है। विषम परिस्थितियों में वह 24 घंटे संचालित काउंटर पर जाकर व्हीलचेयर व स्ट्रेचर प्राप्त कर सकता है।

### 35 ग्राम अवैध स्मैक के साथ शातिर गिरफ्तार

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर घुले सुशील चंद्रभान द्वारा जनपद सीतापुर में अपराध नियंत्रण एवम् अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस को सघन चेकिंग के लिये निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी लहरपुर के निकट पर्यवेक्षण में को थाना लहरपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त रामशरण उर्फ मोदी पुत्र बदलू नि0 मोहल्ला छावनी प्रहलादपुर थाना लहरपुर सीतापुर को छावनी मोड़, भट्ठे के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से कुल 35 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में भी जनपद के विभिन्न थानो पर लूट/ चोरी/ नकबजनी/ अवैध मादक द्रव्य तस्करी जैसे अपराधो के संबंध में करीब एक दर्जन अभियोग पंजीकृत है। बरामदगी के संबंध में एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान न्यायालय किया गया।

### नगर में साप्ताहिक बाजार बंदी को हवा में उड़ा रहे दुकानदार

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** नगर में साप्ताहिक बंदी का असर बेअसर साबित हो रहा है। अधिकारियों के निर्देश के बाद भी बाजार बंदी पूरी तरह सफल नहीं हो पा रही है। साप्ताहिक बंदी के दिन दुकानें खुलने से नियमों का पालन करने वाले दुकानदार मायूस हैं। नगर में सोमवार का दिन साप्ताहिक बंदी के लिए निर्धारित है। पूर्व में अधिकारियों के आकस्मिक भ्रमण के चलते नगर में स्थित सभी दुकानें साप्ताहिक बंदी के दिन बंद ही रहने लगी थीं। कभी कभार अधिकारियों का भ्रमण होता है तो दुकानें बंद हो जाती हैं। लेकिन नियमित भ्रमण न होने से दुकानदार अपनी अपनी दुकानें खोलने लगते हैं इससे उन दुकानदारों को नुकसान होता है तो नियम का पालन करते हुए अपनी दुकानों को बंद रखते हैं। शुरूआत एक दो दुकानों के खुलने से होती है। धीरे धीरे आधा बाजार खुलने लगता है। इनमें शराब ठेका गली, पुरानी नझाई गली के आसपास के अलावा सब्जी मंडी और तहसील रोड पर व कांजी हाउस चौराहे के आसपास, चुर्खी रोड आदि स्थानों के दुकानदार अपनी अपनी दुकानें खोले रहते हैं। ऐसे में नगर के विनय, महेश, प्रतीक, अफ्जल आदि ने साप्ताहिक बाजारबंदी के नियम का पालन सख्ती से कराने की मांग श्रम प्रवर्तन अधिकारी से की है।

# विकास कार्यों की समीक्षा कर डीएम ने कसे अफसरों के पेंच

**लखीमपुर खीर, समृद्धि न्यूज।**



सोमवार की शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले 37 सूत्रीय विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक ली, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक का सफल संचालन डीएसटीओ अरविंद कुमार ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने प्रशासकीय विभागों व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि बेहतर समन्वय के साथ सभी आनगोईंग प्रोजेक्ट को निर्धारित समयावधि तथा शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार पूर्ण किया जाय। सभी पूर्ण परियोजनाओं में हस्तान्तरण से सम्बन्धित कार्यवाही को तत्काल पूराकर उन्हें जन उपयोग में भी लाया जाय। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना से काम करते हुए विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएं। विकास कार्यक्रमों का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन गुणवत्ता व समयबद्धता से सुनिश्चित हो। डीएम ने 50 लाख की लागत से ऊपर के विकास कार्यों की बृहद समीक्षा की, डीएसटीओ को निर्देश दिए कि 50 लाख से ऊपर की परियोजनाओं में गठित कमेटी निर्माणाधीन कामों का विजिट कर सत्यापन करते हुए गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित कराए। अद्यतन रिपोर्ट सीडीओ, डीएसटीओ के माध्यम से उन्हें अवगत कराए। डीएम ने डीएसटीओ को निर्देश दिए कि 25 लाख से ऊपर एवं 50 लाख से कम धनराशि वाली प्रत्येक परियोजना के कामों के सत्यापन के लिए सीडीओ के स्तर से दो सदस्यीय समिति का गठन किया जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि रोगी कल्याण समिति, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की अद्यतन स्थिति जानी, उपलब्ध धनराशि का शत प्रतिशत सदुपयोग करने के निर्देश दिए। पीएम स्वनिधि योजना के तहत बैंकवार प्राप्त आवेदन के सापेक्ष स्वीकृति एवं धनराशि अंतरण की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन लाभार्थियों ने प्रथम लोन की अदायगी कर दी है, उन्हें प्राप्त आवेदन के सापेक्ष दूसरी लोन स्वीकृत करें। वहीं दूसरी लोन अदा करने वालों को तीसरे लोन स्वीकृत करे। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का स्वयं भी समय-समय पर अनुश्रवण कराना सुनिश्चित करें। निर्देश दिए कि विकास कार्यो को नियत समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए। निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं, ताकि पात्र व्यक्ति योजनाओं से जुड़कर भविष्य को संवारे। बैठक में पीएम आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, पीएम ग्राम सड़क योजना, सामुदायिक शौचालय, पंचायत घर, ग्राम निधि भुगतान, सीएम कन्या सुमंगला योजना उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, सीएम नारी सम्मान योजना, ऑपरेशन कायाकल्प सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

# महिला व्यापारी की दुकान के सामने दबंग लगा रहे जबरन दुकान

- मंडी सचिव से शिकायत करने के बाद भी नहीं हुआ समाधान

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

थोक सब्जी मंडी में थोक व्यापार का लाइसेंस लेकर व्यपार कर रही महिला व्यापारी की दुकान के आगे अवैध रूप से फुटकर बिक्रेता जबरन अपनी दुकान लगा रहा। जिससे थोक महिला व्यापारी को नुकसान हो रहा है। मंडी सचिव से शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई न होने से पीड़िता ने मामले की शिकायत महिला आयोग को भेजकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बलमभट्ट निवासी सलमा पत्नी इशहाक ने राज्य महिला आयोग को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उनके पति बीमार चल रहे हैं। उसने उसने फल व सब्जी के थोक व्यापार का लाइसेंस लिया है और थोक फल व सब्जी मंडी में उसकी दुकान है जहां से वह अपना व्यापार कर रही है। लेकिन कुछ समय पूर्व से उसकी दुकान के आगे वसीम अपनी फुटकर सब्जी बेचने की दुकान लगाने लगे हैं। इसकी उनकी दुकान पीछे छिप गई है और व्यापारियों को उनकी दुकान पर आने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने कई बार वसीम को आगे से दुकान हटाने के लिए कहा है। लेकिन वह झगड़ा कर जबरन अपनी दुकान लगा रहे हैं। जिससे उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान हो रहा है। इतना ही नहीं शांति व्यवस्था के भंग होने का भी खतरा है। पीड़िता का आरोप है कि इस संदर्भ में उन्होंने मंडी सचिव को भी लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराया है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। पीड़िता ने रात्ज्य महिला आयोग की अध्यक्ष से मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# समाजसेवी रामसिंह कक्का के निधन पर शोक व्याप्त

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी, धर्मनिष्ठ एवं क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन के ससुर रामसिंह निरंजन कक्का का 95 वर्ष की आयु में सोमवार की सुबह करीब 9 बजे चाँदनी गांव स्थित निवास स्थल पर निधन हो जाने से समूचे क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। शोक की इस घड़ी में भारी संख्या में क्षेत्रवासियों ने वहां पहुंचकर स्व. कक्का को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। स्व कक्का अपने पीछे पुत्र लालजी व विशम्भर निरंजन सहित भरा पूरा परिवार बिलखता छोड़ गये। उनकी पहचान क्षेत्र के एक प्रमुख समाजसेवी व धर्मनिष्ठ के साथ ही प्रगतिशील कृषक के रूप में थी।

# मानदेय न मिलने से आहत आशा वर्कर्स ने खोला मोर्चा सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

समय पर मानदेय न मिलने की समस्या अब विभागीय कर्मचारियों में दिखलाई देने लगी है आज सोमवार को उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के तत्वाधान में दर्जनों आशा वर्कर्स ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जिसमें मानदेय न मिलने सहित 12 सूत्री मांगे मुख्य रही।

उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष राजकुमारी सिंह एल्बम ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन एक्ट यूके प्रांतीय उपाध्यक्ष राम सिंह चौधरी के नेतृत्व में आशा वर्कर पुष्पा देवी रेखा देवी रामादेवी जय श्री रामजानकी गुड्डी सुमन रमाकांत ई ममता देवी सीमा देवी पार्वती




देवी वंदना गौतम राजपति रश्मि देवी प्रीति देवी कल्पना देवी बंदना देवी मीना सुमन चंद्रकांति कैलाशी पुष्पा प्रतिभा सोमवती गीता प्रियंका कुसुम कुमारी कमलेश कुमारी गिरजा देवी उमा देवी नीलम कांति देवी पिंकी मिथिलेश गिरजा सुनीता शैल कुमारी रेखा सहित दर्जनों आशा वर्कर्स ने अपनी पीड़ा जताते हुए बताया कि प्रदेश भर में आशा औरआशा संगिनी ओं का छे छे माह तक का संपूर्ण मानदेय बकाया बना हुआ है यही नहीं उन्हें मिलने वाली अन्य सुविधाओं की धनराशि में भी विभागीय उदासीनता के चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है आशा वर्कर्स ने अपने 12 सूत्रीय ज्ञापन में समस्याओं का उल्लेख करते हुए उनके शीघ्र निस्तारण की मांग की।

# ओरछा धाम में भव्यता के साथ आयोजित होगा राम महोत्सव

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

- महोत्सव का मुख्य उद्देश्य युवाओं को धर्म मार्ग से जोड़ना
- मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन के बारे में दी जायेगी जानकारी

युवाओं को धर्म से जोड़ने और उन्हें लोक संस्कृति से परिचित कराने के लिए रूद्राणी कलाग्राम एवं शोध संस्थान के तत्वावधान में ओरछा धाम में 2 अप्रैल से 9 अप्रैल तक राम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बुंदेली संस्कृति के अलावा मनोरंजन के माध्यम से लोगों को मार्यादा पुरूषोत्तम के जीवन के बारे में अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में धर्मगुरू, सिनेमा से जुड़े व्यक्तियों के अलावा केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्री व राजनेता शिरकत करेंगे। यह बात बुंदेलखंड विकास बोर्ड के अध्यक्ष राजा बुंदेला ने पत्रकारों के साथ वार्ता के दौरान कही।

रूद्राणी कलाग्राम एवं शोध संस्थान के तत्वावधान में ओरछा धाम में राम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर बुंदेलखंड विकास बोर्ड के अध्यक्ष राजा बुंदेला ने नगर में बेतवा सीड्स पर पत्रकारों के साथ वार्ता करते हुए बताया कि राम महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य है कि प्रभु श्रीराम को लोग मर्यादा पुरूषोत्तम के बार में सुनते आए हैं। प्रभु श्रीराम की जीवन को समझाने के लिए ही इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा



रहा है। जिसमें युवाओं की भगीदारी कराने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि युवा अपनी लोक संस्कृति और धार्मिक संस्कृति से परिचित हो सकें। इसके लिए कार्यक्रम में युवाओं के आकर्षण का भी ध्यान रखा जा रहा है। कार्यक्रम में राम के चरित्र पर आधारित फिल्मों प्रदर्शन, राम चरित्र को लेकर पेंटिंग प्रतियोगिता, योग प्रशिक्षण, भजन प्रतियोगिता, वैश्विक स्तर पर रामायण पर शोध करने वाले शोधार्थियों के विचार समेत नौ विधाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा अतिथियों द्वारा बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी के छात्रों से संवाद भी किया जाएगा।

सात दिवसीय कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, कौशल किशोर, नरेंद्र तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते, भानु प्रताप वर्मा, प्रदेश के मंत्री दयाशंकर सिंह, बृजेश पाठक, रानी मौर्या, जूनागढ़ अखाड़े से उमाकांतानंद, भोपाल से रिंग ऋषि आदि मौजूद रहेंगे। कहा कि नगर से कार्यक्रम की जिम्मेदारी रामराजा निरंजन व नितिन मित्तल को सौंपी गई है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, शिक्षाविद् डॉ. नितिन मित्तल आदि मौजूद रहे।

# हर पात्र व्यक्ति को मिलेगा सरकार की योजनाओं का लाभ : डॉ. अनुरागी

- मुस्लिम बाहुल्य गुलौली गांव में बजट अभिभाषण पर संगोष्ठी

**कदौरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य गुलौली गांव में सोमवार को भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू के बजट अभिभाषण पर संगोष्ठी शक्ति केंद्र की बैठक हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.घनश्याम अनुरागी ने कहा कि आज हमारा देश नई उचाइयों को छू रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी देकर उपलब्धियों को गिना कर लाभार्थियों से बात की। मंडल अध्यक्ष जगत नारायण विश्वकर्मा ने कहा कि संचालित योजनाओं का लाभ हर पात्र को मिलना चाहिए। संगोष्ठी के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष ने गांव का भ्रमण करते हुये गांव में कराये गये विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया साथ ही गांव के ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने में प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। यदि इसके बाद भी उन्हें लाभ नहीं मिलता है तो उसक जानकारी मुझे दें। इस दौरान हाजी अनीश खान, बृजबिहारी, रवि सिंह, डॉ. लेखराम, प्रधान नूर बेग पहलवान, हाजी एवज खान, जमील खान, युसूफ रहमान, अत्ताउल्ला सहित शक्ति केंद्र पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कल्लुआ मोती में सांसद खेल स्पर्धा का हुआ शुभारंभ

**मितौली खीरी समृद्धि न्यूज।** विकासखंड मितौली के न्याय पंचायत कल्लुआ मोती में मुख्य अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी के साथ ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी तथा क्षेत्रीय प्रधान, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। ग्रामीण क्षेत्रों से खेल के माध्यम से भविष्य में आगे बढ़ने की आस लिए बैठे तमाम युवक अपनी रूचि के अनुसार फुटबॉल, वॉलीबॉल, कुश्ती इत्यादि खेलों में अपना अच्छा प्रदर्शन किया।विजई टीम को उपस्थित खंड विकास अधिकारी तथा क्षेत्रीय नेताओं द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह बड़े ही भव्यता के साथ शहर के सेलिब्रेशन गेस्ट हाउस में राष्ट्रीय संरक्षक त्रिभुवन दत्त शुक्ल, राष्ट्रीय अध्यक्ष राम प्रसाद अवस्थी राष्ट्रीय महामंत्री अनिल शुक्ला एवं प्रान्तीय कांत मिश्रा, मंडल अध्यक्ष श्रवण वाजपेयी, शिव शंकर दयाल तिवारी के सानिध्य में संम्पन्न हुआ। भगवान् परशुराम की पूजा की गयी ।सभी विप्र ब्राह्मणो ने आपस में गले शिकवे मिटा कर, एक दूसरे के गले लगकर, माथे पर गुलाल लगाकर सुभकामनाए दी। संचालन जिला अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी ने किया। जिले के प्रबुद्ध वर्ग में भरत त्रिपाठी, रमाकान्त मिश्र, रमेश बाबू मिश्रा,




आशीष मिश्रा राजेश शुक्ला अदि मजूद रहे। बार एसोशिएशन चुनाव मीतापुर वर्ष 22-23 में विजण ब्राह्मण अधिवक्ता राममोहन पाण्डेय, बुद्धि प्रकाश मिश्रा, सपना त्रिपाठी, संध्या दीक्षित, विनोद त्रिपाठी, सर्वेश पाण्डेय,पंकज तिवारी, एवं सुन्दर कांड पाठ के आयोजकों संजय शर्मा, पराग भार्गव, रत्नेश द्विवेदी, संजय शुक्ल, आशुतोष शुक्ला, राकेश मिश्रा, भानू चतुर्वेदी को सम्मानित किया। वही इन्द्रमोहन मिश्रा उर्फ पिंटू व सचिन मिश्रा का प्रत्यक्ष रूप से संगठन का सहयोग करने के किए सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा ब्राह्मण समाज जो पीछे था अब फल फूल गया है संगठन गैर जनपद मे कुटुंब आप के माध्यम से अन्य जनपदों में कार्य कर रहा है। अरुणेश मिश्रा व बालकराम दास, दिनेश शाहवादी, संजय शुक्ला, प्रमोद तिवारी, नरेश मिश्रा, विवेक पंडित, संजय पाण्डेय, डॉ जे0 पी.पाण्डेय दिलीप ओझा, अरुण मिश्रा, विजय अवस्थी, अम्ब्रीश शुक्ल, सुशील पाण्डेय, अम्बरीष शुक्ला, शशिकांति तिवारी, मधुपाण्डेय, लक्ष्मीकान्त बाजपाई आदि उपस्थित रहे।

# सदर विधायक ने किया भूमि पूजन फिर भी सड़क का नहीं हुआ निर्माण

- एक किमी संपर्क मार्ग का निर्माण फिर भी अधर में लटका

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

दस माह पूर्व सदर विधायक ने उरई रोड से बंबा होकर छौलापुर रोड तक 1 किमी संपर्क मार्ग बनाए जाने की घोषणा की थी। घोषणा के बाद धूमधाम से भूमि पूजन भी कर दिया गया था। लेकिन भूमि पूजन के बाद अब तक कार्य की शुरूआत नहीं हो सकी है। जिससे ग्रामीण मायूस हैं। उरई मार्ग से छौलापुर रोड पर तक बंबा किनारे संपर्क मार्ग न होने से लोगों को निकलने में दिक्कत होती है। खासतौर पर बारिश के मौसम में कीचड़ हो जाने से उक्त मार्ग से होकर



लोग निकल नहीं पाते हैं। कच्चे रास्ते में वाहन चालकों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। उक्त संपर्क मार्ग के डामरीकरण के लिए ग्रामीणों ने सदर विधायक से मांग की थी। ग्रामीणों की मांग पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने ग्रामीणों को छौलापुर रोड तक जोड़ने वाले संपर्क मार्ग का निर्माण कराने का आश्वासन दिया था। लगभग 10 माह पूर्व 12 मई 2022 को भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में उक्त संपर्क मार्ग के निर्माण के लिए सदर विधायक द्वारा धूमधाम से भूमि पूजन भी किया गया था। सदर विधायक ने आश्वासन दिया था कि 98 लाख की लागत से बनने वाले उक्त 1 किमी संपर्क मार्ग का निर्माण 3 माह में पूरा करा दिया जाएगा। लेकिन उनका यह आश्वासन कोरा आश्वासन ही साबित हुआ। क्योंकि बीते 10 माह से उक्त संपर्क मार्ग के निर्माण की शुरूआत भी नहीं हो सकी है। ग्रामीण आरविंद कुमार, उमेश, विनोद कुमार, रमेश आदि ने बताया कि सदर विधायक द्वारा दिए गए आश्वासन से ग्रामीण काफी खुश थे। यदि उक्त संपर्क मार्ग का निर्माण हो जाता तो ग्रामीणों को उरई जाने के लिए करीब 4-5 किमी का चक्कर न लगाना पड़ता है। लेकिन भूमि पूजन के बाद भी 10 माह से काम की शुरूआत न होने से अब ग्रामीणों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। अब संपर्क मार्ग बन भी पाएगा अथवा नहीं इसका भी भरोसा नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने सदर विधायक से उक्त संपर्क मार्ग के जल्द से जल्द निर्माण की मांग की है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 275430428 मे मेरा नाम मुर्तजा खान पुत्र मुस्तकीम खान अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में मेरा नाम ननके पुत्र मुस्तकीम खान लिखा है उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं इसलिए मेरे एलआईसी पॉलिसी में मेरा नाम मुर्तजा खान उर्फ ननके अंकित किया जाए।

**मुर्तजा खान उर्फ ननके पुत्र मुस्तकीम खान ग्राम कटकुइया पोस्ट महरू मूर्तियां श्रावस्ती**

**संबंध विच्छेद**

मेरा विवाहित पुत्र उजैफ गलत संगत मे पड़कर परिवार व समाज के विरूद्ध अनैतिक कार्यों मे लिप्त है पुत्र उजैफ द्वारा किये गये किसी भी अनैतिक कार्य या लेनदेन के मामले में दिनांक 10 मार्च 2023 से मेरा कोई वास्ता नहीं है साथ ही पुत्र उजैफ को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है उसके द्वारा किये गये नैतिक अनैतिक कार्यों की पूर्ण जिम्मेदारी पुत्र उजैफ की ही होगी।

**बैदुल हुसैन पुत्र सलामतुल्ला मोहल्ला सैय्यदबाड़ा कस्बा समधन जिला कन्नौज**

# अविवि में दीक्षांत पखवाड़े के तहत हुआ खेल प्रतियोगिता का आयोजन

## खेल से खिलाड़ियों में नेतृत्व की क्षमता का विकास होता है : प्रो0 जसवंत सिंह

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के नेतृत्व में विश्वविद्यालय क्रीडा समिति द्वारा दीक्षांत पखवाड़े के अंतर्गत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टेबिल टेनिस,बैडमिंटन तथा कबड्डी खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अवध विश्वविद्यालय क्रीडा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो0 जसवंत सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया।टेबिल टेनिस पुरुष वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग के बी.पी.ई.एस तृतीय वर्ष के छात्र बाल कृष्ण यादव ने एम.पी.एड.चतुर्थ सेमेस्टर को 21-16 के अंतर से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।वहीं टेबिल टेनिस महिला वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग की कोमल ने हर्षिता को 21-13 के अन्तर से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन के पुरुष वर्ग में बी. टेक.चतुर्थ वर्ष के छात्र रंजन मद्धेशिया ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में बी.पी.ई.एस.प्रथम वर्ष के छात्र अभिनव वर्मा को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया।बैडमिंटन महिला वर्ग में बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा अंशिका सिंह ने एम.पी.एड.चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा सेजल वसीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।दूसरी ओर कबड्डी टीम खेल के पुरुष वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग ने एम.बी.ए.विभाग को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।कबड्डी पुरुष वर्ग में अंकित,अमित एवं वैभव ने अपने खेल कौशल से सभी खेल



प्रेमियों को प्रभावित किया।वहीं महिला वर्ग कबड्डी में शारीरिक शिक्षा विभाग ने एम.ए. प्रथम वर्ष समाज शास्त्र को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया।कबड्डी प्रतियोगिता में ब्यूटी,रंजू एवं मानसी ने शानदार प्रदर्शन किया।इस अवसर पर क्रीडा उपाध्यक्ष प्रो.सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि खिलाड़ी को खेल के क्षेत्र में एक बेहतर इंसान बनाने के साथ टीम की भावना एवं नेतृत्व की क्षमता को बढ़ाता है। प्रतियोगिता के विशिष्ट अतिथि शारीरिक शिक्षा एवं योग विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. संत शरण मिश्रा ने कहा कि स्पोर्ट्स और खेल वह गतिविधियाँ है जो व्यक्ति को उच्च स्तर की क्षमता के साथ व्यक्ति को और अधिक सक्षम बनाती है।अधिष्ठाता छात्र कल्याण तथा क्रीडा समिति आवासीय परिसर अध्यक्ष प्रो. नीलम पाठक ने अतिथियों का स्वागत किया।क्रीडा समिति आवासीय परिसर के सचिव डॉ. सुरेंद्र मिश्र ने दीक्षांत खेल प्रतियोगिता में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं की रूपरेखा प्रस्तुत की।कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुराग पाण्डेय द्वारा किया गया।इस अवसर पर क्रीडा समिति आवासीय परिसर के सदस्य डॉ. त्रिलोकी यादव, इं संजय चौहान, डॉ.नितेश दिक्षित, डॉ.मणिकांत त्रिपाठी, डॉ.प्रियंका, डॉ.गायत्री वर्मा ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अवसर पर प्रो.एसके रायजादा प्रो. शैलेंद्र वर्मा, प्रो. शैलेंद्र कुमार, प्रो. तूहिना वर्मा, प्रो. आशीष प्रताप सिंह, डॉ.अनिल कुमार, डॉ. अनिल मिश्रा, डॉ.कपिल राणा, डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ. पंकज, डॉ.एसपी सिंह, डॉ. अंकित मिश्रा,डॉ आशीष पांडेय, डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी, डॉ. देवेंद्र वर्मा, डॉ. संघर्ष वर्मा डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. मोहनी पांडेय, कुमार मंगलम,डॉ.अवधेश यादव, कौशल किशोर,महेन्द्र कुमार, आनंद मौर्य सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जीवन एक संग्राम है प्रत्येक व्यक्ति एक युद्ध लड़ रहा है

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

जीवन एक संग्राम है प्रत्येक व्यक्ति एक युद्ध लड़ रहा है या युद्ध किसी देश की सीमा पर ना होकर व्यक्ति के अंदर चल रहा है यह विचार प्रेमदास कुटी के महंत लालता दास जी ने बहुता धाम के मानस संत सम्मेलन में 8वे दिन व्यक्त किए। श्री महंत जी ने कहा कि युद्ध दो प्रकार का होता है एक सांसारिक युद्ध जो दो देशों के मध्य हो सकता है और दूसरा आध्यात्मिक युद्ध है जिसमें व्यक्ति अकेले अपने अंदर रहने वाले काम क्रोध मोह लोभ और मत्सर इन शत्रुओं से लड़ता है जिस प्रकार सांसारिक युद्ध में लड़कर योद्धा वीरगति को प्राप्त करता है वैसे ही भगवान के भक्त जो शत्रुओं से लड़ते हैं वह अंत में भगवान को प्राप्त करते हैं गीता में श्रीकृष्ण ने इन्हीं प्रबल शत्रु को जीतने का उपदेश दिया है। कुरुक्षेत्र बाराबंकी के मानस मनीषी पंडित रामकिंकर मिश्र ने मानस के विविध प्रसंगों की आधुनिक संदर्भ में व्याख्या करते हुए बताया कि अपनी शक्ति के अनुसार अन्याय का प्रतिरोध करना धर्म है रावण जब माता सीता का अपहरण करके आकाश मार्ग से लंका की ओर जा रहा था तभी जटायु ने उसका विरोध किया रोती हुई सीता को ढांढस बंधाया यद्यपि जटायु जानता था की रावण से जीत पाना संभव नहीं है किंतु उसने न्याय के पक्ष में खड़े होकर अन्याय का प्रतिकार किया इसी कारण वह गिद्ध होकर भी समाज के लिए वंदनीय उदाहरण बन गया। लखनऊ के प्रोफेसर डॉ जितेन नाथ पांडे ने विभिन्न मानव सुलभ दोषों की चर्चा करते हुए कहां की जीवन का सबसे प्रबल दोष अभिमान है जो साधारण मनुष्य को ही नहीं अपितु नारद जैसे महान साधक को भी पतन के गर्त में गिरा देता है नारद जी ने काम को जीत लिया तो उन्हें काम विजई होने का अभिमान हो गया उन्हें लगा कि वह कामजयी शिव और लक्ष्मीपति विष्णु से भी बढ़कर है और संसार में उनसे बड़ा अब कोई नहीं है परिणाम यह हुआ कि भगवान की माया ने नारद जी की बुद्धि को भ्रमित कर दिया वह अपने ऋषि स्वभाव के विपरीत विवाह करके स्त्री के लिए उतावले हो गए स्वयंबर सभा में कन्या ने नारद का वर्ण भी नहीं किया और वह संसार में उपहास का पात्र बन गए जीवन में किसी सफलता या उपलब्धि मिलने पर उसे अपना पराक्रम मानकर अभिमान नहीं करना चाहिए अपितु भगवत कृपा को प्रसाद मानकर विनम्र रहना चाहिए। रायबरेली के डॉक्टर कृष्ण कुमार मिश्र ने बताया कि जीव और परमात्मा असीम है जीव निश्चित साधनों से ही कार्य कर सकता है किंतु परमात्मा को किन्ही साधनों की आवश्यकता नहीं है वह बिना पैरों के चल सकता है बिना हाथों के सब कुछ कर सकता है। पंडित स्वामी दीन शुक्ल ने बताया कि सृष्टि का मूल और शाश्वत तत्व परमात्मा ब्रह्म है जिस प्रकार घड़े का मूल तत्व मिट्टी है घड़ा नष्ट हो जाता है किंतु मिट्टी का नाश नहीं होता उसी प्रकार संसार का नाश होता है किंतु परमात्मा सदैव विद्यमान रहता है। इसके अतिरिक्त चेतन स्वामी शिव शरण अवस्थी रामस्वरूप दास जी राम जी अभय नाथ शास्त्री जी ने भी सभा को संबोधित किया।

# ओज कवि ओपी वर्मा ओम को मिला साहित्य गौरव सम्मान

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

कवि ओम को मिला साहित्य गौरव सम्मान राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश की ओर से पुरस्कार एवं सम्मान समारोह 2022-23 लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित किया गया इसमें बाराबंकी शहर के निवासी वरिष्ठ ओज कवि डॉ ओ पी वर्मा ओम को साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया । इस सम्मान में ज़िले के साहित्यकारों में ख़ुशी की लहर है। भव्य समारोह का संचालन संस्था के अध्यक्ष श्री अखिलेश मिश्रा आईएएस द्वारा किया गया। श्री ओम को यह सम्मान मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश



शासन श्री दुर्गा प्रसाद मिश्र एवं श्री जितेन्द्र कुमार प्रमुख सचिव भाषा संस्थान के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्थान के पूर्व अध्यक्ष श्री हरि ओम आईएएस, पद्म विद्याविन्दु, हरि परसाद मिलन, विनय दास, डॉ अमरीश अंबर, इक़बाल रही, उमेश आदित्य, अमरीश प्रिय दर्शी, अनिल श्रीवास्तव लल्लू, सरला शर्मा, रेणु वर्मा, पंकज पर्सून सहित तमाम विद्वान साहित्यकार एवं कवि उपस्थित रहे।

# छात्रों से धन उगाही में सिटी कालेज ऑफ फार्मेसी आया चर्चा में

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

बच्चों का भविष्य बनाने के बजाय उगाही पर ज्यादा ध्यान देने वाला सिटी कालेज ऑफ़ फार्मेसी लक्षबर बजहा हेडलाइन बन गया।

कालेज प्रबंधतंत्र द्वारा बच्चो से 5 - 5 हजार रुपया स्कालरशिप के नाम पर वसूल तो लिये परन्तु बच्चो का ऑनलाइन डाटा फीडिंग नही की गयीं। कालेज प्रबंधतंत्र की कारगुजारियों से परेशान छात्र सोमवार को लखनऊ - अयोध्या हाईवे पर आ गये इस दौरान कई किमी0 लम्बा जाम लग गया सूचना पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने छात्रों की समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। बताते चले कि वर्तमान समय में बच्चो के स्कालरशिप के ऑनलाइन फीडिंग किये जा रहे है आवेदन की अंतिम तिथि 15 मार्च है स्कालरशिप प्राप्त करने के लिए प्रत्येक बच्चो द्वारा 5 - 5 हजार रुपया जमा किया गया है लेकिन ऑनलाइन डाटा फीडिंग न होने से कालेज में पढ़ने वाले सैकड़ा बच्चे स्कालरशिप से वंचित रह सकते है।

डाटा फीडिंग न भेजे जाने के बारे मे जब छात्रों द्वारा कालेज प्रबंधतंत्र से की तो उन्हें कुछ दिन के लिए उन्हें निष्कासित कर दिया जाता है जब की स्कॉलरशिप रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15 मार्च ही है और छात्रों से यह भी कहा जाता है कि स्कॉलरशिप को लेकर ज्यादा हंगामा किया तो प्रेक्टिकल के नंबर काट दिए जायेंगे।

वही सूत्रों से जानकारी मिली है कि बच्चों के स्कालरशिप के आवेदन रिजेक्ट कर दिये गये है उल्लेखनीय हो कि गरीब छात्रों की पढ़ाई स्कॉलरशिप पर ही टिकी होती है इसी को लेकर आक्रोशित छात्रों ने नेशनल हाईवे जाम कर प्रदर्शन किया।

# सोनार सेवा समिति का होली मिलन समारोह सम्पन्न

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



स्थानीय नगर पालिका परिषद प्रांगण में संत नरहरि दास सोनार सेवा समिति के तत्वावधान में होली मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पधारे कुशीनगर विधायक मोहन वर्मा (स्वर्णकार), भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री ज्योति सोनी का अध्यक्ष अशोक सोनी, पुष्पा जौहरी और सगुन सोनी ने माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। बतौर विशिष्ट अतिथि इब्जा प्रदेश अध्यक्ष मनीष वर्मा, सामाजिक उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू रस्तोगी मौजूद रहे। समारोह में मौजूद बुद्धिजीवियों ने सोनार समाज के विकास के लिए अपने विचार रखे। साथ ही समाज की मजबूती के लिये अति पिछड़े लोगों को साथ लेकर चलने का आह्वान किया। समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार सोनी का विश्वनाथ सोनी ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अनन्त कुमार रस्तोगी, अरविन्द जौहरी, सुनील सोनी, विकास सोनी, आनन्द सोनी, अरविन्द कुमार रस्तोगी, ओमकार रस्तोगी, राम सुमिरन रस्तोगी, शैलेन्द्र सोनी, रामजी सोनी सहित प्रदेश एवं जिले के तमाम स्वर्णकार समाज के लोग मौजूद रहे।

# नवनियुक्त सपा जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने शहर आगमन पर किया जोरदार स्वागत



**समृद्धि न्यूज, गोरखपुर**

गोरखपुर में समाजवादी पार्टी के नए जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार गौतम के प्रथम आगमन पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया है।इस उत्साह का उदाहरण भी देखने मिला है गोरखपुर की सीमा में नए जिलाध्यक्ष के प्रवेश करने से लेकर सपा कार्यालय तक जोरदार स्वागत है।

जिलाध्यक्ष बदलकर सपा ने 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियों की शुभारंभ करने का एक संकेत भी दे दिया है।गौरतलब है की गोरखपुर बासगांव लोकसभा सीट पर बीजेपी का वर्तमान समय में कब्जा है।2024 के लोकसभा चुनाव में सपा बासगाव की सीट पर कब्जा कर सके इसके लिए सपा ने कई जिलाध्यक्ष के माध्यम से सियासी दांव खेला है।चौरी चौरा , बांसगांव में जातिगत आंकड़ा भी चुनाव परिणाम पर काफी असर डालता है ऐसे में सपा ने एक बेहतर सियासी दांव खेल दिया है।हालाकि लोकसभा चुनाव अगले वर्ष 2024 में होने है।सोमवार को सिहापार हाल्ट के पास चौरी चौरा के अम्बरीष यादव,शैलेश यादव,जितेंद्र यादव सहित दर्जनों अन्य कार्यकर्ताओं व समाजवादियों के साथ अन्य लोगो का स्वागत एक बानगी है।

# भाजपा मंडल चोपन ने मनाया होली मिलन समारोह जमकर उड़े अबिर गुलाल

**चोपन/ सोनभद्र।** नगर के अवकाश नगर वार्ड नंबर 6 में रविवार को सायं भाजपा मण्डल चोपन के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया जहाँ लगभग एक दर्जन झांकियों ने अपने नृत्य कौशल से लोगों का मन मोह लिया एक से बढ़कर एक धार्मिक होली गीतों एवं भजनों के बीच जमकर अबिर, गुलाल उड़े इस दौरान मण्डल अध्यक्ष सुनील सिंह द्वारा आये हुए सभी लोगों को अबिर गुलाल लगाकर स्वागत व अभिनन्दन किया गया लगभग पांच घंटे तक चले कार्यक्रम में लोगों ने खुब आनंद लिया कार्यक्रम के समापन के पश्चात सहभोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिलामहामंत्री रामसुंदर निषाद, संजीव तिवारी, प्रदीप अग्रवाल, संजय जैन, सत्यप्रकाश तिवारी, रंजना सिंह, सुनीता पांडेय, मनोज सिंह सोलंकी, दिव्य विकास उर्फ बिट्टू सिंह, अमित सिंह,अरुण सिंह गहरवार,आईटी सेल विकास सिंह छोटकु, तीर्थराज शुक्ला,अभिषेक तिवारी, सुशील पाण्डेय इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# महंगाई पर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष उषा चौबे के नेतृत्व में महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटटा डिसूजा और यूपी महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष शहला अहरारी की आह्वान पर कमरतोड़ महंगाई के विरोध में सांसद जगाओ अभियान के तहत जिला महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष ऊषा चौबे के अगुवाई में रविवार को रॉबर्ट्सगंज सांसद कार्यालय उरमौरा में थाली पीटकर पीटकर विरोध प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा गया।

इस दौरान धरना को संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष ऊषा चौबे ने कहा कि बीजेपी सरकार में महँगाई चरम पर है, कमतोड़ महगाई से लोगो को घर चलाना मुश्किल हो गया है। अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कच्चे तेल के कम कीमत होने के बाद पर भी आज डीजल, पेट्रोल के दामों में बृद्धि से




किसान और आमजन काफी परेशान है। कांग्रेस सरकार में सिलेंडर 350 रुपये में मिलता था वही बीजेपी सरकार आते ही सात सालों में सिलेंडर का दामों में कई गुना बढ़ोतरी से आम जनता त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में महगाई बढ़ने पर महगाई डायन का नारा देकर सड़क और संसद में हो हल्ला मचाने वाले बीजेपी के नेता आज महँगाई बढ़ने पर मौन क्यों है?

महँगाई कम करने का वादा कर सत्ता हाशिल करने वाली मोदी सरकार में महंगाई सातवे असमान पर पहुँच गई हैं।, बीजेपी सरकार महंगाई रोकने में फेल साबित हुई हैं। श्रीमती चौबे ने कहा कि अब समय आ गया हैं की जनता के चूने हुए संसद में बैठे भाजपाई सांसदों को जगाया जाये ताकि 13 मार्च 2023 को शुरू हो रहे संसद सत्र में जनता के हित मे महगाई पर चर्चा करें। उक्त मौके जिला उपाध्यक्ष विमला देवी, शांति , प्रेमलता मिश्रा,नीलम सीमा निर्मला देवी सोमरी सुमन विश्वकर्मा शांति देवी बसंती चंपा मुनक्का लवली किरण नीतू तेतरीं देवी कबूतरी चमेली देवी पिंकी रीमा काजल राजकुमारी पूनम लोग भारी संख्या में महिला शामिल रही

# पेढ़ गांव पहुंचा कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतिनिधिमंडल

**घोरावल (सोनभद्र), समृद्धि न्यूज़**

सोमवार को कम्युनिस्ट पार्टी और समाजिक संगठन पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा का प्रतिनिधिमंडल पेढ़ गांव पहुंचा और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनके दुख दर्द को साझा किया। प्रतिनिधि मंडल में भाकपा के जिला सचिव कामरेड आर के शर्मा, माकपा के जिला सचिव कामरेड नंदलाल आर्या और पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में दस सदस्यीय टीम पुलिस फोर्स की मौजूदगी में पेढ़ गांव में पहुंच कर सारी स्थितियों की गहराई से अध्ययन किया और मृतक अनुराग पाल के पिता मंगल पाल और परिवार के अन्य लोगों से मुलाकात कर पुरे प्रकरण पर दुःख व्यक्त करते सहानुभूति प्रकट किया। प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान पीड़ित परिवार ने बताया कि जो फिरौती की बात उठी है वह नहीं रहा है यह मृतक अनुराग के पिता मंगल



पाल ने सीधे नकारते हुए कहा कि पिछले वर्ष 2 दिसंबर सन् 2022 के एक एसी/एसटी मुकदमे में आरोपी राजेश यादव मुख्य आरोपी हैं और उस मुकदमे में मैं गवाह रहा हूं। जो दुश्मनी का मुख्य कारण यही है और आरोपी राजेश यादव द्वारा मुझे लगातार धमकी दिया जाता रहा है तुम्हारे एकलौते लड़के को अपरहण कर जान से मार दिया जाएगा, जिसकी सूचना पुलिस प्रशासन और तहसील प्रशासन को दो माह पहले ही दिए हैं। लेकिन पूर्व और अभी बीते पिछले महीने में पुलिस और प्रशासन द्वारा मेरी अप्लीकेशन को संज्ञान में नहीं लिया गया और अनुराग के अपरहण होने के बाद छः मार्च को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई और एक आरोपी पकड़ा भी गया किन्तु पुलिस की लापरवाही के चलते मेरे पुत्र अनुराग को अपनी जान गंवानी पड़ी। इसके बावजूद भी पुलिस कहती हैं कि एफआईआर दर्ज किया गया है किन्तु मुझे एफआईआर का कापी भी नहीं मिला है। मौके पर प्रतिनिधि मंडल ने सीओ घोरावल से इस संबंध में बात किया।

सीओ द्वारा स्वीकार किया गया और उन्होंने एफ आई आर की कापी उपलब्ध कराने की बात कही। जहां प्रतिनिधिमंडल ने सारी स्थितियों को समझा और कहा कि घोरावल क्षेत्र में जमीन का कब्जा अवैध जमीनों पर कब्जा, भू-माफियाओं का वर्चस्व बनता जा रहा है, इसके पूर्व उभ्भा और अब पेढ़ की घटना घटी यह स्थानीय तहसील प्रशासन और पुलिस प्रशासन की घोर लापरवाही का नतीजा है कि एक नौ वर्षीय मासूम को अपनी जान गंवानी पड़ी और एक परिवार का चिराग बुझ गया। प्रतिनिधि मंडल ने मृतक अनुराग पाल प्रकरण पर पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग किया और पीड़ित परिवार को कम से कम पचास लाख रुपए तत्काल सहयोग राशि दिया जाए।

# जय हिंद मानवाधिकार द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह संपन्न

**मिर्जापुर।** जय हिंद मानवाधिकार एसोसिएशन की मासिक समीक्षा बैठक वह होली मिलन समारोह कार्यक्रम विकास भवन पथरिया के रविदास मंदिर के प्रांगण में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय द्वारा किया गया संचालन की जिम्मेदारी जिला सचिव अंजली देवी ने किया सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देशित किया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद द्वारा मदद दिलाने का कार्य जय हिंद मानवधिकार एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं को अपने कर्तव्य का पालन करें और सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर जनपद में अपने कार्यो के लिए स्वदेय तत्पर रहने का निर्देशित किया गया कार्यक्रम के दौरान रेखा गुप्ता दीपा वर्मा ओम प्रकाश प्रजापति ने मिलकर मिर्जापुर जनपद की इकाई टीम को लेकर होली मिलन समारोह का कार्यक्रम भी किया गया एक दूसरे को रंग गुलाल अबीर लगाकर होली की ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी साथ ही साथ एक दूसरे को गुजिया भी खिला कर मुंह मीठा किया गया।

# पेंशन बहाली को लेकर आज होगी बाइक रैली

**कोटवा धाम, बाराबंकी।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के निर्देशन में कल दिनाँक 14 मार्च 2023 को पुरानी पेंशन बहाली हेतु शिक्षकों एवं कर्मचारियों के संयुक्त तत्वाधान में जिला बाराबंकी स्थित जीआईसी ऑडिटोरियम से जिलाधिकारी कार्यालय तक संयुक्त मोर्चा द्वारा बाइक रैली आयोजित की जाएगी। शिक्षक एवं कर्मचारी काफी लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली हेतु सरकार से मांग कर रहे हैं एवं निरंतर विभिन्न चरणों में धरना प्रदर्शन ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक डॉ राकेश सिंह ने बताया कि पूरे जनपद से भारी संख्या में कल की बाई बाइक रैली में शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा।

# मुझसे मिलने का तुम जो वादा करो उम्र भर इंतेज़ार कर लूंगी

**बेलहरा बाराबंकी।** कस्बे के मोहल्ला बखरिया टोला स्थित अज़ीद खां रह.(बाजिद बाबा) के सालाना उर्स के मौके पर रविवार को आल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अधयक्षता वसीकुर्रहमान शफक व संचालन जमील अख्तर जैदपुरी ने किया। मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री नानकदीन भुर्जी ने शिरकत की जिनका कमेटी द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। उन्हों ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से आपसी सौहार्द बढ़ता है, समाज को जोड़ने वाले इस तरह में कार्यक्रम होना चाहिए। मुशायरे का आगाज़ वसीम रामपुरी के नतिया कलाम से हुआ इसके बाद सुदूर से आए हुए नामचीन शायरो व कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर लोगो का दिल जीत लिया। देर रात तक चले इस मुशायरे में जमील अख्तर जैदपुरी ने पढ़ा मंदिर में भजन और हैं मस्जिद में आज़ानें....दुनिया में मेरे देश की पहचान यही है। मोहन मुंतजिर नैनीताल ने पढ़ा तरस जाओगे जन्नत को अगर मां बाप रोएंगे....किसी लड़की की खातिर भूल कर भी जान मत देना। सहर अंजुम बाराबंकवी ने पढ़ा,ज़िंदगी खुशगवार कर लूंगी, तुम से जी भर के प्यार कर लूंगी, मुझसे मिलने का तुम जो वादा करो, उम्र भर इंतेज़ार कर लूंगी। इसके अलावा वसीम मजहर, हस्सान साहिर, शाइस्ता सना,वसीम रामपुरी,तनवीर अख्तर मऊ,शमीम रामपुरी,शाकिर अली, वसीकुर्रहमान शफक,रिजवान जमाली,दानिश बेलहरवी आदि ने भी अपना कलाम पेश किया।

# छज्जा निकाल कर मार्ग अवरुद्ध करने वाले के विरुद्ध एसडीएम से हुई शिकायत

**कोटवा धाम बाराबंकी।** सार्वजनिक रास्ते में छज्जा निकाल कर ऊंचे वाहनों के आने जाने का मार्ग अवरुद्ध करने वाले ब्यक्ति के विरुद्ध उपजिलाधिकारी के जनता दर्शन में शिकायत की गई।एस डी एम ने प्रभारी निरीक्षक सफदरगंज को मामले की जांच कर विधिक कार्यवाही करते हुए आख्या मांगी है। मामला तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के ग्राम डूंडी का है जंहा की समाज सेवी मखाना देवी ने उपजिलाधिकारी विश्वमित्र सिंह को जनता दर्शन में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर विपक्षी प्यारे लाल पुत्र सर्बजीत निवासी उपरोक्त पर आरोप लगाया है कि दलित बस्ती को आने जाने हेतु डेढ गटठे की सडक मे नाली के साथ खडन्जा निर्माण है जिसमे तीन फिट का विपक्षी द्वारा छज्जा निकाला जा रहा है जो कि भविष्य में इस सार्वजनिक मार्ग पर ऊंचे वाहनों को लाने ले जाने में दिक्कतों का सामना करना पडेगा ग्राम प्रधान राम सिंह वर्मा ने भी विपक्षी को सार्वजनिक मार्ग पर छज्जा निकालने से मना किया किन्तु विपक्षी ने उनकी बात भी नहीं मानी।तब सोमवार को एक दैनिक समाचार पत्र की पत्रकार एंव समाज सेवी ने उपजिलाधिकारी के जनता दर्शन में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर सार्वजनिक रास्ते पर छज्जा निकालने से मना करने की गुहार लगाई गई है।

# बिलासपुर के एनएसएस स्वयंसेवक का अयोध्या में स्वागत

**अयोध्या।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ से सम्बद्ध कमला नेहरू महाविद्यालय,कोरवा छत्तीसगढ़ के एम.लिब. में अध्ययनरत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक जय प्रकाश पटेल ने ''सनातन के भाव को युवाओं में जागृत करने के उद्देश्य के संकल्प के साथ 27 फरवरी राम जानकी मन्दिर,कोरवा (छत्तीसगढ़) से पदयात्रा प्रारम्भ की स्वयंसेवक द्वारा प्रतिदिन लगभग 50 से 60 कि.मी. की पदयात्रा (कुल 700 कि0मी0) 14 पड़ावों में 12 मार्च को अयोध्या रामजन्मभूमि रामलला के दर्शन के बाद सायं छह बजे सम्पन्न हुई।स्वयंसेवक पटेल के अयोध्या पहुचने पर डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलसचिव उमानाथ एन.एस.एस.प्रभारी डॉ0 मोहन चन्द्र तिवारी,जिला संगठक,राष्ट्रीय सेवा योजना कोरवा के वाई.के.तिवारी,हिन्दू जागरण मंच कोरवा के आशीष सिंह,स्वयंसेवक कोरवा शनिदेव व झुनझुनवाला महाविद्यालय, अयोध्या के एन.एस.एस. कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 संजीव कुमार शुक्ला,हनुमानगढी मंदिर के प्रधान पुजारी रामदास,संजय दास व रामआशीष दास ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।इसी के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा हनुमानगढ़ी में भव्य स्वागत किया गया।बताते चले कि स्वयंसेवक पटेल ने 27 फरवरी को प्रातःनौ बजे यह पदयात्रा छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के 12 जनपदों से होकर की।पदयात्रा जिस जिस जनपद से गुजरी उन सभी जनपदों में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों द्वारा स्वयंसेवक को सम्मानित भी किया गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत चांदपुर वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2022-2023 दिनांक 13/03/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चांदपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 14/03/2023 से 20/03/2023 तक अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 20/03/2023 को अपरान्ह 3 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | सरवन के घर से रामनरेश के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 285942 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(बबिता सिंह) प्रधान (आकांक्षा सक्सेना) सचिव

ग्राम पंचायत चांदपुर विकास खण्ड नवाबगंज, फर्रुखाबाद।

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुम्हौली वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0

पत्रांकः मीमो / 15वां वित्त/राज्य वित्त योजनान्तर्गत/2022-23 दिनांक 13/03/2023

### निर्माण सामिग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम कुम्हौली विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 14/03/2023 से 20/03/2023 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 20/03/2023 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, अवर अभियंता व सचिव, तकनीकी एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 14/03/2023 से 20/03/2023 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | सोनपाल के घर से बदले के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.28 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (रवि) सचिव (अरवेन्द्र)

ग्राम पंचायत कुम्हौली, विकास खण्ड कमालगंज, फर्रुखाबाद।

## कार्यालय ग्राम पंचायत चिलसरा वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकः-03/ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2022-23 दिनांक 13/03/2023

### निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्राम पंचायत चिलसरा की स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 14/03/2023 से दिनांक 18/03/2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 18/03/2023 सायं 4 बजे निर्माण समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में ) | जमानत धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य (रु0) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा योजना | चिलसरा सचिवालय में पश्चिम साइड इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | बिल ऑफ क्वांटिटी | 3.90/= | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2 | मनरेगा योजना | प्राथमिक पाठशाला से सचिवालय तक इंटरलाकिंग कार्य | बिल ऑफ क्वांटिटी | 3.90/= | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

(केशव चन्द्र) ग्राम प्रधान-चिलसरा , शमशाबाद, फर्रु0 (दिलीप कुमार) सचिव-चिलसरा , शमशाबाद, फर्रु0

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में गरीब बेटियों के विवाह सम्पन्न

- ब्लाक प्रमुख अंजना श्री प्रकाश अनुरागी रहे उपस्थिति

**पनवाड़ी। समृद्धि न्यूज**




योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब बेटियों की शादी में फिजूलखर्ची रोकने के लिए कारगर साबित हो रही है। पनवाड़ी ब्लॉक परिसर में पिछले छह माह के दौरान 150 से भी अधिक शादियों ने इसकी पुष्टि की है। इसी क्रम में सोमवार 13 मार्च को ब्लॉक परिसर में संपन्न हुए सम्मेलन में 16 वर वधुओं ने परिणय सूत्र में बंध कर सात जन्म तक साथ निभाने की प्रतिज्ञा की। परिसर स्थित ब्लॉक सभागार में पांच पांच के समूह में दूल्हा दुल्हन का जयमाला कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसके बाद अलग अलग बेड़ियों में वैवाहिक जोड़ों के फेरे कराए गए। इस दौरान सम्मेलन में शामिल महिलाओं द्वारा गाये गए हरे बांस मंडप छाए, सिया जी को ब्याहने राम आए जैसे मंगल गीतों से ब्लॉक परिसर गुंजायमान रहा। ब्लॉक प्रमुख अंजना अनुरागी द्वारा वैवाहिक रस्मो में शामिल होकर नव वधुओं की पैर पखराई की गई। ब्लॉक सूत्रों के मुताबिक आज के सामूहिक विवाह में कुल 17 पात्र जोड़ों ने शादी के लिए आवेदन किया था, जिसमें से खबर लिखे जाने तक 16 विवाह संपन्न हुए। सभी जोड़ों को सरकारी नियमानुसार आभूषण, कपड़ा और दहेज का समान बीडीओ की उपस्थिति में वितरित किया गया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इं श्रीप्रकाश, कस्बा प्रधान संजय द्विवेदी, बीडीओ संतराम और अन्य समाजसेवियों ने सभी वैवाहिक जोड़ों को आशीर्वाद देकर विदा किया। ब्लॉक प्रमुख अंजना अनुरागी की ओर से सभी जोड़ों को उपहार भेंट किए गए, वहीं पनवाड़ी प्रधान ने कलश देकर नवदंपतियों को शुभाशीष प्रदान किया।

## चरखारी विकास खण्ड प्रागंण में मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह के आयोजन मैं 19 जोड़ों का विवाह संपन्न




चरखारी (महोबा) चरखारी विकासखंड परिसर में आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आयोजन के तहत 19 कन्याओं का विवाह संपन्न कराया गया, आज के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आयोजन में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सीमा जयराम कुशवाहा रहीं, आज हुए 19 कन्याओं के विवाह में जिसमें जयंती संग लाल बहादुर, वंदना संग कालका प्रसाद, अंजना संग देवेंद्र, अर्चना संग पवन, उपासना संग ज्ञानेंद्र, देव कुवर संग शिव कुमार सहित कुल 19 जोड़ो का विवाह संपन्न कराया गया, विवाह कार्यक्रम को पंडित धर्मेन्द्र महाराज ने वैदिक मन्त्र उच्चारण के साथ बिवाह की रस्मो को संपन्न कराया, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आयोजन के तहत शासन द्वारा कन्याओ के खाते मे 35 हजार रुपए नगद, व उपहार जिसमें बिछिया, तोडिया, बस्त्र, बक्सा, मोबाइल प्रदान किया गया, इस मौके पर चेतराम बर्मा, सचिव आदित्य कुमार, सदाब खान, हिमान्सू अग्रवाल, शिवांग यादव, सुहेल नसीम, सुएब नसीम, भाजपा खरेला महिला मण्डल अध्यक्ष निरुपमा तिवारी, रजनीश गुप्ता, अरबिन्द गुप्ता, क्षेत्र पंचायत सदस्य देवी सिह राजावत, ग्राम प्रधान सज्जन राजपूत, ग्राम प्रधान मनोज कुमार , ग्राम प्रधान भान सिंह सहित सैकड़ों लोगो की उपस्थिति रही

## हाजी हाफिज वारिस अली शाह का उर्स हुआ



**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**हज़रत** हाजी हाफिज वारिस अली शाह रहमते अलैह का 58वां उर्स भरतपुर खुर्द में बड़े ही शानोशौकत के साथ मनाया गया हज़रत सिद्दीकी शाह वारिस की मजार पर चादर पेशी के बाद सारी रात मेहफिल में कव्वालो ने समां बांधा अलीगढ़ के फनकार अनवर साबरी ने बेहतरीन कलाम पेश किया हुसैन तेरे लशके जिगर को सलाम।

मुन्ना मेहमान ताज कब्बाल फरुखाबाद ने कहा जिसे हम कह सके अपना बड़ी मुश्किल से मिलता है। ज़हीर निजामी ने कहा अल्लाह जानता है मुहम्मद का मर्तबा आओ ये वारिसी खेले होली सिद्दीकी शाह के आंगन में। वारिस पाक की दरगाह पर ताखा ब्लांक प्रमुख एवं विधायक प्रतिनिधि जसवंत नगर ध्रुव कुमार यादव चीनी ने वारिस पाक की मजार पर चादर चढ़ाई। साथ में आशू यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य अनुज शाक्य मौजूद रहे। इस मुबारक मौके पर शाहिद वारिस शमशाद वारिस इसरार मुहम्मद आमिर खान हिन्दू मुस्लिम कौमी एकता के सदस्य बंटू सक्सेना अतुल सक्सेना सचिन गुप्ता हिमांशु गुप्ता विनोद वर्मा दीन अली कुरैशी खुशनूर वारिस, मौलाना नूर अहमद कुल मौलवी तूफानी शाह वारिसी ने पढ़ा।

## खबरें एक नजर में

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत बालक, बालिका बरामद

**इटावा।** गुमशुदा बच्चों की तलाश हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्यवाही करते हुए थाना फ्रेंड्स कॉलोनी व कोतवाली पुलिस ने बालक व बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। विवत 20 जनवरी को बच्चे के पिता द्वारा अपने 15 वर्षीय बालक के गुम हो जाने के संबंध में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस को सूचना दी गई थी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी से पुलिस टीम का गठन कर, टीम को गुमशुदा बालक की शीघ्र बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस टीम बालक की तलाश हेतु निरंतर प्रयासरत थी इसी क्रम में सफलता प्राप्त करते हुए पुलिस टीम ने गुमशुदा बालक को दिल्ली से सकुशल बरामद करते हुए परिजनों के सुपुर्द किया। पूछताछ करने पर बालक ने किसी बात से नाराज होकर घर से चले जाना व दिल्ली पहुंचकर एक होटल में काम करने की बात स्वीकार की। थाना कोतवाली क्षेत्र से परिजनो से नाराज होकर घर से बालिका के चले जाने की सूचना प्राप्त हुयी जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा थाना कोतवाली एवं महिला थाना से बालिका की सकुशल बरामदगी हेतु पुलिस टीमो का गठन किया गया। बालिका की बरामदगी हेतु पुलिस टीम निरन्तर प्रयासरत थी, महिला थाना पुलिस ने इलेक्ट्रनिक, मैनुएल साक्ष्यों एवं प्राप्त लोकेशन के आधार पर बालिका को थाना जसवन्तनगर क्षेत्र से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया। बालक व बालिका को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस प्रशंसा की।

### नेताजी की स्मृति में खेला गया क्रिकेट मैच

**इटावा।** नेताजी मुलायम सिंह यादव की स्मृति में जीआईसी मैदान पर प्रथम नेताजी समाजवादी कप का आयोजन किया गया। फाइनल मैच में जिला पंचायत ने लोहिया टीम को रोमांचक मैच में दो गेंदे शेष रहते हराकर फाइनल फाइनल जीता। जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 50 रन बनाकर नॉट आउट रहे। जिला पंचायत सदस्य जसवन्तनगर सोनू यादव ने फाइनल में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 90 रन बनाए,जिला पंचायत सदस्य सोनू यादव को मैन ऑफ द मैच एवं मेन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। इससे पहले एक दिवसीय इस टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया ने किया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि आदित्य अंकुरफ्र यादव रहे।

### सड़क दुर्घटना में फौजी की मौत

**इटावा।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार फौजी की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हुआ है। बताया गया है कि वे दोनों आपस में चचेरे भाई थे और यहां नगर में अपने बहन बहनोई के यहां आए थे जहां 7 वर्षीय भांजे शिवांश का जन्मदिन कार्यक्रम था। यहां से रात आठ बजे करीब वापस अपने गांव लौट रहे थे तभी उन्हें कचौरा बाईपास पर रेलवे ओवरब्रिज के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक संख्या यूपी 75 ए एन 3033 में जोरदार टक्कर मार दी जिससे भरथना क्षेत्र के नगला चुन्नी के निवासी जितेंद्र यादव फौजी 28 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि उसका चचेरा भाई शिवम यादव गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसे अस्पताल पहुंचाया गया उसका उपचार अभी जारी है। मृतक युवा फौजी दो भाइयों में छोटा था, बड़ा भाई गांव में ही रहकर अपने माता-पिता की सेवा के साथ खेती करता है।

### रोजगार मेले का आयोजन आज

**इटावा।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा 14 मार्च को खण्ड विकास कार्यालय बढपुरा में एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में हाईस्कूल से स्नातक एवं कम्प्यूटर योग्यताधारी बेरोजगार अभ्यर्थी भाग लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते है। मेले में भाग लेने के इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है, कि वे 14 मार्च को प्रातः 10 बजे अपने बायोडेटा, सीवी,शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं सेवायोजन कार्यालय के पंजीयन कार्ड के साथ खण्ड विकास कार्यालय, बढपुरा, में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु कोई मार्ग व्यय आदि देय न होगा।

### मुठभेड़ के बाद 20 हजार का इनामी वांछित गिरफ्तार

**कुरावली।** वाहन चौकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में पुलिस ने चोर गैंग के वांछित 20 हजार के इनमिया शातिर को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में शातिर के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल को अस्पताल में भर्ती कराया । सोमवार की सुबह ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत थाना पुलिस तथा विछवां पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए 20 हजार के इनानिया अंतर्जनपदीय चोर गैंग के सदस्य को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा । चोर गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शातिर अपराधी जनपद के अलग अलग थानों के 8 मुकदमों में वांछित चल रहा था गिरफ्तार आयुक्त के पास से चोरी की बाइक सोने चांदी के आभूषण तमंचा कारतूस तथा खोखा कारतूस बरामद किए गये । सोमवार की सुबह सीओ संजय वर्मा थाना प्रभारी विनोद कुमार तथा थानाध्यक्ष विछवां अमित सिंह द्वारा नहर पुल अंडर बाईपास पर चेकिंग की जा रही थी। संदिग्ध बाइक सवार को रोकने की कोशिश की तो उसने पुलिस पर फायरिंग शुरु कर दी जवाबी कार्रवाई में शातिर चोर इरफान पुत्र अलाउद्दीन निवासी कुंवरपुर दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसके कब्जे से एक बाइक तमंचा दो कारतूस सोने की चौन तीन अंगूठी पायल बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुकत जनपद के थाना विछवां किशनी बरनाहल ओछा में हुई चोरी की घटनाएं कबूल की है। ज्यादा जानकारी के लिए पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

### बजानिया नट समुदाय का मेला प्रारम्भ

**इटावा।** बजानिया नट समुदाय का मेला कुंजपुरा में शुरू हुआ। मेले में देश भर से इस समुदाय के हजारों लोग पहुंचेंगे। हवन पूजन के बाद सपा नेता चंदगीराम यादव फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया तथा नट बाबा आसाराम की मूर्ति के समक्ष पूजा अर्चना की। विदित हो कि दो दशकों से कुंजपुर का नट मेला बड़े स्तर पर लगने लगा है यद्यपि इन नट बाबा आसाराम की पूजा का कार्यक्रम लगभग 200 वर्ष पुराना है। मेले में काफी संख्या में दुकाने, खेल तमाशा, झूले तथा मनोरंजन के अन्य साधन लगाए गए हैं तथा नट बजानिया समाज के लोगों का देश के विभिन्न प्रदेशों से आने का क्रम जारी है। नट मेला अध्यक्ष रामवीर सिंह यादव के अनुसार मेले में लगभग 22 राज्यों से नट बजानिया समाज के लोग यहां पहुंचने की जानकारी मिल रही है जो कल तक विभिन्न साधनों से यहां पहुंच जाएंगे।

## अंग्रेजी किताब के साथ कायदा भी बच्चों को पढ़ायें

**चरखारी (महोबा)। समृद्धि न्यूज**



गोलाघाट मैदान में मदरसुल मदीना दारूल हिफ्जों किराअत जामा मस्जिद के द्वारा फैजानें इल्म कान्फ्रेंस व जश्ने दस्तार बंदी का आयोजन किया गया गया। जिसमें खिताब करते हुए जबलपुर मध्यप्रदेश से आये मौलाना कौशर रब्बानी ने कहा कि हमें अपने बच्चों को दुनियानी तालीम अंग्रेजी सीखी जाती है दीनी तालीम से कायदा कुरान पढ़ाया जाता है,अगर किसी के मां बाप अपने बेटे के कलेक्टर बैरिस्टर बनने से खुश होता है तो उस ज्यादा खुशी हाफिज के मां बाप को होती हैं। मां बाप का मर्तबा व अदब करने नमाज को कायम करना नेक आमाल से जन्नत मिलेगीकिसी का मुरीद बनने से कुछ नही मिले गा आमाल अच्छे करे नमाज पढ़ें, दारुल उलूम रब्बानियां बांदा से आये मुफ्ती सैयद गौहर रब्बानी मिस्बाही ने कहा कि इल्म से इंसानियत मिलती हैं,अमल तहजीब मिलती है, अपनों बच्चों को इल्म की दौलतमंद से मजबूत करों जमीनी दोलत तो मिट सकती है,ईल्म से शानौ सौकत मिलाती है, राठ से आये कारी रफीक हनफी ने खिताब में कहा कि अपने बच्चों को टायर पंचर का रिंच न दें बल्कि उनके हाथों में कलम दो कुरान पढ़ने का सिलसिला चलता रहेगा। भोपाल से आये नातखा शोएब रजा ने अपनी नात में पढ़ा मुस्तफा के करम की हमें हर जगह पर जरूरत रहेगी न मुशीबत दुखत कभी घड़ी आयेगी। निजामत कर रहे ललितपुर से आये जमील कादरी ने अपनी नज़्म में कहा कि रहमतों की जमीं में रखें यानि वस्ते सूबे अजमेर चल प्यारे वही रखें कागज सारे, मदरसा के छात्र सलमान अत्तारी छतर मंजिलपुर,हमजा राठ तनवीर झाँसी,साहिल चरखारी ने मदरसा से कुरान हिप्ज करने पर दस्तारबदी की गई। मदरसा के प्रधानाचार्य कारी मुहम्मद आरीफ ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

## लीडर्स इंटरनेशनल स्कूल में मना होली मिलन

इटावा। भारत विकास परिषद मित्र शाखा एवं लीडर्स इंटरनेशनल स्कूल के तत्वाधान में होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन का कार्यक्रम आज बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरिता भदोरिया सदर विधायक इटावा, अध्यक्षता कर रहे डॉ0 कुश चतुर्वेदी कवि एवं साहित्यकार इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ मंजेश कुमार निदेशक स्नेहलता उमराव प्रधानाचार्य आमंत्रित कवि श्री सतीश मधु, राजीव राज, ईशान देव, अवनीश त्रिपाठी, रोहित चौधरी ने अपने अपने तरीके से श्रोतागढ़ को हसाया और ग्राउंड में बैठे सभी लोगो को हंसा हंसा कर पेट फुला दिया जब तक कार्यक्रम चला पब्लिक अंत तक इस कार्यक्रम को देखती रही उठने का नाम ही नहीं लिया ग्राउंड में बैठे सभी अतिथियों ने आए हुए कवि गणों की भीनी भीनी प्रशंसा की ओर ऐसा कवि सम्मेलन बड़े-बड़े पंडालों में नहीं देखने को मिला जो यहां देखने को मिला और यहां पर आए हुए सभी अतिथियों का अबीर गुलाल फूलों की माला से स्वागत किया गया जिस में आए हुए अतिथि गण श्रीमती सरिता भदौरिया विधायका सदर इटावा, श्याम प्रताप विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट इटावा, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, पूर्व जिला सचिव कृष्ण मुरारी गुप्ता, विकास श्रीवास्तव नत्थू सिंह डिग्री कॉलेज प्रिंसिपल, पारस यादव चकरनगर, कार्व यादव पांन कुअर इंटर कॉलेज, शशिकांत सक्सेना, राकेश मिश्रा पेशगार, मनीष कुमार सहाय इंजीनियरिंग कॉलेज इटावा , रविंद्र सिंह कुशवाहा कमल सिंह कुशवाहा अरविंद सिंह कुशवाहा सर्वेंद्र कुशवाहा इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन भारत, विपिन भदोरिया दैनिक आज, राजीव यादव इटावा एक्सप्रेसवे न्यूज़ आए हुए लोगों ने अच्छे से कवरेज किया वह होली मिलन समारोह में जमकर खेली होली एक-दूसरे को गुलाल लगाया।

## बिजली कर्मचारियों की हड़ताल को किसान सभा का समर्थन

**इटावा।** किसान सभा द्वारा विधुत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उ.प्र. के आहवान पर 16 मार्च से होने वाली हड़ताल का पूरी तरह से समर्थन करते हुए उ.प्र. सरकार से संघर्ष समिति के साथ किए गये लिखित समझौते को पूरा करने की जनहित में अपील की गयी है। अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री एव उ.प्र. के महामंत्री मुकुट सिंह ने उल्लिखित ब्यान जारी करते हुए प्रदेशभर में किसान सभा की जिला इकाईयों से बिजली कर्मचारियों के साथ खडा होने की अपील की है। मुकुट सिंह ने आगे कहा कि एकतरह से यह हडताल उ.प्र. सरकार द्वारा बिजली कर्मचारियो पर थोपी जा रही है। क्योंकि ऊर्जा मंत्री श्री एके शर्मा की मध्यस्थता में सरकार के अन्य उच्चाधिकारियो के बीच संघर्ष समिति से हुयी वार्ता में बिजली के निजीकरण के लिए कदम न उठाने और कर्मचारियों की अन्य लम्बित मांगो को पूरा करने का लिखित समझौता किया गया था।

## होली मिलन व वैश्य रत्न सम्मान समारोह का हुआ आयोजन




**इटावा।** अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा होली मिलन समारोह एवं वैश्य रत्न सम्मान समारोह का आयोजन माया मैरिज होम रामलीला रोड पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक सरिता भदौरिया व मिथलेश अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष महिला की उपस्थिति में डॉ.वीके गुप्ता पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी, राजीव अग्रवाल निदेशक रिलायंस पैट्रोल पंप इटावा, निधी कंसल, वैद्य वज्रसेन जैन, डा.चन्द्रलता गुप्ता प्रधानाचार्य के आर गर्ल्स इंटर कालेज लखना को वैश्य रत्न सम्मान से नवाज़ा गया।

कार्यक्रम के आयोजक मनोज गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला कामिनी गुप्ता, जिला अध्यक्ष विवेक गुप्ता, जिलाध्यक्ष महिला, निरंजना गुप्ता, युवा अध्यक्ष शिवम गुप्ता, नगर अध्यक्ष अवनींद्र पोरवाल द्वारा सभी पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित किए गए। भाषण प्रतियोगिता में वैभवी व नियति को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन निधि गुप्ता ने किया। वैश्य उपवर्गो में श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, खरौआ पुरवार सभा के जिलाध्यक्ष विवेक रंजन गुप्ता, श्री पोरवाल पुरवार सभा के जिलाध्यक्ष सर्वेश पोरवाल, शिवहरे समाज से पंकज गुप्ता लाल, जैन समाज से जितेंद्र जैन हैप्पी को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। आकाश अंजाना ग्रुप के कलाकारों द्वारा भगवान राधा कृष्ण की झांकी एवं रासलीला की प्रस्तुतीकरण किया गया।इस अवसर पर फूलों की होली खेल कर सभी आनंदित हुए।कार्यक्रम में सभी उप वर्गो के वैश्य बंधु एवं संगठन के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पानकुवर इंटरनेशनल स्कूल में होली मिलन समारोह सम्पन्न

**इटावा। समृद्धि न्यूज**




जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली द्वारा डॉ. कैलाश यादव फेडरेशन आफीसर के संयोजकत्व में पानकुवर इण्टरनेशनल स्कूल कृष्णा पुरम कालौनी में होली मिलन का आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें सभी ने एक दूसरे के प्राकृतिक रंग लगाने के साथ-साथ जायण्ट्स परिवार के कवियों ने अपनी काव्य रचना की बौछार से सभी को सरोवर पर दिया।

आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ शिवराज सिंह यादव सदस्य विशेष समिति जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन ने कार्यक्रम संयोजक डॉ कैलाश यादव को होली मिलन समारोह के भव्य आयोजन हेतु मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए जायण्ट्स परिवार के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को प्रेम एवं भाईचारा के प्रतीक होली के पावन पर्व पर शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। फेडरेशन अध्यक्ष ऊषा यादव ने कहा कि होली नव धान्य के परिपक्व होने पर खुशी इजहार करने का पर्व है। इस अवसर पर जायण्ट्स परिवार के सदस्य यासीन अन्सारी, रियाज़ इटावी, राज्दा खातून, राम सजीवन सिंह, सलीम इटावी, वैभव कुमार वैभव, कमलेश कान्त निराला, करुणा वन्सल, , राखी मित्तल, साधना शर्मा, विदुला दुवेदी, हिमांशु वन्सल, अमित कुमार पाण्डेय, राजकुमार मैहरोत्रा, रीता मेहरोत्रा, आशा अवस्थी, विशुन सिंह कुशवाहा, ने होली पर प्रेम एवं सद्भाव के वैहतरीन काव्य पाठ सभी को सरोवर किया। कार्य क्रम में सभी आगंतुकों ने होली के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम आयोजक डॉ कैलाश यादव एवं रश्मि यादव ने सभी को होली के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां के साथ साथ मुख्य अतिथि डॉ शिवराज सिंह यादव सदस्य विशेष समिति जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन, ऊषा यादव अध्यक्ष फेडरेशन 5, विमल कुमार सिंह फेडरेशन सचिव, राम सजीवन सिंह फेडरेशन वित्त अधिकारी, शशि प्रभा राजपूत कोआर्डिनेटर, आशा अवस्थी यूनिट निदेशक, स्मिता यादव यूनिट निदेशक, फेडरेशन आफीसर रीता मेहरोत्रा, कृष्णा शर्मा, दाऊ दयाल वर्मा, ललित सक्सैना, जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा , प्रशासनिक निदेशक संगीता तिवारी, सुषमा यादव, दतावली डायमंड की अध्यक्ष श्रीमती राखी मित्तल, प्रशासनिक निदेशक अंजलि अग्रवाल, रीता गुप्ता, पिलुआ महावीर की अध्यक्ष आस्था कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष मीरा वर्मा, नवोदिता की अध्यक्ष साधना शर्मा, विनीता टण्डन दीप्ति, इष्टिकापुरी रूरा के पूर्व अध्यक्ष विपिन कुमार मिश्रा, नवीन जायण्टस ग्रुप आफ इटावा डायमंड के अध्यक्ष बलराज गर्ग, प्रशासनिक निदेशक आनंद मित्तल समेत समस्त जायण्ट्स परिवार का आभार ब्यक्त किया।

## कुशवाहा महासभा ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**इटावा। समृद्धि न्यूज**




**अखिल** भारतीय कुशवाहा महासभा के तत्वावधान में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के जवाहर उत्सव गार्डेन में हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कुशवाहा, शाक्य समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद कुशवंशी ने ध्वजारोहण और दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की।

कुशवाहा महासभा के होली मिलन कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कुशवाहा, शाक्य समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। समाज के कई बाल प्रतिभाओं और युवाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में फूलों की होली खेली गई और सामूहिक कामना की गई कि इन फूलों के रंगों की तरह लोगों के जीवन में खुशियों के रंग मौजूद रहें। कार्यक्रम में आए पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य ने कहा कि वह कामना करते हैं कि समाज में आपसी प्रेम,विश्वास और सौहार्द्र बना रहे। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद कुशवंशी ने कहा कि महासभा की तरफ से आगे भी समाज कल्याण के कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। समाज के सभी लोग एकजुट रहें और कभी भी खुद को कमजोर ना समझें। महासभा समाज के हर एक व्यक्ति के साथ हमेशा खड़ी है। होली मिलन कार्यक्रम में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रतिनिधियों में दिल्ली से आए कवि और मोटिवेशनल स्पीकर मनोज मधुर, रामअवतार कुशवाहा, गंगाराम कुशवाहा, डॉ, आनंद कुशवाहा, ग्राम प्रधान विक्रम कुशवाहा, ग्राम प्रधान जितेंद्र शाक्य, सुनीता कुशवाहा, अर्चना कुशवाहा और बड़ी संख्या में कुशवाहा, शाक्य समाज के लोग मौजूद रहे।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पर प्रेम से मना होली मिलन समारोह

**इटावा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सिविल लाइन शाखा पर भव्यता और प्रेम से होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। परमात्मा भोलेनाथ के आगे दीप जलाकर कार्यक्रम शुरू हुआ। होली विशेष राधा कृष्ण की याद दिलाता है उसी भाव को प्रदर्शित करते हुए बच्चों ने मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किए साथ ही बहन सुनीता दीक्षित ने होली गीतों से समा बांध दिया। वातावरण को रसमय बनाने हेतु गुलाल के साथ साथ फूलों की होली खेलते हुए ब्रह्माकुमारी बहन नीलम ने कहा कि होली में हम अपने कुत्सित भावनाओं को जलाकर उमंग उत्साह में भरकर शांति प्रेम सुख और आनंद का गुलाल सब पर बरसाएं।ब्रह्मा कुमारी प्रीति बहन ने रंग लगाकर और पुष्प वर्षा करते हुए सभी को सदा खुश रहने की प्रतिज्ञा कराई।

## मुख्तार का करीबी ठेकेदार रंगदारी के मामले में गिरफ्तार

बांदा। रंगदारी वसूलने के मामले में आरोपित माफिया मुख्तार अंसारी और उसके विधायक पुत्र अब्बास के करीबी मददगार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उस पर आरोप था है कि पिस्टल के बल पर 50 हजार रुपए की दुकानदार से रंगदारी मांगी है। न देने पर दुकानदार को जान से मार देने की धमकी दी है। पुलिस ने गिरफ्तारी के समय उसके पास से कोई भी असलहा बरामद नहीं किया। आरोपी का डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। शहर के अलीगंज मुहल्ला निवासी ठेकेदार रफीकुस्समद मंडल कारागार में बंद पूर्वांचल के माफिया मुख्तार अंसारी व चित्रकूट जेल में निरुद्ध रह चुके विधायक पुत्र अब्बास अंसारी का करीबी व मददगार होना पुलिस की जांच में मिला था। इतना ही नहीं माफिया की मदद करने वाले आरोपित ठेकेदार के बारे में पुलिस अधीक्षक ने बताया था कि छोटी बाजार मुहल्ला निवासी श्यामू गुप्ता ने छह मार्च को कोतवाली में तहरीर दी थी जिसमें उसने बताया था कि वह मोबाइल रीचार्ज व सिम बिक्री की रोडवेज के पास दुकान किए है। 19 फरवरी को वह अपनी दुकान पर बैठा था, तभी शाम को रफीकुस्समद अपने अन्य साथी के साथ दुकान आया और बिना आईडी के सिम मांगने लगा। मना करने पर गाली-गलौज करने लगा व जान से मारने की धमकी दी। पिस्टल दिखाकर 50 हजार रुपए की रंगदारी मांगने लगा। उसने यह भी कहा था कि अगर 10 दिन के अंदर सिम नहीं मिली तो वह दोबारा दुकान आएगा और जान से हाथ धोना पड़ेगा। आरोपी ठेकेदार का माफिया मुख्तार के करीबी होने की खबरें न्यूज पेपर में पढ़ने से दुकानदार सहम गया था। आरोपी ठेकेदार व उसके अज्ञात साथी के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

# समस्याओं को लेकर डीएम से मिला आलू किसानों का प्रतिनिधिमंडल

- वरिष्ठ सपा नेता नवाब सिंह यादव की अगुवाई में प्रतिनिधि मण्डल ने डीएम को बताई किसानों की समस्याएं, शासन- प्रशासन से निराकरण कराए जाने की मांग की

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**


जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपता प्रतिनिधि मण्डल — समृद्धि न्यूज

**सोमवार** के समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुआई में आलू किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल से मिला और आलू किसानों की समस्याओं से अवगत कराते हुए शासन व प्रशासन से निराकरण कराए जाने की मांग की।

किसानों के प्रतिनिधि मण्डल की अगुवाई कर रहे सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि कन्नौज में आलू की पैदावार लगभग 90 प्रतिशत है, वर्तमान समय में आलू की खेती करने वाला किसान बेहद परेशान और निराश है। श्री यादव ने मांग की कि आलू खरीद का सरकारी केंद्र कन्नौज में खोला जाए, जिससे किसानों को आलू का उचित दाम मिल सके। श्री यादव ने कहा कि छोटे किसानों का आलू कोल्ड मालिकों द्वारा भण्डारण के लिए नही रखा जा रहा है, जिससे छोटे किसान परेशान हैं। प्रशासन द्वारा कोल्डस्टोरेज के मालिकों से वार्ता कर छोटे किसानों के आलू के भंडारण करने की उचित व्यवस्था की जाए, साथ ही पूर्व की भांति किसानो को प्रति कट्टी के हिसाब से 100 रुपए का लोन दिलाया जाए, जिससे छोटे किसान आलू के लिये वारदाना और भाड़े की व्यवस्था कर सकें। पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे ने कहा कि सरकार ने जो कीमत तय की है उससे किसानो के आलू की लागत भी नही निकलती है। इसलिए सरकार आलू की सरकारी खरीद का दाम कम से कम 2000 हजार रुपया प्रति कुंतल निर्धारित किया जाए। इस अवसर पर प्रतिनिधि मण्डल ने डीएम को एक ज्ञापन सौंपा, और समस्याओं का निरकरण कराए जाने की मांग की। इस मौके दरोगा कटियार, बलवीर सिंह, नाहर सिंह, कुट्टू पांडेय, हरिपाल राजपूत, अमित मिश्रा, सतेन्द्र यादव, पप्पन बाजपेयी, रानू कुरेशी, आशुतोष, धर्मवीर पाल, मंसूर खान आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली में कल होने वाले आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



**ग्राम** जसपुरा सरैया में आजाद समाज पार्टी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 15 मार्च को दिल्ली मे होने वाले आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर चर्चा हुई। आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष प्रभात गौतम व भीम आर्मी जिला अध्यक्ष वीरू खरे ने पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए अधिवेशन को सफल बनाने का आवाह्न किया। मीडिया के सवाल के जवाब देते हुए जिला अध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि 15 मार्च को पार्टी का प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली के श्रीफोर्ट ऑडीटोरियम मे होने जा रहा है। ये दिन हम लोगों के इस लिए भी महत्वपूर्ण है, कि मान्यवर कांशीराम जी की जयंती भी है अधिवेशन को सफल बनाने के लिए जिला कन्नौज से पूरी तैयारी कर ली गई है और सभी पदाधिकारी कल 14 तारीख शाम को दिल्ली के लिए रवाना होगे। इस मौके पर पवन गौतम जिला प्रभारी, बंटू कठेरिया जिला महासचिव, नेम सिंह, योगेंद्र गौतम, पातीराम बौद्ध अनुज रावण घनश्याम, अखिलेश आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने लगाई फांसी

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने कमरे की छत पर लगे कुंडे में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। सोमवार की सुबह क्षेत्र के ग्राम तेरारब्बू निवासी धर्मेंद्र राठौर की 16 वर्षीय पुत्री पूजा राठौर ने बीमारी से तंग आकर फांसी का फंदा अपने गले में डाल आत्महत्या कर ली। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजनों ने बताया कि उसकी पुत्री काफी दिनों से बीमारी से ग्रसित थी और उसकी मां भी कैंसर जैसे असाध्य रोग की चपेट में है। जिससे आहत होकर उसकी पुत्री ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक राम गिरीश यादव ने किशोरी के शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

## दो पक्षों में हुई मारपीट में महिला सहित दो घायल

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते दो पक्षों में गाली गलौज के बाद जमकर हुई मारपीट में महिला सहित दो लोग घायल हो गए। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी नजमुद्दीन पुत्र कुतुबुद्दीन द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि रविवार की शाम वह घर की ओर जा रहा था। तभी मोहल्ले के ही इरशाद उर्फसाका, रिजवान, इस्लाम, तबारक आए और रंजिश के चलते उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जबकि दूसरे पक्ष की शबाना बेगम पत्नी यूनुस द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीती शाम वह अपने घर के बाहर बैठी थी। तभी मोहल्ले के ही नजमुद्दीन, जिप्पी, शादाब, चांद बाबू आए और बिल्ली के बच्चे के गायब हो जाने के विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ितों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## बच्चों के विवाद में युवक को पीटा

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** बच्चों के विवाद को लेकर युवक के साथ गांव के एक अन्य युवक ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम टडहा निवासी रफीक पुत्र जाफर द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि सोमवार की सुबह अपने घर के बाहर बैठा था। तभी गांव के ही अजय पाल पुत्र विश्राम आए और बच्चों के झगड़े के विवाद को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## रोजगार सेवक ने भाइयों के साथ मिलकर युवक को जमकर पीटा

**सौरिख,समृद्धि न्यूज।** बाजार से वापस घर जा रहे युवक को गांव के ही दबंग रोजगार सेवक ने भाइयों के साथ मिलकर रास्ते में घेरकर लाठी डंडे से जमकर मारपीट की। चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना क्षेत्र के कुसका नगरिया निवासी विपिन कुमार पुत्र बृजमोहन साइकिल से सौरिख बाजार से वापस घर जा रहा था, तभी रास्ते में गांव के ही रोजगार सेवक अतुल कुमार व उसके भाई संजू, बबलू पुत्र वृंदावन ने घेरकर लाठी डंडे से जमकर मारपीट की, जिससे विपिन गंभीर रूप से घायल हो गया। विपिन की चीख पुकार सुन खेतों में काम कर रहे लोग दौड़े तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

## युवक के विरुद्ध छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** एक महिला के साथ गांव के ही एक युवक ने छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकतें की। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़िता द्वारा कोतवाली मैं दी गई तहरीर में कहा गया है कि रविवार की शाम घर के बाहर बैठी थी। तभी गांव का ही राज सिंघानिया पुत्र निरंकार कठेरिया आया और उसके साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करते हुए खींचतान की।

# पच्चीस हजार के इनामिया बदमाश को पुलिस ने दबोचा

- अपहरण के मामले में वांछित चल रहा था

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



पुलिस की हिरासत में इनामियां बदमाश — समृद्धि न्यूज

**अपहरण** के मामले में वांछित 25 हजार के इनामिया बदमाश को कोतवाली पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने बदमाश के पास से एक 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने विधिक कार्यवाही की है।

सोमवार को कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शहर स्थित कांशीराम कालोनी के निकट घेराबन्दी करते हुए 25 हजार रूपये के इनामियां अभियुक्त संतराम पुत्र बृजलाल उर्फ बिज्जा निवासी ग्राम महादेवा थाना बिलग्राम जनपद हरदोई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उक्त आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया है। सदर कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली थी कि स्थानीय थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0 543/2022 धारा 364ए भा0द0वि0 मे वांछित अभियुक्त कांशीराम कालोनी के पास मौजूद है। मुखबिर द्वारा सूचना मिलते ही उप निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार, उप निरीक्षक प्रमोद कुमार और हेड कांस्टेबल उपदेश कुमार तथा कांस्टेबल सत्यप्रकाश के साथ वे मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंच गए और घेराबन्दी कर उक्त बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम द्वारा तलाशी के दौरान उक्त बदमाश के पास से एक 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। उक्त के खिलाफ विधिक कार्यवाही की गई है।

# चार दिन बीत जाने के बावजूद नहीं दर्ज हो सका मुकदमा

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज**

**विगत** दिनों पूर्व होलिका स्थल की सीलिंग की सजावट में तोड़फोड़ करने वाले लोगों की सूचना पुलिस को देना एक युवक को उस समय महंगा पड़ गया, जब होली वाले दिन दबंग युवकों ने उसके साथ न सिर्फ अभद्रता की, बल्कि मारपीट कर धमकी भी दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की, लेकिन कोतवाली पुलिस ने उसे टरका दिया।

नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी राजेश गुप्ता पुत्र मोतीलाल गुप्ता ने कोतवाली में दिए गए शिकायत पत्र में कहा कि विगत 07 मार्च की देर रात शराब के नशे में धुत होकर मोहल्ले के तीन युवक आए और होलिका के स्थल में लगी सीलिंग की सजावट को तोड़ने लगे। उसके द्वारा विरोध करने पर उक्त लोग झगड़े पर आमादा हो गए। जिसकी सूचना उसके द्वारा कस्बा पुलिस को दी गई। पुलिस के आने तक आरोपी मौके से फरार हो गए, जिसके बाद दूसरे दिन 08 मार्च की दोपहर तीनों युवक अपने पांच अज्ञात साथियों के साथ आए और उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडों से उसे मारापीटा तथा फर्जी मुकदमे में फंसाने सहित जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित की तहरीर लेकर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करने के बजाए पीड़ित को जांच के नाम पर टरका दिया गया। कोतवाली पुलिस की कार्यशैली से आहत पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत कराए जाने की बात भी कही है।

# धार्मिक कार्यक्रम हमें एकता के धागे में पिरोने का कार्य करते हैं: राजीव

- पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ने भागवताचार्य को अंग वस्त्र भेंटकर किया स्वागत


कथा वाचक को अंगवस्त्र पहनाते भाजपा नेता राजीव ठाकुर

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** धार्मिक कार्यक्रमों से आपसे भाईचारा मजबूत होता है तथा श्रीमद् भागवत कथा सनातन धर्म का बोध कराकर अच्छाई के मार्ग पर चलने का संदेश देती है। सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन ऐतिहासिक धर्म है, जो हम सभी को बुराई के मार्ग से दूर रहने के लिए प्रेरित करता है। उक्त उद्गार बीती शाम क्षेत्र के ग्राम भुढ़हा में चल रही श्रीमद भागवत कथा में भागवताचार्य संजय मिश्रा को अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत करने के उपरांत पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर ने कही। क्षेत्र के ग्राम भुढ़हा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में भक्तिरस की धारा में डूबे श्रृद्धालुजनों ने भागवताचार्य संजय मिश्रा के श्रीमुख से भगवान के विभिन्न रुपों की लीला का वर्णन बड़े ही श्रृद्धा भाव से सुना। इस अवसर पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर ने भागवताचार्य संजय मिश्रा को अंग वस्त्र भेंट कर उनका आशीष लिया। इस मौके पर राजीव ठाकुर ने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम हमें एकता के धागे में पिरोने का कार्य करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा को सच्चे मन से सुनने पर जीवन में चली आ रही कठिनाइयों का निवारण होता है। इस दौरान रानू ठाकुर, राहुल राठौर, अशोक चौरसिया, दीपक ठाकुर, शशांक समेत तमाम श्रृद्धालुजन मौजूद रहे।

# खाटूश्याम के भजनों को सुनकर श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

- भक्ति गीतों पर सारी रात झूमने को मजबूर हुए श्रद्धालु

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज**


जागरण में सजा बाबा खाटू श्याम का दरबार

**नगर** में बाबा खाटू श्याम के भव्य जागरण का आयोजन हुआ। जिसमें दूरदराज से आए कलाकारों द्वारा भक्ति गीतों को गाकर संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय कर दिया। जिससे सारी रात श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए।

रविवार की शाम नगर के मोहल्ला रामगंज बाईपास पर आयोजित बाबा खाटू श्याम के भव्य जागरण मे दूरदराज से आए कलाकारों ने बाबा के सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किए। आगरा से आए कदीर शान ने तेरा दर तो हकीकत में दुखियों का सहारा है। कानपुर से आए कुंदन गोस्वामी ने नौकर रख ले लखदातार, विधूना से आए कुमार कुश कश्यप और गोपाल कश्यप ने बाध्य यंत्र की कलाकारी से श्रोताओं का मन मोह लिया। सुबह आरती वंदना के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर दिनेश चन्द्र गुप्ता, योगेश उर्फ यश गुप्ता, अवधेश चंद्र गुप्ता, बृजेश गुप्ता, आशीष गुप्ता, राजेश गुप्ता, रवि कंचन, पवन गुप्ता, अवधेश गुप्ता सहित तमाम महिला पुरूष भक्त मौजूद रहे।

## युवक के साथ लाठी डंडे से जमकर मारपीट हालत गंभीर रेफर

**सौरिख,समृद्धि न्यूज।** गांव से साइकिल से सौरिख बाजार करने जा रहे युवक के साथ गांव के ही दबंग युवकों ने अपने बहनोई के साथ मिलकर रास्ते में घेर लिया और लाठी डंडे से जमकर मारपीटा। चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थाना क्षेत्र के कुसका नगरिया निवासी सुधीर कुमार पुत्र रामबाबू साइकिल से सौरिख बाजार पंखे ठीक कराने जा रहा था।रास्ते में गांव के ही अनिल, कौशलेंद्र पुत्र रामप्रकाश तथा अनिल का बहनोई रिंकू निवासी घिरोर मैनपुरी ने घेरकर लाठी डंडे से जमकर मारपीट की जिससे सुधीर गंभीर रूप से घायल हो गया। सुधीर की चीखपुकार सुन खेतों में काम कर रहे लोग दौड़े तो आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने गंभीर हालत में पुलिस को सूचना देकर सीएचसी में भर्ती कराया हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नही हुआ था।

## आरएसएस के होली मिलन समारोह में कवियों ने सुनाई अपनी रचनाएं

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**रविवार** को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन शहर के मोहल्ला हरिनगर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय पर आयोजित किया गया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता उमाशंकर वर्मा÷साहिल'' ने की व संचालन कवि विवेक ने किया।

कवि सम्मेलन में प्रमुख रूप से डॉक्टर महेशचंद शर्मा, ओज के कवि अरविंद वाजपेई, अभिनव द्विवेदी, अनिल द्विवेदी÷मनीषी÷, आरएस कठेरिया ने अपनी कविताओं को सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। इससे पूर्व धर्मेंद्र व जिला प्रचारक अंकित ने सभी कवियों को अंग वस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया एवं सभी स्वयंसेवक बंधुओं ने एक दूसरे को गुलाल एवं अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रमुख रूप से सम्मानित पदाधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# चोरों ने विद्यालय में नकब लगाकर जरुरी प्रपत्र व सामान किया चोरी



विद्यालय की टूटी दीवार व अलमारी का टूटा लाक

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** कोतवाली पुलिस की सतर्कता एवं गश्त को अज्ञात चोरों द्वारा चुनौती देते हुए न सिर्फ विद्यालय की दीवार में नकब लगाई, बल्कि दरवाजे व सेफ का ताला तोड़कर विद्यालय के प्रपत्र व अन्य जरूरी सामान चोरी कर लिए। पीड़ित शिक्षक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवायी की मांग की है।

नगर के मोहल्ला गोपाल नगर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा कि बीती रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय की दीवार में नकब लगाकर एवं दरवाजे व अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे विद्यालय के रजिस्टर, पुस्तिकाओं सहित अन्य जरूरी सामग्री चोरी कर लिया। प्रधानाचार्य की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## पुलिस ने छेड़छाड़ की घटना के आरोपियों को दी राहत

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** होली त्यौहार पर शराब के नशे में धुत दबंगों ने युवती के घर में घुसकर न सिर्फ छेड़छाड़ की, बल्कि युवती एवं उसकी मां को मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को राहत देते हुए छेड़छाड़ की घटना को मारपीट की घटना में तब्दील कर इतिश्री कर ली। क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़िता द्वारा बताया गया कि विगत 08 मार्च की दोपहर वह अपने घर में थी, तभी शराब के नशे में धुत होकर गांव के ही चार लोग आए और उसके साथ गाली गलौज करते हुए बुरी नियत से छेड़छाड़ करने लगे। उसके द्वारा चीख पुकार मचाने पर बचाव में आई उसकी मां और उसे मारपीट कर घायल कर दियां। पीड़िता चार दिनों से कोतवाली के चक्कर काट रही है, लेकिन पुलिस द्वारा न्याय देने के स्थान पर उसे टरका रही है, जिससे पीड़िता आहत है। पीड़िता ने मामले में उच्चाधिकारियों से मिलकर न्याय मांगने की बात कही है।

# कोल्डड्रिंक कम्पनी के प्रचार-प्रसार कार्यक्रम में अराजकत्तवों ने मचाया उत्पात

- फ्री में कोल्ड ड्रिंक पाने को लेकर चले ईंट पत्थर, जमकर हुई मारपीट
- मौके पर पहुंची पुलिस ने दो युवकों का हिरासत में लिया, अन्य युवकों की तलाश में जुटी पुलिस

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**


पुलिस के सामने युवकों में होती मारपीट — समृद्धि न्यूज

**रविवार** की देर शाम एसबीएस इण्टर कालेज के खेल मैदान में एक कोल्डड्रिंक कम्पनी की ओर से आयोजित हुए कार्यक्रम में उस समय भगदड़ मच गई, जब कुछ युवाओं की टोली कोल्ड ड्रिंक वितरण के दौरान पहले कोल्डड्रिंक पाने की होड़ में आपस में भिड़ गई और जमकर ईट पत्थर चलने लगे और मारपीट होने लगी। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई, लेकिन पुलिस के सामने ही युवकों में काफी देर तक मारपीट होती रही। मारपीट में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने मौके से दो को युवकों को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम कन्नौज-मकरन्दनगर रोड स्थित एसबीएस इण्टर कालेज के खेल मैदान में एक कोल्डड्रिंक कम्पनी द्वारा प्रचार-प्रसार के लिए बड़ी स्क्रीन पर मूवी दिखाने और फ्री में कोल्डड्रिंक वितरित किए जाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कम्पनी के प्रचार-प्रसार के लिए आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में शहर के युवाओं की भीड़ जुट गई। बड़ी स्क्रीन पर फिल्म दिखाने के लिए मैदान में कुर्सियां डाली गई। फिल्म शुरू होते ही आगे की कुर्सियों पर बैठने को लेकर युवाओं में होड़ शुरू हो गई। जिस कारण आपस में गाली-गलौज हुआ। इसी बीच यहां मौजूद युवाओं को कोल्ड ड्रिंक वितरित की जाने लगी। बताया जाता है कि कम्पनी के कर्मचारियों ने युवाओं को लाइन लगाने के लिए कहा तो उनसे भीड़ की नोकझोंक होने लगी। देखते ही देखते गाली गलौज के साथ मारपीट शुरु हो गई और पथराव होने लगा। मामले की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह, एसआई आनंद पांडेय और कला चौकी इंचार्ज आनंद मिश्रा फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए, लेकिन पुलिस के हस्तक्षेप के बावजूद युवकों में मारपीट होती रही। युवाओं ने कुर्सियों से लेकर कम्पनी के कीमती सामान तोड़ दिए। मारपीट में कोल्डड्रिंक कम्पनी के कार्यक्रम मैनेजर सूरज और शोभित समेत आठ लोग घायल हो गए। मैनेजन सूरज ने बताया कि उपद्रव के कारण लाखों का नुकसान हुआ है। पुलिस ने मौके से दो युवकों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई। पुलिस अन्य उपद्रवी युवकों की तलाश कर रही है।

# हत्या के प्रयास में दो को 5-5 वर्ष का कारावास, 55 हजार जुर्माना

- 02 फरवरी 2012 की शाम घटना को दिया गया था अंजाम, सात वर्ष बाद पीड़ितों को मिला न्याय



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नाजायज असलहों से जान से मारने की नियत से फायरिंग के मामले अपर जिला जज ईसी एक्ट न्यायधीश राकेश कुमार ने धारा 307 में गुड्डु, अन्नू को दोषी करार देते हुए 5-5 वर्ष का कारवास व 55 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया। साक्ष्य के अभाव में गुल्लन, विजय कुमारी को दोष मुक्तकर दिया।

जानकारी के अनुसार विगत 7 वर्ष पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम बिहार निवासी प्रदीप कुमार सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि वह 2 फरवरी 2012 की शाम को अपने दरवाजे दुकान पर था। गुड्डु पुत्र श्रीराम मां बहन की भद्दी-भद्दी गाली देने लगा। विरोध करने पर मेरे पड़ोसी अन्नू, गुल्लन, विजय कुमारी ने आकर कहा यह साले हमारे दुश्मन है इन्हें जान से मार दो। गुड्डु, अन्नू ने अपने हाथ मे तमंचा लेकर जान से मारने की निहत से गोली चला दी। शोर गुल की आवाज सुनकर राजीव उर्फ पिंटू, संतोष आ गए और पिंटू, संतोष के गोली लग गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता हरनाथ सिंह, अखिलेश कुमार राजपूत, श्रवण कुमार की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला जज ईसी एक्ट न्यायधीश राकेश कुमार सिंह ने धारा 307 आई.पी.सी. में गुड्डु, अन्नू को दोषी करार देते हुए 5 वर्ष का कारवास व 55 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया। वहीं साक्ष्य के अभाव में गुल्लन, विजय कुमारी को दोष मुक्त कर दिया है।

## महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई संगोष्ठी



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को शक्ति केंद्र सातनपुर में राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मू के लोकसभा में अभिभाषण पर एक संगोष्ठी हुई। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अभय कठेरिया, मुख्य वक्ता डॉ0 मुकेश राठौर, अध्यक्षा रामवीर सिंह चौहान उपस्थित रहे। संचालन मंडल उपाध्यक्ष मनोज राजपूत ने किया। बैठक में सदानंद राठौर, पवन राठौर, मनीष मिश्रा, जीतेन्द्र शाक्य, अमन शाक्य, चंदन शाक्य, नानक राम, राहुल उपाध्याय, सुधीर कटियार आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का हुआ शुभांरभ

आत्म जागरण से जन जागरण तक की यात्रा है राष्ट्रीय सेवा योजना- डॉ0 सुंदर लाल



छात्रा को सम्मानित करते पूर्व चेयरमैन सुनील चक, मौजूद डॉ0 शालिनी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवार कांशीराम राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संचालित विशेष शिविर की शुरुआत पहले दिन गांव निनौआ में प्रभात फेरी निकाल कर की गई। तत्पश्चात महाविद्यालय के दिव्य सभागार में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत, प्रवचन व प्रार्थनाओं से सभागार को आध्यात्मिक किया गया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवक को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, मूल वाक्य तथा इससे संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कॉलेज की प्राचार्य डॉ0 शालिनी ने कहा कि जब मन में प्रश्न उठने बन्द हो जाएं तो समझ लेना चाहिए कि हमारे व्यक्तित्व का विकास भी रुक चुका है। अतः हम सबको एक साथ मिलकर भाई चारे की भावना का प्रचार प्रसार करते रहना चाहिए। मुख्य अतिथि सुनील कुमार चक चेयरमैन कायमगंजए ने कहा कि प्रश्न तभी मन में अंकुरित होते हैं जब हमारा चिंतन गुणात्मक हो। इस मौके पर कॉलेज के प्राध्यापक डॉ0 महेश कुमार, डा0 अनामिका सक्सेना, डॉ0 सुनील कुमार, डॉ0 अमित कुमार, डॉ0 सतेन्द्र कुमार के साथ-साथ किशन पाल, राजेश सागर आदि उपस्थित रहे।

## मारपीट व जानमाल की धमकी का मुकदमा दर्ज

**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** एक युवक के साथ मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव बरमपुरी निवासी मुकेश कुमार पुत्र जयसिंह ने गांव के ही विजय सिंह, मोहन सिंह पुत्रगण अतर सिंह तथा विजय सिंह की मां उर्मिला देवी एवं अनिल पुत्र नामालूम के विरुद्ध लाठी-डंडों से मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि 9 मार्च की रात 9 बजे मुकेश कुमार अपनी बुआ के घर से अपने घर जा रहे थे, तभी उक्त आरोपितों ने उनके साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। जिससे वह घायल हो गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने घायल मुकेश कुमार का सीएचसी मोहम्मदाबाद में मेडिकल कराया। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच अचरा चौकी प्रभारी दलवीर सिंह को सौंपी।

# हाईकोर्ट से साढ़े तीन साल बाद शिक्षा मित्र को मिली जीत, हुई बहाल



विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करती शिक्षामित्र



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक विद्यालय निबिया (वर्तमान में कम्पोजिट स्कूल निबिया) विकास क्षेत्र राजेपुर में सितंबर 2019 में तत्कालीन मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण में शिक्षामित्र हेमलता कुछ देर से उपस्थित हुई थीं। शिक्षिका द्वारा देरी से उपस्थिति होने की बजह को ठीक प्रकार न बताना मुख्य विकास अधिकारी से बहस कहना अनुशासनहीनता की श्रेणी में लिया। जिस पर उन्होंने तत्कल सेवा समाप्त करने का निर्देश दिया। जिस पर 17 सितंबर 2019 को शिक्षामित्र की सेवा समाप्तकर दी गयी। उक्त प्रकरण को शिक्षिका द्वारा उच्च न्यायालय में अपने अधिवक्ता मानबहादुर सिंह के माध्यम से रिट याचिका 19656/2019 योजित कराया गया। इस याचिका में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 19 जनवरी 2023 पारित आदेश में शिक्षिका को समस्त अवशेष देयकों सहित सेवा बहाली का फैसला सुनाया। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनाँक 19.01.2023 के अनुपालन के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा दिनाँक 02.03.2023 को निर्गत आदेश में ग्राम शिक्षा समिति निबिया द्वारा अनुपालन हेतु आवश्यक बैठक आयोजित कर दिनांक 11 मार्च 3023 को आमंत्रण पत्र जारी कर 3 दिन में कार्यभार ग्रहण करने हेतु निर्देशित किया गया। सोमवार को शिक्षिका ने विद्यालय में उपस्थित होकर प्रभारी प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र सिंह के द्वारा कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय की अन्य शिक्षिकाएं बीनू यादव, मीना राठौर, रुचि शुक्ला, सरिता यादव व सेवक योगेन्द्र सिंह उपस्थित रहे ।

# आलू के भाव में उछाल, सरकारी क्रय केंद्र बना एमडी कोल्ड स्टोरेज



आलू की छंटाई करता किसान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सातनपुर आलू मंडी में सोमवार को आलू की आमद बढ़ी। पिछैती आलू की आमद बढ़ने से मंडी में पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। सोमवार को 200 मोटर की आमद रही। सामान्य गड्ड आलू 311 रुपये से लेकर 351 रुपये कुंटल बिका। छट्टा आलू 451 रुपये से 601 रुपये कुंटल की बिकवाली हुई। लिवाली अच्छी होने के कारण किसानों के चेहरे पर खुशी दिखायी दी। पिछले 15 दिन के बाद सोमवार को यह नजारा दिखा कि किसान अपने आलू बेचने के दौरान खुश दिखे। उधर, शासन ने भी आलू की खरीददारी के लिए कई जनपदों को आदेशित किया है। जिसमें फर्रुखाबाद से लेकर आसपास के जिलों में खरीददारी हुई है।

पिछले दिनों आलू की रैक जाने के बाद भाव में कोई खास उछाल नहीं आया। शासन के सख्त कदम उठाये जाने के बाद आलू का भाव पहले से अच्छा हुआ है। एमडी कोल्ड स्टोरेज पपियापुर में आलू का सरकारी क्रय केंद्र चालू हो गया है।

# गौतम अडानी घोटाले व महंगाई को लेकर कांग्रेसियों ने घेरी विधानसभा



विधानसभा का घेराव करते फर्रुखाबाद जनपद के कांग्रेसी

- फर्रुखाबाद से बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने लखनऊ पहुंच किया धरना प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस नेतृत्व के आह्वान पर गौतम अडानी घोटाले एवं महंगाई के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से विधानसभा का घेराव किया। जनपद फर्रुखाबाद से प्रभारी जिलाध्यक्ष मनोज गंगवार व प्रदेश सचिव कौशलेंद्र यादव एवं पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद के नेतृत्व में कर्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में लखनऊ जाकर धरना प्रदर्शन में भाग लिया और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

कांग्रेस नेतृत्व के आह्वान पर धरना प्रदर्शन में जनपद के नेताओं ने भाग लेते हुए महंगाई व अडानी को लेकर जमकर नारेबाजी की और विधानसभा का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। इस मौके पर जिला महासचिव अभिनय गंगवार, पूर्व जिला अध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, डॉ0 दीप्ती सिहं, राजेन्द्र नाणयण मिश्रा, मंयक गंगवार, कश्मीर सिंह, दिलीप सिंह, शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला, वरुण त्रिपाठी, श्रीकृष्ण गौतम, शिवाशीष तिवारी, दीपक मिश्रा, अर्चना राठौर, पूर्व प्रत्याशी इमरान अंसारी, अनिल कठेरिया समेत सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता ने गिरफ्तारी दी।

## तहसील सदर में होली मिलन आज

**फर्रुखाबाद (सं.)।** तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अतर सिंह कटियार के बस्ते पर 14 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन होगा। जिसमें सदर तहसील में कार्यरत अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक सहित सभी लोग शामिल होंगे। यह जानकारी सचिव अतुल कुमार मिश्रा ने बताया होली मिलन में सभी अधिवक्ता के अलावा दस्तावेज लेखक व तहसील कर्मचारी शामिल होंगे।

# गेहूं के खेत में पड़ा मिला नवजात शिशु, थानाध्यक्ष ने अस्पताल में कराया भर्ती



नवजात शिशु के साथ मेरापुर थानाध्यक्ष

**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** रविवार शाम गेहूं के खेत में एक नवजात शिशु पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और नवजात शिशु को अपने कब्जे में लेकर सीएचसी कायमगंज में भर्ती कराया।

थाना क्षेत्र के गांव गनेशपुर व कोला के बीच अचरा सराय मार्ग के किनारे एक गेहूं के खेत में नवजात शिशु (लड़का) साड़ी में लिपटा हुआ पड़ा मिला। नवजात शिशु को देखने के लिए मौके पर काफी लोगों की भीड़ लग गई। नवजात शिशु पड़े होने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मेरापुर थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह ने एसआई धर्मेंद्र सिंह गहलोत व लव कुमार के साथ ने मौके पर पहुंचकर शिशु को अपने कब्जे में लेकर उपचार हेतु सीएचसी कायमगंज में भर्ती कराया। नवजात शिशु की हालत सही बताई जा रही है। नवजात शिशु मिलने से ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। अनुमान लगाया जा रहा है कि नवजात शिशु को किसी अविवाहित युवती ने जन्म दिया होगा। अविवाहित युवती शिशु को कपड़े में लपेट कर खेत में फेंक गई होगी। थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि शिशु का स्वास्थ्य बिल्कुल सही है।

# भाकियू नेता पर दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग जिलाधिकारी से

- प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने की चेतावनी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन भानू गुट ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन एडीएम सुभाष चन्द्र प्रजापति को सौंपा। दिये गये ज्ञापन में किसान हितों की डेढ़ दर्जन मांगे शामिल की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी व उनके साथियों के खिलाफ साजिश करके एसडीएम अमृतपुर ने अपने पेशकार कौशलेन्द्र मिश्रा को वादी बनाकर मुकदमा दर्ज करा दिया। जिसे वापस कराया जाना चाहिए। कहा गया कि एलआईयू इंटेलीजेंस के माध्यम से सभी जानकारियां आम की गई थी। जब कार्यकर्ता तहसील अमृतपुर पहुंचे तो वहां पहले से ही पुलिस मौजूद थी। शांतिपूर्ण तरीके से उपजिलाधिकारी को बुलाने का आग्रह किया गया, लेकिन एसडीएम पदम सिंह नहीं आये। तब तहसील में डाला डालने की बात किसान यूनियन द्वारा कही गई और समय भी दिया गया। इसके बावजूद भी एसडीएम की कार्यशैली में परिवर्तन नहीं आया और सरकारी कार्यो में लापरवाही बरती जाती रही। मजबूरन खाली कार्यालय में ताला डालने का प्रयास किया गया और एसडीएम के साथ बैठकर मामला निपटा भी लिया गया था। ज्ञापन में अवगत कराया गया कि जिन लोगों के आलू कोल्ड मालिकों द्वारा बेंच दिये गये थे। उन्हें भी समझा-बुझाकर अनशन करने नहीं दिया गया था। बावजूद दबाव बनाने के लिए एसडीएम ने झूठा पंजीकृत करा दिया, ताकि कोई किसान हित की आवाज न उठा सकें। इसलिए इसे अविलंब वापस लिया जाना चाहिए। यदि मुकदमा वापस न लिया गया तो किसान यूनियन भानू गुट प्रदेश स्तर पर आंदोलन करेंगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## दबंगों ने नावालिग को मारपीट कर घायल किया

**कमालगंज (सं.)।** कायमगंज थाना क्षेत्र के ग्राम इजौर निवासी रेखा पत्नी श्री कृष्ण ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया मेरे पुत्र आशु एवं दिव्यांशु विगत 3 वर्षो से ग्राम कैटाहा थाना कमालगंज में पिता नन्हें लाल पुत्र रामस्वरूप के पास रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। सोमवार को ग्राम प्रधान रघुनाथ तथा उसके भाई रेनू, नन्हें,बबलू पुत्र गण रामकिशोर ने मेरे बच्चे को मारा पीटा। जिससे बच्चे का सिर फट गया और कहा तुमने मेरे ट्राली की कील चोरी कर ली है। पिटाई के दौरान आशु के सर में और भी कई गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच कर कार्रवाई को को कहा है। पीड़ित परिवार का कहना है कि उक्त लोग दबंग किस्म के हैं। इसलिए उनके डर से पूरा परिवार डरा व सहमा हुआ है।

# टीकाकरण में लापरवाही बरती, तो होगी कार्यवाही



टीकाकरण की जांच करते डॉ0 गौरव वर्मा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** मिशन इंद्रधनुष योजना के तहत जीरो से 5 साल तक के बच्चों के लिए सभी प्रकार की टीके लगाए जा रहे हैं जिसकी तिथि 13 मार्च से लेकर 21 मार्च तक निर्धारित की गई है। सीएमओ का सख्त आदेश है कि इस अवधि के अंदर ही सभी बच्चों का टीकाकरण कर दिया जाए। यदि कोई भी बच्चा टीकाकरण से छूटता है तो संबंधित डॉक्टर व कर्मचारी पर कार्यवाही की जाएगी। इसी संदर्भ में प्रभारी चिकित्साधिकारी अमृतपुर डॉ गौरव वर्मा ने गढ़िया किराचन में हो रहे टीकाकरण को चेक किया तथा आशा को फटकार लगायी। इस दौरान आशिम ने अमृतपुर, कुतलूपुर, आसमपुर में टीकाकरण की जांच की।

# शिक्षक संघ ने समस्याओं को लेकर डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन देने के दौरान डीआईओएस से वार्ता करते शिक्षक नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे ने अपने शिक्षक साथियों के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक से मुलाकात कर शिक्षकों की समस्याओं हेतु 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अवगत कराया गया 31.03.2023 तक जनपद में कितने अध्यापक सेवानिवृत्त हो रहे हैं एवं कितनी पत्रावलियां उप शिक्षा निदेशक कार्यालय प्रेषित की जा चुकी हैं, कितनी अवशेष हैं। विद्यालय स्तर पर अभी तक कितनी पत्रावलियां नई प्राप्त हुई हैं। साथ ही अशोक कठेरिया प्रवक्ता एमआईसी फतेहगढ़, सहायक अध्यापक दिनेशचंद्र मोहन लाल शुक्ला फर्रुखाबाद, सहायक अध्यापक बृजस्वरुप जनता राष्ट्रीय हाईस्कूल फतेहगढ़ का चयन वेतनमान स्वीकृत हेतु पत्रावलियां 8 माह से लम्बित हैं। प्रवक्ता शीलेंद्र सिंह व रस्तोगी कालेज के प्रवक्ता स्व0 दिनेशचंद्र शुक्ला एवं दिनेशचंद्र एमआईसी फतेहगढ़ का प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत हेतु पत्रावलियां विगत एक वर्ष से लम्बित हैं। शिक्षकों, कर्मचारियों के अवशेष बिल लेखाकार प्रियांक दुबे के पास हैं। उनका भुगतान किया जाये। शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की एसीपी की पत्रावलियां लंबित है। एनपीएस योजना से आच्छादित शिक्षकों, कर्मचारियों की कटौती हेतु विद्यालय स्तर पर लेजर बनाने हेतु प्रधानाचार्य को आदेश दिया जाये। रस्तोगी कॉलेज के सहायक अध्यापक संजीव सिंह की मूल सेवा पंजिका पटल सहाक राजीव यादव के पास है। प्रवक्ता पद पर प्रोन्नति हेतु आयी थी। उच्च न्यायालय इलाहाबाद में लम्बित है। इस कारण मूल सेवा पंजिका की आवश्यकता है। वर्ष 2021-22 में शासन द्वारा ग्रीष्म अवकाश में शिक्षकों का समर कैंप का आयोजन किया गया था। ग्रीष्म अवकाश में कार्य करने वाले शिक्षकों को अर्जित अवकाश प्रदान करने हेतु प्रधानाचार्य को आदेशित किया जाये। वर्ष 2022 में परीक्षा मूल्यांकन पारिश्रमिक अभी अधिकांश शिक्षकों को प्राप्त नहीं हुआ है। जिससे शिक्षकों में रोष है। ऐसी स्थिति में बोर्ड परीक्षा 2023 का मूल्यंकन प्रभावित हो सकता है।

चयन बोर्ड से चयिनत प्रधानाचार्यों के शैक्षिक प्रमाण पत्र सत्यापन में विलम्ब के कारण भुगतान नहीं हो सका। सभी शिक्षकों का भुगतान किया जाये। चयन वेतनमान प्रोन्नति प्रकरण कार्यालय में प्राप्त होने के बाद सम्बन्धित पटल सहायक प्रकरण प्राप्ति का रजिस्टर में अंकित किया जाये। मृतक आश्रित नियुक्ति प्रकरणों का निस्तारण किया जाये। इस मौके पर नरेंद्र सोलंकी, सतेंद्र सिंह, संतोष दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री अप्रेन्टिसशिप मेले में 65 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर सोमवार को प्रधानमंत्री अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य राजवीर सिंह की देखरेख में चार कंपनियों ने प्रतिभाग किया। 134 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। कम्पनियों द्वारा 65 अप्रेन्टिसशिप रिक्तियों के सापेक्ष 65 अभ्यर्थियों का शिशिक्षु प्रशिक्षण हेतु चयन किया गया। मेले की व्यवस्था के लिए अलग-अलग काउंटर लगाये गये। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने रोजगार मेले में प्रतिभाग किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने सभी कंपनियों व छात्रों का आभार व्यक्त किया। सभी अभ्यर्थियों ने अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र कंपनियों को दिये। इस दौरान प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुमार, अप्रेन्टिस प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, अनुदेशक बृजेंद्र सिंह, अनुदेशक राजकिशोर महतो व विद्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# कस्तूरबा गांधी के संविदा कर्मियों ने उठायीं मांगें



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कस्तूरबा गांधी के संविदा कर्मचारी

- भारत सरकार द्वारा निर्धारित श्रम कानून के तहत सम्मानजनक वेतन देने की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चतुर्थ श्रेणी संविदा कर्मचारी यूनियन ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

ज्ञापन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के हित की मांगे शामिल की गई। सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया कि कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में तैनात कर्मचारियों के साथ में भेदभाव किया जाता है। उनके लिए न कोई बीमा है, न ही उनका वेतन बढ़ाया गया। अन्य संविदा कर्मचारियों की तुलना में कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के कर्मचारियों का मानदेय कम है। उस पर भी प्रेरणा एप पर हाजिरी न लगाने पर मानदेय काट लिया जाता है। ऐसी परिस्थिति में मांग की गई कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित श्रम कानून के तहत सम्मानजनक मानदेय दिया जाये। रसोइयों का बीमा कराया जाये। वेतन की विसंगतियों को दूर किया जाये। अन्य कर्मचारियों की तरह ही मानदेय में 24 प्रतिशत की वृद्धि की जाये। प्रेरणा एप पर कर्मचारियों की उपस्थिति की अनिवार्यता समाप्त की जाये। इंटरमीडिएट विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को मानक के अनुरुप रखा जाये। पिछले दिनों जो मानदेय काटा गया है उसका भुगतान कराया जाये। निर्धारित योग्यताधारी कर्मचारियों को प्रोन्नति किया जाये। रसोईयों के लिए अलग से कक्ष का निर्माण कराया जाये। ताकि काम समाप्त होने के बाद रसोईयां विश्राम कर सके आदि मांगें शामिल हैं। रसोइयों ने कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गयीं, तो वह आंदोलन करेंगी। ज्ञापन पर स्नेहलता वर्मा, नन्ही सक्सेना, द्रोपा देवी, राजीव कुमार, अरुण, मदीन बेगम, संतोषी, कमलेश कुमारी, रुपाली, रीता, सुमन, सावित्री, संजना, अरविन्द कुमार, नीरज, वैभव आदि के नाम शामिल है।

# पेट दर्द से पीड़ित अधेड़ की हालत बिगड़ी, मौत

- परिजनों ने झोलाछाप के कम्पाउन्डर पर लगाया गलत उपचार करने का आरोप
- सीएचसी में डाक्टर ने किया मृत घोषित


अस्पताल में रोते बिलखते मृतक के परिजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** झोलाछाप के कम्पाउन्डर द्वारा गलत इंजेक्शन लगा देने से अधेड़ की हालत बिगड़ गयी। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने कम्पाउन्डर पर गलत उपचार करने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा निवासी रज्जन उम्र 50 वर्षीय पुत्र रामेश्वर दयाल के परिजनों अनुसार वह हाल में मोहल्ला चिलौली में लगभग 7 महीने से अपनी बेटी नीलम पत्नी अनिल कुमार के यहाँ रह रहे थे। बीते दिन वह अपनी पत्नी मुन्नी देवी के साथ अपने भाई हरीबाबू पुत्र जयन्ती निवासी चिलाकां की होली उठाने आये थे। रविवार को नीलम के अनुसार रज्जन के पेट में तेजी से दर्द होने लगा। जिस पर पत्नी मुन्नी उनको साथ लेकर दवा लेने के लिए दत्तू नगला स्थित रेलवे रोड पर झोलाछाप डॉक्टर अजय के यहाँ गई थी। डाक्टर के न होने पर उनके कम्पाउन्डर ने कहा कि डाक्टर नहीं हैं, क्या परेशानी है। जिस पर पत्नी मुन्नी ने बताया कि मेरे पेट में दर्द हो रहा है। कम्पाउन्डर ने मेडिकल स्टोर से इंजेक्शन मंगवाया और कूल्हे में लगा दिया और कुछ ही देर बाद एक खुराक दवा पिला दी। उसके बाद भी दर्द बन्द नहीं हुआ। जिस पर कम्पाउन्डर ने दूसरा इंजेक्शन उनकी बांह में लगा दिया और दवा खिला दी। इसके बाद परिजन रज्जन को लेकर घर चले गये। कुछ देर बाद उसे उल्टी होने लगी।

घबराये परिजन दोबारा झोलाछाप डाक्टर के पास पहुंचे। कम्पाउन्डर ने कहा कि इनके गैस की वजह से उल्टी हो रही है, बन्द हो जायेगी, तभी परिजन आनन-फानन में नगर के सरकारी अस्पताल में लेकर आये। जहां डाक्टर अमरेश कुमार ने रज्जन को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। वहीं मृतक की पत्नी मुन्नी ने कम्पाउन्डर द्वारा गलत उपचार करने का आरोप लगाया।

## ससुरालियों ने महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** आरती देवी पति शिवम गौतम निवासीह्य ऊवरीखेड़ा खुदागंज ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि पति शिवम व सास शिवदेवी, ससुर, जेठानी रेखा, जेठ मनोज, चचिया सास लछ्मी देवी, चचिया ससुर छोटेलाल आदि ने अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपए की मांग की। असमर्थता जताने पर उपरोक्त लोगों ने मारपीट कर गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया और घर से निकाल दिया। थाने पहुंचकर महिला ने शिकायत की। पुलिस ने पीड़िता का डाक्टरी परीक्षण कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। थाना प्रभारी अमरपालसिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# तालाब में कीटनाशक डालने से लाखों रुपये की मछलियां मरीं

- मछली पालक ने पुलिस को दी तहरीर


तालाब के किनारे पड़ीं मृत मछलियां

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** गांव बलीपुर स्थित तालाब में अज्ञात व्यक्ति ने कीटनाशक दवा डाल दी। जिससे मछली पालकों की लाखों रुपये की मछलियां मर गई। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बलीपुर निवासी मनकू गांव के पास स्थित तालाब में मछली पालन करते हैं। बीती रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने तालाब में कीटनाशक दवा डाल दी। जिससे लाखों रुपए की मछलियां मर गई। सुबह जब मनकू तालाब पर पहुंचा तो मछलियां मर चुकी थी। पीड़ित मनकू ने बताया कि मछलियां मरने से लगभग 5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उसने बताया कि गांव का यह सरकारी तालाब है, जिसे उन्होंने 10 साल के लिए मछली पालन के लिए पट्टे पर लिया है। फिलहाल घटना की लिखित तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी। पीड़ित ने मरी हुई मछलियों को गड्ढा खोदकर मिट्टी में दफना दिया।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने भाइयों को पीटा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नैगमा निवासी राहुल कुमार पुत्र शोभाराम ने गांव के ही राकेश कुमार, मकरंद सिंह, जय नरेंद्र, जागेश, कश्मीर पुत्र रामेश्वर दयाल तथा रामकुमार पुत्र मकरंद सिंह, ललित कुमार पुत्र राकेश कुमार, विक्रम पुत्र कश्मीर सिंह सहित नौ लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहां कि आरोपीगणों द्वारा अकारण गाली-गलौज किया गया। विरोध करने पर मारपीट की गई। आरोप है अगले दिन सभी आरोपियों ने नाजायज असलहों व लाठी-डंडों से मारपीट की। बीच-बचाव करने आए भाई राम लखन को भी जमकर पीटा।

शोर मचाने पर आरोपी अंजाम भुगतने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगायी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना का मुकदमा दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरु कर दी है।

# मार्ग दुर्घटना में मरीं दो चचेरी बहनों का नम नेत्रों के बीच अंतिम संस्कार

- गमगीन बना रहा क्षेत्र का माहौल, जगह-जगह घटना के बारे में होती रहीं चर्चाएं
- खानापूर्ति कर अस्पताल से घायलों की कर दी गई छुट्टी, दबाव पड़ने पर गांव पहुंची टीम


गांव में घायलों का उपचार करती चिकित्सीय टीम

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** अन्नप्राशन से वापस आते वक्त ट्रैक्टर पलट जाने से दो चचेरी बहनों की हुई मौत के बाद दो बेटियों का ढाईघाट पर नमनेत्रों के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना को लेकर क्षेत्र में मातम का वातावरण बना रहा। वहीं गंभीर रुप से घायल महिला का सैफई में इलाल चल रहा है। उधर घायलों को अस्पताल में भर्ती न करके उन्हें घर भेज दिया गया। जहां उनकी हालत काफी बिगड़ गई। सूचना मिलने पर मेजर एस0डी0 सिंह पी0जी0 आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल के चेयरमैन डा0 जितेन्द्र यादव के प्रतिनिधि के रुप में प्रशांत अवस्थी घायलों के परिवारों से जाकर मिले और उनकी हालत के बारे में सरकारी डाक्टरों को बताया। तब डाक्टरों व सहयोगियों ने गांव पहुंचकर घायलों का इलाज शुरु किया।

बताते चले कि ट्रैक्टर पलटने की घटना में सोम्या पुत्री बुद्धराम एवं सभ्या पुत्री सिद्धराम की मौत हो गई थी व 25 लोग घायल हो गये थे। जिनमें से 8 को लोहिया अस्पताल भेजा गया था व मृतका सभ्या की माता सहित चार को सैफई के लिए रेफर कर दिया गया था। सोम्या कक्षा 10 की छात्रा थी। वहीं सभ्या प्राइमरी पाठशाला में कक्षा दो की छात्रा थी। बताया जा रहा है कि सभ्या की माता गीता देवी की भी हालत नाजुक बनी हुई है, उनका सैफई में इलाज चल रहा है। रोशनी पुत्री अर्जुन, अक्षय कुमार पुत्र नीरज, कीर्ति पुत्री अरविंद, गीता देवी पत्नी सिद्धाराम छह का लोहिया में इलाज चल रहा है। अर्चना पुत्री धनीराम, आंसी पुत्री सरवन, सोनी पुत्री सिद्धाराम, ध्रुवतारा पुत्री नकुल, लक्ष्मी देवी पत्नी बेचेलाल, लॉन्गश्री पत्नी लोकराम को राजेपुर सीएचसी से सिर्फ खानापूर्ति करके चलता कर दिया गया। ऐसी दवाइयों का इस्तेमाल किया गया कि जिससे बच्चों की चोंटे बिगड़ जाने की संभावना पैदा हो गई। खुशबू पुत्री गुड्डू, रजनी पुत्री गुड्डू अनुजा पुत्री अरविंद, अंजलि पुत्री सिद्धाराम, रागिनी पुत्री देवेंद्र, मोनी पुत्री शैलेंद्र, शीला पत्नी रामशंकर, रंजना पुत्री धनीराम, शशि पुत्री चमकेश, जूली पुत्री बलवीर, रेखा पुत्री मुनीम, एमपी पुत्री आलस, नैंसी पुत्री विद्याराम, गोल्डी पुत्री विनोद, गायत्री पुत्री विनोद, मेनकी पुत्री केसराम, सेनकी पुत्री श्याम सिंह की छुट्टी कर दी गई। छुट्टी किए गए मरीजों का अमृतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉ0 गौरव वर्मा व उनकी टीम ने गांव में कैम्प लगाकर सभी घायलों का इलाज किया गया। जो घायल कैम्प तक नहीं पहुंच सके। उन्हें डॉक्टर गौरव वर्मा ने उनके घर पर जाकर ही इलाज किया। इस दौरान पवन कुमार एलटी, अनुराग सिंह सहायक, अमन गुप्ता फार्मासिस्ट ट्रेनिंग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बताया कि कल गांव में तीन अलग-अलग बच्चों के अन्नप्राशन के कार्यक्रम थे गांव से तीन ट्रैक्टर जगदीशानन्द आश्रम पर अन्नप्राशन कराने गए थे। जिसमें दो ट्रैक्टर पहले ही चले आए थे।

## तीन महिलाओं सहित 11 पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** लक्ष्मी पत्नी पिंकू निवासी ग्राम रामपुर मझगांव ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 12 मार्च की शाम 7 बजे पति पिकू और जेठ जीतू, देवर रिंकू, सास सुनीता एवं ससुर पंकज एवं मौसी सास शिल्पी, मौसा ससुर करन निवासी रामपुर माझगांव, राहुल, अंशुल पुत्र नामालूम उपयुक्त लोगों ने मेरे साथ लाठी-डंडों से मारपीट की एवं गाली-गलौज की। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उपरोक्त लोग बीते 15 दिनों से मारपीट करते चले आ रहे है और कमरे में बंद कर देते है और खाना तक नहीं देते है। रविवार को ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने तीन महिलाओं सहित 11 ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# दबंगों ने वृद्ध पर तमंचा व हंसिये से बोला जानलेवा हमला

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने पूर्व प्रधान के पिता के साथ गाली-गलौज कर तमंचा, हंसिया व फावड़ा से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नैगमा निवासी पूर्व ग्राम प्रधान विवेक कुमार पुत्र परशुराम ने गांव के ही नीरज, अशोक कुमार, शीशराम, राजीव कुमार, संजीव कुमार एवं राहुल कुमार सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा था उसके पिता परशुराम कृषि कार्य के लिए खेतों की ओर जा रहे थे। रास्ते में घात लगाए बैठे आरोपियों ने घेरकर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने नाजायज तमंचे के अलावा हंसिया, फावड़ा एवं डंडों से हमला कर घायल दिया। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने सभी आरोपियों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। शमशाबाद थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 323, 325 तथा 506 आई.पी.सी. के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

## गुमशुदी की दी तहरीर

**फर्रुखाबाद (सं.)।** मऊदरवाजा क्षेत्र के नगला खैरबंद निवासी चंचल शाक्य पुत्र अमर सिंह ने अपने पिता की गुमशुदगी की तहरीर पुलिस को दी। दी गई तहरीर में कहा गया कि उसके पिता अमर सिंह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। सुबह वह खेत की तरफ गये, लेकिन वह वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। रिश्तेदारों के यहां भी मालूम किया, लेकिन कोई पता नहीं चल सका।

# संहिता के इर्द-गिर्द ही घूमता है आयुर्वेद का अध्ययन

- शिक्षो पनयन संस्कार का तीसरा दिन
- नव प्रवेशित छात्रों ने संहिता सिद्धान्त और अगदतंत्र विभाग का भ्रमण किया


छात्र-छात्राओं को संबोधित करते चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेजर एस0डी0 सिंह पी0जी0 आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में नव प्रवेशित बी0ए0एम0एस0 बैच 2022 के छात्र-छात्राओं ने शिक्षोपयन संस्कार के तीसरे दिन संहिता सिद्धान्त विभाग और अगद तंत्र एवं व्यवहार आयुर्वेद विभाग का भ्रमण किया और गुरुजनों से विभाग के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के तीसरे दिन छात्र-छात्राओं को संहिता सिद्धान्त और अगद तंत्र एवं व्यवहार आयुर्वेद विभाग के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। संहिता सिद्धान्त विभाग के लेक्चरर डॉ0 मुकेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि संहिता आयुर्वेद का मूल है। उन्होंने कहा कि आप आयुर्वेद के किसी भी विभाग का अध्ययन कर रहे हो उसके ही मूल्य में संहिता ही होती है। संहिता सिद्धान्त विभाग के डॉ0 रवि शंकर मौर्य ने छात्र-छात्राओं को संहिता सिद्धान्त विभाग का भ्रमण कराया और ऋषिचरक सहित अन्य ऋषियों के बारे में बताया। डॉ0 आनन्द बाजपेयी ने छात्र-छात्राओं को अगदतंत्र विभाग का भ्रमण कराया। विभागाध्यक्ष डॉ0 विजय मोहन गुप्ता ने बताया कि दुर्घटनावश जितनी भी मृत्यु होती हैं, चाहे वह गोली मार कर हो या फांसी लगाकर, उसका अध्ययन अगदतंत्र विभाग के अन्तर्गत ही आता है। इस मौके पर अगदतंत्र विभाग के लेक्चरर डॉ0 संकल्प सिंह भी उपस्थित रहे। इससे पूर्व काय चिकित्सा के प्रोफेसर डॉ0 देवाशीश बिस्वाल ने कहा छात्र-छात्राएं आयुर्वेद को जितनी रूचि से पढ़ेंगे उतना ही अच्छा लगेगा। उन्होंने बच्चों की मोटीवेशनल क्लास ली। क्रिया शारीर की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ0 अंजना दीक्षित ने पर्सनॉलिटी डवलपमेंट पर व्याख्यान दिया। प्राचार्य डॉ. जॉली सक्सेना ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरी मेहनत से पढ़ाई करे तो आयुर्वेद आसान हो जायेगा और सभी बच्चे उद्देश्य को प्राप्त कर सकेंगे। साढ़े पांच साल समय अति महत्वपूर्ण है। इसका सदुपयोग करें। महाविद्यालय के डीन डॉ0 सुनील कुमार गुप्ता, डॉ0 अंकुर सक्सेना आदि ने भी छात्रों को व्याख्यान देकर प्रेरित किया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाहः 134 जोड़े एकदूजे के हुए, डीएम ने दिया आशीर्वाद

- दो निकाह भी हुए सम्पन्न
- नव दंपति जोड़ों को दिये गये उपहार व घर गृहस्थी का सामान


मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह को सम्बोधित करते डीएम


मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में एक दूसरे को वरमाला पहनाते वर-वधू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** क्रिश्चियन ग्राउंड में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत धूमधाम से सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष, समाज कल्याण अधिकारी आदि ने नव वर वधु पर पुष्प वर्षा कर अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित कर निर्धन कन्याओं के विवाह हेतु एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुये उनका विवाह सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी भी सरकार ने ली है। इस योजना के माध्यम से वर्ष 2017-18 से वर्ष अब तक 2209 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया जा चुका है। जिसमें ग्यारह करोड़ छब्बीस लाख उनसठ हजार की धनराशि व्यय की जा चुकी है। प्रत्येक कन्या के विवाह पर शासन द्वारा रू0 51000.00 प्रति जोड़े पर व्यय किये जाने की व्यवस्था की गई है। जिसमें रू0 35000.00 कन्या के बैंक खाते में तथा रू0 10000.00 की उपहार सामग्री, जिसमें चांदी की पायल, चांदी की बिछिया, वर एवं कन्या के लिये वस्त्र एवं वर्तन आदि उपहार स्वरूप प्रत्येक विवाहित जोड़े को दिये जाते हैं। इसके अतिरिक्त रू0 6000.00 प्रति जोड़े के आयोजन पर व्यय किया जाता है। जिसमें पांडाल, फर्नीचर, सजावट, फोटोग्राफी, खानपान आदि की व्यवस्था की जाती है। यह योजना ऐसे निर्धन परिवारों के लिये है जिनकी पुत्रियों की आयु 18 से अधिक है तथा अपनी पुत्री के विवाह करने में आर्थिक कठिनाई महसूस करते हैं। उनके लिये यह योजना वरदान साबित हो रही है। इन कन्याओं के सामूहिक विवाह के अवसर पर कार्यक्रम में जनपद के गणमान्य व्यक्ति, जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं पत्रकार बन्धुओं की उपस्थिति में यह पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न कराया गया। इस योजना का सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु यह भी है कि इसमें अविवाहित कन्याओं के विवाह कराने के साथ-साथ विधवा एवं तलाकशुदा महिलाओं को भी लाभान्वित किया जाता है। सोमवार को अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के माध्यम से सामूहिक विवाह का आयोजन कराया गया। जिसमें कुल 144 जोड़े पंजीकृत किये गये थे। जिसमें कुल 134 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें दो निकाह हुए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले सभी वर-वधू को बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रविन्द्र सिंह, खंड विकास अधिकारी नवाबगंज, खंड विकास अधिकारी कमालगंज, व्यपारी नेता संजय गर्ग मौजूद रहे।

## दो मासूम छत से गिरकर घायल, भर्ती

**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग स्थानों पर दो मासूम छत से गिरकर घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। कम्पिल क्षेत्र के गाँव बहलोलपुर निवासी दुर्विजय सिंह का 4 वर्षीय पुत्र अनमोल व क्षेत्र के गाँव त्योरखास निवासी चन्दन की 2 वर्षीय पुत्री अन्नू दोनों छत से गिरकर गंभीर घायल हो गये। दोनों के परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# खबरें चलते-चलते

## नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम आज

**फर्रुखाबाद (सं.)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय जेएनवी रोड पर नारी सशक्तिकरण समारोह नारी सशक्तिकरण सप्ताह के अन्तर्गत 14 मार्च को शाम 4 बजे से होगा। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विधायक सदर की पत्नी अनीता द्विवेदी होगी व संरक्षक के तौर पर समाजसेवी चिकित्सक डा0 रजनी सरीन मौजूद रहेगी। यह जानकारी देते हुए केंद्र संचालिका बीके सुमन ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य वक्ता राजयोगिनी बीके कमल होगे।

## तीन लोगों ने पिया जहर

**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग स्थानों पर कम्पिल क्षेत्र के गाँव केरई निवासी सोनी, नगर से सटे गाँव प्रेम नगर निवासी मंशा देवी व नगर के सब्जी मंडी निवासी संदीप सक्सेना तीनों ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर तीनों के परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद तीनों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## मार्ग दुर्घटना में दो घायल

**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में क्षेत्र के गाँव रायपुर खास निवासी इरशाद व थाना मेरापुर के गाँव नौली निवासी अरविन्द घायल हो गये। दोनों घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद इरशाद को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## गर्भपात कराने पर बिगड़ी तबियत, मौत

**कंपिल (सं.)।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला चार महीने की गर्भवती थी। रविवार देर शाम महिला की तबियत बिगड़ गयी। महिला के परिजन उसको कायमगंज के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां वार्ड व्याय ने महिला का अबार्शन कर दिया। जिससे महिला की हालत बिगड़ गयी। स्वजन महिला को लोहिया ले गए। जहां डॉ0 ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्वजन शव लेकर घर चले गए। स्वजनों ने बिना कार्यवाई किये शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## वृद्ध ने किशोरी के साथ किया दुष्कर्म का प्रयास, गिरफ्तार

**कायमगंज (सं.)।** टीवी दिखाने के बहाने वृद्ध ने किशोरी के साथ जबरियन दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर उसे धमकाया। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव अरियारा निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि रविवार को वह कायमगंज बाजार गयी थी। उसकी 18 वर्षीय व 16 वर्षीय दो पुत्रियां घर पर थी। उसकी पुत्री भाभी के बच्चे को टहलाने के लिए घर से बाहर चली गई, तभी पड़ोस के 60 वर्षीय प्रेमचन्द्र पुत्र स्व0 जागन सिंह ने टीवी चला दी तो घर पर मौजूद पीड़िता की पुत्री टीवी देखने के लिए उसके घर चली गई। प्रेमचन्द्र ने पीड़िता की पुत्री को बुरी नियत से पकड़ लिया और दुष्कर्म का प्रयास किया। जब दूसरी पुत्री घर पर आयी और उसकी बहन घर पर नहीं थी और काफी देर तक घर वापस नहीं लौटी तो पीड़िता की दूसरी पुत्री ढूंढने लगी। पड़ोस के घर से रोने की आवाज आयी तो उसने बंद दरवाजे में लात मारी, जिससे दरवाजा खुल गया। इस पर आरोपी ने दूसरी पुत्री के थप्पड़ मार दिया। पीड़िता की दोनों पुत्रियां घर आ गयी और आपबीती सुनाई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी प्रेमचन्द्र को गिरफ्तार कर लिया।

## आशाओं को स्वास्थ्य कर्मचारी की मान्यता देने की मांग

**फर्रुखाबाद (सं.)।** उत्तर प्रदेश आशा वर्कस यूनियन के तत्वाधान में आशा बहुओं ने एकत्र होकर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति को सौंपा। जिसमें आशा बहुओं ने वेतन भुगतान प्रणाली में परिवर्तन करने की मांग की और कोषागार से वेतन भुगतान कराने की बात कही और इसके साथ ही आवश्यक सभी लाभ आशाओं को दिलवाने की मांग उठायी। कहा गया कि वकायों का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। भुगतान तुरन्त कराया जाये। आशा कर्मियों को स्वास्थ्य कर्मी के रुप में मान्यता दी जाये। उन्हें पेंशन व ग्रेच्युटी मिले। भविष्य निधि, पीपीएफ का भी भुगतान किया जाये। दुर्घटना आदि में पीड़ित को 20 लाख का मुआवजा दिया जाये। जीवन बीमा कवर दिया जाये। राज्य कर्मचारी नियमावली के अनुरुप सभी लाभ दिये जाये। मोबाइल के जरिए आयुष्मान कार्ड बनाने और डेटा फीडिंग का आदेश वापस लिया जाये। आशा कार्यकत्री मोबाइल वापस करने के लिए तैयार है। भुगतान के नाम पर होने वाली लूट बंद की जाये, आशा के लिए विश्रामग्रह का निर्माण कराया जाये। इसके साथ ही सभी चिकित्सालयों में मरीज व उनके तीमारदारों से की जाने वाली उगाही को रोकने के लिए प्रभावित कदम उठाये जाये। ज्ञापन देने वाली आशाओं में मिथलेश सोलंकी, रंजीता गिहार, विनीता त्रिवेदी, विमला देवी, अनीता देवी, रिन्की, देवेन्द्री, सरस्वती, सुनीता, नीलम, रुचि, लता, रीना सहित तमाम लोगों के नाम शामिल है।

## दबंगों ने दलित परिवार को घर में घुसकर पीटा

### रिपोर्ट न लिखी गई तो 24 मार्च से करेंगे आमरण अनशन

**फर्रुखाबाद (सं.)।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक दोनों अधिकारियों को संयुक्त रुप से संबोधित शिकायती पत्र में नगर के मोहल्ला भाऊटोला मोहम्मद अमीन खां निवासी लक्ष्मी पत्नी ओमप्रकाश ने कहा कि उसके मोहल्ले के दबंग मिथुन, नीरज, सनी व मुकेश पुत्रगण रामबाबू, रामलली पत्नी रामबाबू पीड़िता के परिवार को भगाकर उसके मकान पर कब्जा कर लेना चाहते है। इसी के चलते 8 मार्च को यह लोग पीड़िता के घर में घुस आये और जातिसूचक गालियों का प्रयोग करते हुए घर छोड़कर भाग जाने की बात कही। जब पीड़िता ने मना किया तो दबंगों ने पीड़िता के पुत्रों पंकज, हिमेश व पीड़िता को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के पुत्रों के गंभीर चोंटे आयी है। पीड़िता ने कहा कि वह बाल्मीकि जाति की है। पीड़िता ने यह भी कहा कि यदि पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं करती है तो मजबूरन उसे जिलाधिकारी कार्यालय के सामने परिवार सहित आमरण अनशन पर बैठना होगा। पीड़िता ने कहा कि 24 मार्च से यह आमरण अनशन शुरु होगा।